


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात: किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




**11 हिटमैन बोले हम जीत सकते हैं भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, सन्यास ...**

**अमेरिका ने ड्रैगन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा- छिपकर यूक्रेनी लोगों के ... 12**


वर्ष : 14 | अंक : 333 | नई दिल्ली, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

## संक्षिप्त खबरें

### 19 को किशनगंज और कटिहार में सभा करेंगे खड़गे

पटना। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आगामी 19 अप्रैल को बिहार के एकदिवसीय चुनावी दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे किशनगंज और कटिहार में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आम सभा करेंगे। बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे किशनगंज में पार्टी प्रत्याशी डॉ मोहम्मद जावेद और कटिहार में राजेंद्र स्टेडियम में पार्टी प्रत्याशी तारिक अनवर के पक्ष में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान बिहार कांग्रेस के प्रभारी मोहन प्रकाश और प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह भी उनके साथ दौरे पर रहेंगे।

### 10 साल में बिहार के लिए क्या किया ? : तेजस्वी

पटना। लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। कोई अपनी उपलब्धियों से जनता को अवगत करा रहा है, तो कोई अपने प्रतिद्वंदी को आड़े हाथों ले रहा है। इस बीच, पटना पहुंचे राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने मीडिया से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान जहां अपनी सरकार की उपलब्धियों से जनता को वाकिफ कराया, वहीं दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना की। उन्होंने कहा कि हमने सत्ता में रहने के दौरान हर क्षेत्र को विकसित करने की दिशा में काम किया है। सत्ता में रहते हुए हमने लाखों युवाओं को नौकरियां दीं, मानदेय बढ़ाया। जाति आधारित जनगणना कराई। आरक्षण की सीमा को बढ़ाया। तेजस्वी ने आगे कहा कि बिहार में पहली बार 50 हजार करोड़ के निवेश का एमओयू साइन हुआ है। यह उनको जंगल राज नजर आ रहा है, तो मैं क्या कर सकता हूं ? हम लोग को गाली देने के बजाए 10 साल में उन्होंने जो वादा किया था, वह बिहार के लिए क्या किया ? उनके मेनिफेस्टो में बिहार का जिक्र क्यों नहीं है ? प्रधानमंत्री ने केवल चार चीज -बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी और जुमलेबाजी दी है। इससे पहले प्रधानमंत्री मंगलवार को गया और पूर्णिया में थे, जहां उन्होंने एनडीए के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया।

### ओडिशा में बस ओवरब्रिज से गिरी, 5 की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा के जाजपुर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-16 पर सोमवार शाम एक बस के ओवरब्रिज से गिर जाने से एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 55 यात्रियों को ले जा रही बस पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के हल्दिया जा रही थी। बस के चालक ने कथित तौर पर नियंत्रण खो दिया और वाहन रसूलपुर क्षेत्र में रात करीब 8 बजे जाजपुर के बाराबती चौक के पास ओवरब्रिज से नीचे गिर गया। सूचना मिलने पर रसूलपुर और चंडीखोल फायर स्टेशनों से अग्निशमन सेवा कर्मी तुरंत दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पीड़ितों को बचाया। दमकल कर्मियों ने गैस कटर की मदद से घायलों को बस से निकाला। बचाव अभियान में 16 एम्बुलेंस और क्रेन का इस्तेमाल किया गया।

# यूपीएससी सिविल सेवा 2023 के परिणाम घोषित, आदित्य श्रीवास्तव ने हासिल किया प्रथम स्थान

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2023 के नतीजे घोषित कर दिये, जिसमें आदित्य श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान हासिल किया है। अनिमेष प्रधान और डोनुरु अनन्या रेड्डी ने क्रमश दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को यह घोषणा की। श्रीवास्तव ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग को चुना था। यूपीएससी द्वारा मंगलवार को घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2023 के परिणामों के अनुसार, श्रीवास्तव ने कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। यूपीएससी के मुताबिक, राउरकेला स्थित एनआईटी से कंप्यूटर विज्ञान में स्नातक अनिमेष प्रधान ने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में समाजशास्त्र को चुना था और उन्होंने परीक्षा में दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस से भूगोल में स्नातक की पढ़ाई करने वाली डोनुरु अनन्या रेड्डी परीक्षा में तीसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने अपने वैकल्पिक विषय के रूप में मानव विज्ञान को चुना था। यूपीएससी ने कहा कि कुल 1,016 अभ्यर्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की और केंद्र सरकार की विभिन्न सेवाओं के लिए उनकी सिफारिश



की गई है। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का चयन करने के लिए यूपीएससी हर वर्ष तीन चरणों में. प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार में सिविल सेवा परीक्षा आयोजित करता है। यूपीएससी ने बताया कि शीर्ष पांच स्थानों पर तीन पुरुष और दो महिलाएं हैं जिन्हें कामयाबी मिली। पी. के. सिद्धार्थ रामकुमार और रुहानी ने सिविल सेवा परीक्षा में क्रमश चौथा और पांचवा स्थान हासिल किया। शीर्ष 25 अभ्यर्थियों में 10 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। सफल अभ्यर्थियों में 30 दिव्यांग (16 अस्थिबाधित, छह दृष्टिबाधित, पांच श्रवणबाधित और तीन बहुदिव्यांग) भी शामिल हैं।

**पीएम मोदी ने सफल अभ्यर्थियों को दी बधाई:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिविल सेवा परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों को बधाई दी है। कहा कि उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे राष्ट्र के भविष्य को आकार देंगे। पीएम मोदी सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में असफल रहे अभ्यर्थियों के लिए भी अपने संदेश में कहा कि उन्हें भविष्य में सफल होने के मौके मिलेंगे और भारत में अवसरों की कमी नहीं है जहां उनकी प्रतिभा सच्चे अर्थों में चमक सकती है। उन्होंने कहा, मैं सिविल सेवा परीक्षा, 2023 को सफलता पूर्वक उत्तीर्ण करने वाले सभी अभ्यर्थियों को बधाई देता हूं। उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ता और समर्पण रंग लाया है, जिससे सार्वजनिक सेवा में उनके आशाजनक कॅरियर की शुरूआत होगी। उनके प्रयास आने वाले समय में हमारे देश के भविष्य को आकार देंगे। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा, जो लोग सिविल सेवा परीक्षा में अपेक्षित सफलता अर्जित नहीं कर पाए हैं, उनसे मैं कहना चाहता हूं कि विफलताएं मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन याद रखिए कि यह आपकी यात्रा का अंत नहीं है। भविष्य में परीक्षाओं में सफलता के अवसर मिलेंगे। लेकिन भारत उससे भी परे अवसरों का देश है जहां आपकी प्रतिभा सच्चे अर्थों में चमक सकती है। परिश्रम करते रहिए और अपार संभावनाएं तलाशते रहिए। आप सभी को शुभकामनाएं।

**पीएम मोदी ने बिहार के गया व पूर्णियां में चुनावी सभा को किया संबोधित**

# बाबा साहब खुद भी संविधान को नहीं बदल सकते तो हमारी हिम्मत कैसे ? : मोदी

## संविधान बदलने का डर दिखाने वालों पर पीएम मोदी का वार

प्रात: किरण

गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए विरोधियों के संविधान बदलने का डर दिखाने वालों पर जमकर सियासी हमला बोला। उन्होंने विरोधियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आपके लिए संविधान राजनीति करने का हथकंडा हो सकता है लेकिन मेरे लिए आस्था और श्रद्धा है। उन्होंने कहा कि जो लोग संविधान को चुनावी हथियार बनाना चाहते हैं, वो समझ लें कि जिस तरह आपने नैरेटिव सेट किए हैं, बीते 25-30 साल से पुराने रिकॉर्ड घुमा रहे हैं, वे झूठ फैलाते हैं।

लिखकर रख लीजिए भाजपा और मोदी क्या खुद भीमराव अंबेडकर जी आ जाएं तो वे भी संविधान को नहीं बदल सकते। उन्होंने कहा कि देश के महान लोगों ने संविधान का निर्माण किया है, जो लोग सनातन को गाली देते हैं, वह भी सुन लें कि ये संविधान बनाने के लिए संविधान सभा में 80 से 90 फीसदी से ज्यादा सभी सनातनी थे। उन सभी ने बाबा साहेब आंबेडकर का साथ दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले 30 साल से अनेक राज्यों में हमारी सरकार है। इस देश



को सबसे ज्यादा शांति का समय हमारे कालखंड में मिला है। ये लोग कहते थे, भाजपा वाले पुराणपंथी लोग हैं, हमने दिखा दिया कि चंद्रयान पर जाने की ताकत किसमें है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संविधान को हथियार के रूप में नहीं बल्कि श्रद्धा के तौर पर लिया जाना चाहिए। लेकिन कुछ लोगों ने संविधान का राजनीतिकरण करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ये प्रस्ताव लाई कि देश में संविधान दिवस बनाना चाहिए, तब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसका विरोध किया था। उन्होंने कहा था कि 26 जनवरी तो है ही, संविधान सभा की क्या जरूरत ? हमने संविधान को हर स्कूल में पढ़ाने की कोशिश की।

**जिसे किसी ने नहीं पूछा, उन्हें हम पूज रहे हैं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को बिहार के सीमांचल इलाके के पूर्णिया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए किसान, युवा की बात की तो सीमांचल में अवैध घुसपैठ को भी उठाया। पूर्णिया में हवाई अड्डा बनाने का वादा किया तो जंगलराज और आपातकाल की चर्चा करते हुए विरोधियों पर निशाना साधा। उन्होंने संविधान लागू होने के 75 साल पूरा होने पर संविधान पर्व मनाने की घोषणा की। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में एनडीए प्रत्याशी संतोष कुशवाहा के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भ्रष्टाचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगले पांच साल भ्रष्टाचारियों पर और बड़ा वार होगा। सीमांचल बिहार का संवेदनशील इलाका है। वोट बैंक के चलते सीमांचल को अवैध घुसपैठ का खतरा ज्यादा है, जिससे हमारे गरीब और दलित भाइयों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि देश की सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाला हर तत्व सरकार की नजर में है। 4 जून का परिणाम सीमांचल की सुरक्षा तय करेगा। यहां के किसान मक्का, जूट, मखाने की खेती करते हैं। पूर्णिया के किसान देश का 20 फीसदी मखाना पैदा करते हैं। एनडीए सरकार मखाने को सुपरफूड के रूप में प्रमोट कर रही है। दुनियाभर में मोटे अनाज का प्रमोशन किया। जी-20 में दुनियाभर के मेहमानों को मोटा अनाज खिलाया, जिसे श्रीअनाज कहा जाता है। इसका फायदा किसानों तक पहुंच रहा है। देश का पहला ग्रीन फील्ड एथनॉल प्लांट पूर्णिया में लगाया गया है। उन्होंने भरोसा देते हुए कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब पूर्णिया में भी प्लेन उतरेंगे। आपके सपने भी मोदी का संकल्प है, इसलिए गांव, गरीब, दलित, वंचित दशकों से जिन समस्याओं से जूझ रहे थे। 10 साल में उनका समाधान दिया। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए। 4 करोड़ लोगों को पक्का मकान मिला। देश के 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों, वंचितों का बैंक में खाता खोला गया। अब 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का मुफ्त में इलाज भी होगा।

# भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

## पटना में मेट्रो के काम में लगे क्रेन से टकराया ऑटो, चालक फरार

प्रात: किरण

पटना। राजधानी पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। इस सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। पटना के न्यू बायपास स्थित राम लखन पथ एनएच- 30 पर यात्री लेकर जाती एक ऑटो अनियंत्रित होकर मेट्रो का काम कर रही हाइड्रा क्रेन से टकरा गयी। ऑटो में कुल आठ लोग सवार थे, जिसमें 7 लोगों की मौत हो गई। दो बच्चों सहित युवक और महिलाओं की मौत हुई है। न्यू बायपास स्थित निजी अस्पताल में घायलों को भर्ती कराया गया। जहां एक बच्चे की मौत हुई है। घटना के बाद ऑटो चालक फरार हो गया। पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने सातो शवों को पीएमसीएच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि निजी अस्पताल में इलाजरत मुकेश कुमार साहनी 29 वर्षीय मोतिहारी के रहने वाले हैं जो अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ ऑटो में सवार थे। घायल मुकेश कुमार साहनी का इलाज जारी है। अन्य मृतकों की पहचान में पुलिस जुटी है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी का माहौल फैल गया। घटना के संबंध में ट्रैफिक डीएसपी ने बताया कि एक ऑटो मीठापुर से जीरोमाइल की तरफ जा रही थी, जिसमें आठ लोग सवार थे।



वहीं दूसरी तरफ मीठापुर के नजदीक मेट्रो का काम चल रहा था। इसी क्रम में ऑटो मेट्रो की क्रेन से टकरा गई। इस हादसे में बच्चा महिला समेत चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोग की मौत अस्पताल ले जाने के क्रम में हो गई।

**मोतिहारी, रोहतास और नेपाल के लोगों की गई जान :** मिली जानकारी के अनुसार घटना में मोतिहारी, रोहतास और नेपाल के लोग पटना जंक्शन से उतरकर ऑटो से जीरो माइल स्थित बस स्टैंड की ओर जा रहे थे तभी राम कृष्ण नगर बाईपास पर यह हादसा हुआ। मरने वालों में इंद्रजीत दास 29 वर्ष, लक्ष्मण दास 60 वर्ष, उपेंद्र बैठा 40 वर्ष, नेहा कुमारी 32 वर्ष , अभिनंदन कुमार 5 वर्ष, रानी कुमारी डेढ़ वर्ष, पिंकी देवी 22 वर्ष जबकि मात्र एक बचे युवक में मुकेश साहनी 26 वर्ष शामिल हैं। पिंकी मोतिहारी जिला के सेमरा सकरदिरा की रहने वाली थी। इस घटना में उसका बेटा अभिनंदन 5 और डेढ़ साल की बेटी रानी की भी मौत हो गई है। पिंकी देवी के पति मुकेश सहनी घायल हैं। लक्ष्मण दास नेपाल के जलेसर धाम के रहने वाले थे, जबकि उपेन्द्र कुमार बैठा रोहतास जिला के प्रेमपुर पतारी गांवके रहने वाले थे। पिंकी पटना के अनिसाबाद में टेंपो पर सवार हुई थी, जबकि उपेंद्र कुमार बैठा बस स्टैंड के पास टेम्पू में बैठे थे। टेम्पू का चालक मौके से फरार हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक एसपी अशोक कुमार चौधरी, ट्रैफिक डीएसपी अनिल कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घटना को लेकर जांच -पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल मेट्रो कार्य में लगे क्रेन और चालक की खोजबीन की जा रही है। पुलिस ने सभी मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया है।

**सीएम नीतीश ने जताया शोक:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के रामलखन पथ पर सड़क हादसे में हुई 7 लोगों की मौत पर गहरी दु:ख संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहां कि यह घटना अत्यंत दुखद है और मैं इस घटना से मर्माहट हूं। उन्होंने इस घटना में घायल लोगों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

# बाबा रामदेव, बालकृष्ण को माफीनामा प्रकाशित करने का एक सप्ताह का मिला मौका

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के भ्रामक विज्ञापनों और एलोपैथिक चिकित्सा के ह्यखिलाफह्ण बयान देने से जुड़े अदालती अवमानना के मामले में बाबा रामदेव और बालकृष्ण को एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करवाने का मंगलवार को मौका दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य बालकृष्ण के अदालत में पेश होकर माफी मांगने और विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करने की उनकी पेशकश का संज्ञान लेते हुए स्पष्ट तौर पर कहा, हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आपकी माफी स्वीकार की जाए या नहीं। पीठ ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर इस याचिका पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष अदालत ने बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण को अगली सुनवाई के दिन भी व्यक्तिगत तौर पर अदालत में मौजूद रहने का निर्देश दिया। बाबा रामदेव और बालकृष्ण ने अदालत के समक्ष व्यक्तिगत तौर पर पेश होकर माफी मांगी। बाबा रामदेव ने कहा, हमारी मंशा किसी के अपमान करने की नहीं थी। हमने पहली बार आयुर्वेद से संबंधित 5000 से अधिक शोध किए। साक्ष्य आधारित दवा बनाने का सबसे बड़ा प्रयास किया है। इस पर पीठ ने श्री रामदेव से सवाल करते हुए कहा, ह्यअगर आपकी आयुर्वेद की दवाएं इतनी प्रभावशाली हैं तो उनके लिए संबंधित विभाग से मंजूरी लेनी चाहिए थी, आपको एलोपैथिक दवाइयों की निंदा करने की क्यों जरूरत पड़ी। यह एक गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार था। इसके बाद रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने माफी मांगते हुए फिर कहा, हम आगे से इसका ध्यान रखेंगे।

# 200 शिकायतें दर्ज हुई,169 मामलों में की गयी कार्रवाई : आयोग

## चुनाव अयोग ने एक महीने की कार्रवाई रिपोर्ट सार्वजनिक की

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। चुनाव आयोग का कहना है कि वह सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार कर रहा है। इस क्रम में आयोग की ओर से वस्तुस्थिति स्पष्ट की गई है। आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी जानकारी दी है। आयोग का कहना है कि वह किसी भी तरह से बाध्य नहीं है। इसके बावजूद उसने फैसला लिया है कि अपने पारदर्शिता के वादे के अनुरूप पहले महीने के दौरान आदर्श आचार संहिता के अपने प्रवर्तन को सार्वजनिक डोमेन





में रखेगा। इसका मकसद समय-समय पर कुछ क्षेत्रों से उत्पन्न होने वाली गलतफहमियों और आक्षेपों को संबोधित करना है। आयोग का कहना है कि सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार किया गया है, अल्प सूचना पर भी सभी को समय दिया गया है और उनकी शिकायतों को धैर्यपूर्वक सुना गया है। एक महीने की अवधि के दौरान 07 राजनीतिक दलों के 16 प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के कथित उल्लंघन और संबंधित मामलों पर अपनी शिकायतें दर्ज करने के लिए आयोग से मुलाकात की।

राज्यों में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के स्तर पर भी कई प्रतिनिधिमंडल मिले। विभिन्न राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की ओर से लगभग 200 शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से 169 मामलों में कार्रवाई की गयी है। शिकायतों में से भाजपा से प्राप्त कुल शिकायतें 51 थीं, जिनमें से 38 मामलों में कार्रवाई की गई है। कांग्रेस की ओर से 59 शिकायतें थीं, जिनमें से 51 मामलों में कार्रवाई की गई। अन्य पक्षों से प्राप्त शिकायतें 90 थीं, जिनमें से 80 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसके अलावा आयोग ने हाल ही में उसकी ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों, नेताओं और अफसरों पर की गई कार्रवाई और सरकारों तथा विभागों को दिए गए निर्देशों में से कुछ चुनिंदा की जानकारी साझा की है। आयोग के अनुसार नागरिकों के लिए बने पोर्टल सी विजिल पर कुल 2,68,080 शिकायतें दर्ज की गई हैं। इनमें से 2,67,762 मामलों में कार्रवाई की गई और 92 प्रतिशत मामलों का समाधान औसतन 100 मिनट से भी कम समय में किया गया।

**समारोह**

**सीएम योगी बोले- अब कैराना में पलायन नहीं होता, माफिया-दंगाइयों का राम नाम सत्य होता है**

# माफियाओं का महिमा मंडन कर फातिहा पढ़ते हैं विपक्षी नेता: योगी

प्रात: किरण

बिजनौर/शामली/एजेंसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कल रामनवमी की पावन तिथि यानी मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मदिन है। अभी से लाखों लोग अयोध्या धाम में जन्मोत्सव समारोह में पहुंच रहे हैं। पांच सौ वर्षों के बाद पहली बार यह अवसर आ रहा है, जब रामलला अपनी जन्मभूमि पर जन्मोत्सव मनाएंगे। हमारी पीढ़ियां धन्य हो गईं, जो हम जन्मोत्सव कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को नहटौर में नगीना के लोकसभा प्रत्याशी ओम कुमार के लिए जनसभा कर वोट देने की अपील की। सीएम ने बासंतिक नवरात्रि की अष्टमी तिथि के साथ ही रामनवमी की अग्रिम बधाई दी। सीएम योगी ने कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है, जहां आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण देना पड़ा। यह संकट कांग्रेस व समाजवादी पार्टी ने दिया। इन्होंने हमारी आस्था को संकटग्रस्त करने का प्रयास किया, लेकिन



सनातन समाज कहां मानने वाला था, वह प्रभु राम की जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण के लिए कृत संकल्पित था और पीएम मोदी के कारण उसे सफलता प्राप्त हुई।

कांग्रेस ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को चुनाव हरवाया था और 2012 में सत्ता में आने पर सपा ने कहा था कि दलितों के स्मारकों को तोड़वाएंगे। इनकी मानसिकता थी कि यह बना नहीं पा रहे, लेकिन तोड़वाने की बात करते हैं। वहीं मोदी जी ने बाबा साहेब से जुड़े पंच तीर्थ का निर्माण करवाया।

**अपराधियों की घरों पर जाकर पढ़ते हैं फातिहा:** सीएम योगी ने कहा कि आपने सरकार बनाने में योगदान दिया, इसलिए यह श्रेय आपको जाता है। सही दिशा में गया एक वोट तस्वीर-तकदीर बदल देता है, गलत दिशा में गया वोट पहचान का संकट खड़ा कर देता है। कांग्रेस, सपा-बसपा दलदल में डूबे दल हैं। इन्हें अच्छाई से नफरत है। माफिया-अपराधियों को गले का हार बनाते हैं, महिमा मंडन करते हैं। उनके घरों में जाकर फातिहा पढ़ते हैं, लेकिन कोई निर्दोष हिंदू दुर्घटना का शिकार हो जाता है तो इनके मुख से संवेदना के एक शब्द भी नहीं निकलते हैं। हम सामान्य नागरिकों को राम-राम करते हैं और माफिया-अपराधियों का राम नाम सत्य।

**तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी:** सीएम ने कहा कि संकल्प पत्र में भाजपा ने कहा कि अगले पांच वर्ष में तीन करोड़ और गरीबों के मकान बनाए जाएंगे। शासन की योजनाओं का निरंतर लाभ मिलता रहेगा। तीन करोड़ ड्रोन दीदी बनेंगी, जो लखपति होंगी। बिजनौर की मेरठ व नजीमाबाद से फोरलेन कनेक्टिविटी हो गई। काफी हद तक बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया, शेष का भी जल्द समाधान करेंगे। एक तरफ गरीबों के मकान बन रहे हैं तो दूसरी तरफ प्रभु राम का भी भव्य मंदिर बना है।

**समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं:** सीएम ने कहा कि किसान, नौजवान, महिला हर वर्ग को सम्मान दे रहे हैं। निजी नलकूपों वाले किसानों के बिजली बिल समाप्त कर फ्री में बिजली देने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी है। महात्मा विदुर के नाम पर मेडिकल कॉलेज बन रहा है तो उनकी कुटी तक मां गंगा की धारा ले जाने का कार्य कर दिया गया। समस्या को छोड़ते नहीं, समाधान के निष्कर्ष तक पहुंचाते हैं। महिला, वृद्धों, दिव्यांगजनों को पेंशन, कन्या सुमंगला योजना के जरिए बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ व बेसिक शिक्षा परिषद के 1.91 करोड़ बच्चों के लिए फ्री में यूनिफॉर्म, बैग, बुक्स, शूज, स्वेटर, शॉक्स, मिल रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि ओम कुमार दो बार से विधायक हैं। वे अपने क्षेत्र में खूब कार्य कर रहे हैं। उनके साथ जनता का आशीर्वाद है, इसलिए ओम कुमार को दिल्ली पहुंचने से कोई रोक नहीं सकता।

# अंतरिक्ष मलबे से निपटने को एजेंसियों के बीच समन्वय जरूरी: सोमनाथ

प्रात: किरण

बेंगलुरु /एजेंसी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के प्रमुख एस सोमनाथ ने मंगलवार को कहा कि विश्व अंतरिक्ष समुदाय को पृथ्वी की कक्षा से परे जाने के लिए कौशल विकसित करने की जरूरत है। इसरो प्रमुख सोमनाथ 42वीं अंतर-एजेंसी अंतरिक्ष मलबा समन्वय समिति की उद्घाटन बैठक में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, ह्यजब आप भविष्य के अन्वेषण पर विचार कर रहे हों, तो संभवत: पृथ्वी-चंद्रमा प्रणाली और सौर ग्रह अन्वेषण की तरह पृथ्वी की कक्षा से परे जाने के लिए हमें कौशल विकसित करने की आवश्यकता है। मुझे लगता है कि उन सभी क्षेत्रों में भी भीड़ हो रही है। खासकर चांद के क्षेत्र में। मेरा मानना है कि यह समूह आने वाले दिनों में उस पहलू को और अधिक विस्तार से देखेगा। इस दौरान इसरो प्रमुख ने एलान किया कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना है। उन्होंने कहा, 2023 तक सभी भारतीय अभिनेताओं, सरकारी और गैर-सरकारी की मदद से अंतरिक्ष मिशन को मलबा मुक्त बनाना है। मलबा पैदा न हो इसे सुनिश्चित करने के लिए भारत तंत्र और ढांचा बना रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हम अंतरिक्ष प्रणालियों के भीतर तंत्र और संरचनाएं बना रहे हैं ताकि बड़ी संख्या में मलबा पैदा न हो सके। पिछले कई सालों से बहुत कुछ अच्छा चल रहा है। हमें आने वाले दिनों में इन सभी गतिविधियों को और मजबूत करने की जरूरत है। इसरो प्रमुख ने यह सुनिश्चित करने का भी प्रस्ताव दिया कि लगभग 400 किलोमीटर की कक्षा सुरक्षित है ताकि अंतरिक्ष में निरंतर मानव उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए अधिक अंतरिक्ष स्टेशन आ सकें। उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में अंतरिक्ष स्टेशन बनाने के लक्ष्य के साथ हम कक्षाओं को देखते हैं जहां 400 किमी की ऊंचाई पर और भी अंतरिक्ष स्टेशन बनने वाले हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### एसआरएचयू के विद्यार्थियों ने मतदान करने की शपथ ली

**ऋषिकेश, एजेंसी।** स्वामी राम हिमालयन विश्वविद्यालय (एसआरएचयू) में लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता जागरूकता के तहत छात्र-छात्राओं और फैकल्टी को मतदान की शपथ दिलाई गई। एसआरएचयू के हिमालयन स्कूल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, हिमालयन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, हिमालयन स्कूल ऑफ फार्मेसी, हिमालयन स्कूल ऑफ योगा साइंसेज, हिमालयन स्कूल ऑफ बायोसाइंसेज, हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के छात्र-छात्राओं और फैकल्टी ने मतदान करने और अपने आसपास के लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। एसआरएचयू के अध्यक्ष डॉ. विजय धस्माना ने कहा कि लोकतंत्र के इस पर्व में सभी का योगदान अहम है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है हर मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करे। स्टूडेंट अफेयर्स के निदेशक डॉ. विनीत मेहरोत्रा ने मतदाता के अधिकार एवं मतदान की आवश्यकता पर छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

### गर्भवतियों को नियमित जांच करानी चाहिए : प्रो . मीनू

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सुरक्षित मातृत्व दिवस पर एम्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बीएससी नर्सिंग इंटर्न्स और एमएससी नर्सिंग छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक और प्रदर्शनी के माध्यम से सुरक्षित मातृत्व के लिए ध्यान में रखी जाने वाली जानकारियां दी। विशेषज्ञों ने कहा कि प्रत्येक गर्भवती को नियमित रूप से जांचें करानी चाहिए। सोमवार को सुरक्षित मातृत्व दिवस पर एम्स अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के ओपीडी एरिया में गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित मातृत्व के विषय में जानकारी दी गई। निदेशक प्रोफेसर डॉ. मीनू सिंह और डीन (अकादमिक) प्रो. जया चतुर्वेदी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निदेशक प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि प्रत्येक मां को नियमित तौर पर जांच कराना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही योजना के तहत पौष्टिक आहार लेना चाहिए। संकायाध्यक्ष अकादमिक प्रो. जया चतुर्वेदी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गर्भ व डिलीवरी के दौरान की दिक्कतों की शीघ्र पहचान और समाधान के लिए सही समय पर अस्पताल आना चाहिए। चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. संजीव मित्तल ने बताया कि मां व बच्चे के स्वास्थ्य के मद्देनजर अस्पताल व चिकित्सक की अहम भूमिका होती है। इस अवसर पर महिलाओं को मॉडल प्रदर्शनी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी सुरक्षित मातृत्व को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान नर्सिंग महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. स्मृति अरोड़ा, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. प्रसूना जेल्ली, डॉ. मलार कोडी, डॉ. राजराजेश्वरी, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. रूपिंदर देओल, डॉ. राजेश कुमार, कैप्टन कल्पना, पुष्पारानी, रक्षा यादव, दीपिका चौहान आदि मौजूद रहे।

### पेयजल निगम ने साढ़े पांच हजार अवैध कनेक्शन पकड़े

**देहरादून, एजेंसी।** मेंहूवाला पेयजल क्लस्टर योजना के तहत पेयजल निगम ने करीब साढ़े पांच हजार अवैध कनेक्शन पकड़े हैं। इन सभी के खिलाफ नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इस दौरान यह कहा गया है कि अवैध कनेक्शन को सही करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया जा रहा है, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी। पेयजल निगम की विश्व बैंक पोषित मेंहूवाला कलस्टर पेयजल योजना के तहत लोगों को पेयजल उपलब्ध करवाया जा रहा है। इस योजना के पूरी तरह चालू होने से पहले ही अवैध कनेक्शन के मामले सामने आ रहे हैं। पेयजल निगम ने अवैध कनेक्शनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। आरकेडिया ग्राम सभा की पूर्व उप प्रधान व भाजपा नेत्री गीता बिष्ट ने पेयजल निगम पर नियम विरुद्ध कार्य करने का आरोप लगाया। गीता बिष्ट ने कहा कि लंबे समय बाद पेयजल निगम की ओर से अवैध कनेक्शन के खिलाफ अभियान चलाया गया है लेकिन इस अभियान से पेयजल निगम के अधिकारियों ने दूरी बना ली है। पहली बार किसी सरकारी विभाग में अधिकृत कंपनी अपने लेटर पैड पर पेयजल निगम का लोगो लगाकर उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर रही है। कंपनी योजना के तहत कार्य करती है। इसमें कंस्ट्रक्शन का कार्य और पांच साल तक मेंटेनेंस भी देखती है। इस दौरान अवैध कनेक्शन आदि होने पर नोटिस जारी किया जा रहा है।

# आरओबी : सात साल बाद चालू हुआ और दो घंटे में बंद कर दिया



**काशीपुर, एजेंसी।** महाराणा प्रताप चौक पर बहुप्रतीक्षित निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज सात वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार काशीपुर की जनता के लिए भाजपाइयों की ओर से दोपहर तीन बजे दोपहिया, तीन पहिया और कारों के लिए खोल दिया गया। हालांकि उनका यह प्रयास सफल नहीं हो सका और शाम करीब 4-50 बजे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कारों की आवाजाही आरओबी पर बंद करा दी। अब केवल बाइक और तीन पहिया वाहनों को जाने की अनुमति दी गई है। उधर भाजपाइयों ने आरओबी पर वाहनों की आवाजाही होने पर मिठाई बांट कर खुशी जताई।

बीते सात वर्ष पूर्व भाजपा के तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की ओर से श्रीराम लीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान काशीपुर में बनने वाले दो फ्लाईओवर की नींव रखी गई थी। जिसमें से एक रामनगर रोड पर जबकि दूसरा काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर बनना था। इसका ठेका लुधियाना की दीपक बिल्डर नामक कंस्ट्रक्शन को दिया गया था।

कार्यदायी कंपनी ने करीब 56 करोड़ की लागत से बनने वाले आरओबी का निर्माण कार्य नवंबर 2017 में शुरू कर दिया था। इस दौरान तमाम बाधाओं के चलते कार्यदायी कंपनी की ओर से स्थानीय जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक को तारीख पर तारीख देकर या कोई न कोई बहाना बनाकर टाला जा रहा था। ऐसे में सात साल गुजर गए जबकि आरओबी बनाने का टेंडर में दो साल का समय तय था।

23 मार्च 2024 को विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा और एसडीएम अभय प्रताप सिंह से निर्माणाधीन कंपनी ने 15 अप्रैल 2024 तक आरओबी खोलने का वादा किया था। लेकिन चार-पांच दिन पहले पुलिस-प्रशासन ने आरओबी का निरीक्षण करके यातायात व्यवस्था व सड़क हादसे की संभावनाओं को देखते हुए करीब 10-15 दिन में यातायात शुरू करने की बात कही थी।

इधर इस बात की जानकारी होने और 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान को देखते हुए आखिरकार स्थानीय भाजपा नेताओं में आक्रोशित हो गए। उन्होंने ठेकेदार पर विपक्ष के साथ मिलकर भाजपा को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए रेलवे ओवरब्रिज पर लगाए गए सभी बैरिकेड्स को सोमवार को तोड़ डाला और पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया।

इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा और पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के साथ कई भाजपा कार्यकर्ता ठेकेदार की ओर से दिए गए तय समय पर फ्लाईओवर पर जा पहुंचे।

इस दौरान सभी ने निर्माणदायी कंपनी के ठेकेदार को खरीखोटी सुनाई। विधायक चीमा ने कहा कि रेलवे ओवर ब्रिज पर ऐसा कोई विशेष कार्य नहीं बचा है, जिससे इसे चालू न किया जाए। फिर भी यदि कुछ कार्य की जरूरत होगी तो रात में पूरा करवाया जाए।

यहां पर भाजपा नेता राम मेहरोत्रा, गुरविंद सिंह चंडोक, रविपाल, रजत सिद्धू, पुष्कर बिष्ट, ईश्वर गुप्ता, डॉ. गिरीश तिवारी, ईश्वर गुप्ता, कपिल अग्रवाल, सीमा चौहान, प्रियंका अग्रवाल, शाहनवाज खान आदि मौजूद थे।

# आबकारी निरीक्षक के निलंबन पर हाईकोर्ट ने लगाई अंतरिम रोक, 2 सप्ताह के अंदर मांगा जवाब



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने अल्मोड़ा जिले के भिकियासैंण के आबकारी निरीक्षक के निलंबन पर फिलहाल अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही आबकारी आयुक्त को 2 सप्ताह में जवाब देने को कहा है। चुनाव ड्यूटी में लापरवाही के चलते शासन ने भिकियासैंण के आबकारी निरीक्षक बलजीत सिंह को पिछले महीने 22 मार्च को निलंबित कर दिया था। साथ ही आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर लिया गया था। आरोप है कि निलंबित अधिकारी आदर्श आचार संहिता के दौरान अपनी ड्यूटी से नदारद रहा और कर्तव्य में लापरवाही की। जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से आरोपी को निलंबित करने की संस्तुति की गयी। इसके बाद कर्मचारी आचरण नियमावली, 2022 के तहत आरोपी को निलंबित कर दिया गया। निलंबन आदेश को आरोपी की ओर से उच्च न्यायालय में चुनौती दी गयी। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की पीठ में आज इस मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने निलंबन आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। साथ ही प्रतिवादी से 2 सप्ताह में जवाब देने को कहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 14 जून को होगी।

# कांग्रेस देख रही मुंगेरीलाल के हसीन सपने : ठाकुर



**काशीपुर, एजेंसी।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता गीता ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जो पौड़ी लोकसभा सीट पर अपनी जीत के सपने देख रही है, वह पूरे नहीं होने वाले। उन्होंने व्यंग कसते हुए कहा कि यह तो मुंगेरीलाल के हसीन सपने वाली बात हो गई। सोमवार को स्टेशन रोड स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय में प्रदेश प्रवक्ता गीता ठाकुर ने प्रेस वार्ता में कहा कि चुनाव का पर्व हर पांच साल में आता है। इसको लेकर हर व्यक्ति पांच सालों में हुए विकास कार्यों को देखता है और आने वाला भविष्य निर्धारित करता है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार आएगी तो युवाओं को रोजगार और महिलाओं को सशक्तीकरण मिलेगा, जो कि भी पीएम मोदी की सरकार की हमेशा से प्राथमिकताएं रही हैं। कहा कि कांग्रेस ने 70 साल देश पर राज किया लेकिन वर्तमान में उनके पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है।कांग्रेस का काम अब दोषारोपण ही रह गया है। कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं है तो अंकित भंडारी हत्याकांड को लेकर बेवजह हल्ला मचाती रहती है और बार-बार मामले को उछालती है, जबकि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवार की सभी मांगे मानी और उनको पूरा भी किया। कहा कि विपक्ष अब इस मामले को उछालना बंद करे। प्रेस वार्ता में मीडिया प्रभारी पुष्कर सिंह बिष्ट सीमा चौहान, मीना शर्मा, सुधा शर्मा, मंजू यादव, संदीप भोज, गिरीश तिवारी, रिकी पोंटिंग आदि मौजूद रहे।

# चुनावी सीजन में उलझीं शादियां, जहां चार बड़ी गाड़ियों से हो जाता काम; वहां करनी पड़ी 14 कारें



**नैनीताल, एजेंसी।** उत्तराखंड में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इससे एक दिन पहले 18 अप्रैल को शादी का बड़ा लग्न है। बड़े वाहनों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण लोगों को दूसरे शहर से वाहनों महंगे दाम पर मंगाने पड़ रहे हैं, जिससे लोग परेशान हैं।

चुनावी मौसम में वाहनों की कमी से शादी-विवाह वाले परिवारों को परेशानी में डाल दिया है। बड़े वाहनों के चुनाव ड्यूटी में जाने के कारण लोगों को दूसरे शहर से वाहनों महंगे दाम पर मंगाने पड़ रहे हैं तो कई लोग मजबूरी में छोटे वाहन से काम चलाने को तैयार हैं। वहीं अब टैक्सी यूनियनों ने बड़े वाहन नहीं होने के कारण शादियों के लिए वाहन देने से हाथ खड़े करने दिए हैं।

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है। इससे एक दिन पहले 18 अप्रैल को शादी का बड़ा लग्न है। 19 अप्रैल को भी कुछ लोगों के विवाह समारोह हैं। इसमें कई लोगों को बरात लेकर हल्द्वानी से दूर रानीखेत, अल्मोड़ा, खटीमा, पिथौरागढ़, बागेश्वर आदि जगह जाना है। मगर उनके सामने समस्या बड़े वाहन की आ रही है।

दरअसल हल्द्वानी से 184 और काठगोदाम से 280 वाहन चुनाव ड्यूटी में लगे हैं। अब टैक्सी स्टैंड में सिर्फ चार सीटर वाहन ही शेष हैं। नैनीताल से करीब 300, भवाली से 80, भीमताल से 30 वाहन चुनाव ड्यूटी में लग चुके हैं। 50 से अधिक वाहन रिजर्व रखे गए हैं। चुनाव ड्यूटी में सात सीटर और 10 सीटर वाहनों की मांग ज्यादा है। टैक्सी यूनियन हल्द्वानी के अध्यक्ष भरत भूषण का कहना है कि शादी-बरात के लिए जिलेभर से 50 से 60 लोगों को वाहन देने से मना करना पड़ा है।

# उद्धव ठाकरे और संजय राउत को 100 करोड़ की मानहानि का नोटिस





**नैनीताल, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी के महाराष्ट्र में राज्यपाल पद पर रहते हुए नैनीताल स्थित आवासीय विद्यालय के नाम पर उद्योगपति अनंत अंबानी से कथित तौर पर 15 करोड़ रुपये का चंदा लेने के मामले में नया मोड़ आ गया है।

इंटरनेट मीडिया पर आरोपों को नकारते हुए कोश्यारी के भतीजे दीपेंद्र कोश्यारी की ओर से आरोप लगाने वाले चार लोगों के विरुद्ध 100 करोड़ की मानहानि का दावा किया है। दीपेंद्र के अधिवक्ता की ओर से महाराष्ट्र के आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली, शिवसेना (उद्धव) के प्रमुख और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, शिवसेना नेता व सामना के संपादक संजय राउत, प्रकाशक विवेक कदम को विधिक नोटिस जारी किया गया है।

अधिवक्ता के अनुसार, जल्द मामले में कोर्ट में आपराधिक मामला भी दर्ज कराया जाएगा। पिछले दिनों महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी पर राज्यपाल पद के दुरुपयोग का आरोप लगा था।


आरोप था कि कोश्यारी ने नैनीताल स्थित स्कूल के नाम पर अनंत अंबानी से 15 करोड़ रुपये लिए हैं। शिक्षण संस्थान के नाम पर ली गई रकम से उनके भतीजे ने जमीन खरीदकर रिजार्ट का निर्माण कराया है। इसके बाद से ही मामला इंटरनेट मीडिया पर छा गया। अब आरोप लगाने वालों के विरुद्ध कोश्यारी ने भी पलटवार किया है।

अधिवक्ता गणेश कांडपाल ने बताया कि नोटिस में कहा गया है कि उनकी ओर से व्यक्तिगत रूप से कोई चंदा नहीं लिया गया है। अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संचालित नैनीताल के पार्वती प्रेमा जगाती स्कूल, जो बीते 40 वर्षों से संचालित किया जा रहा है, उसे अनंत अंबानी की ओर से स्वेच्छा से चंदा दिया गया है। स्कूल के खाते में ही पैसा आया होगा। इस संस्थान से व्यक्तिगत तौर पर उनका या उनके परिवार का कोई व्यक्ति जुड़ा नहीं है। अनर्गल बयानबाजी कर लोकसभा चुनाव के समय उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कनाडा भेजने के नाम पर 19 लाख की ठगी

**काशीपुर, एजेंसी।** एक व्यक्ति ने ओवरसीज स्वामी पर उसके बेटे को कनाडा भेजने के नाम पर 19,00,000 रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने एसएसपी के आदेश पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। रामनगर के ग्राम हरिपुरा सोन पीरूमदारा निवासी चमन लाल चौधरी ने एसएसपी को पत्र सौंपा। कहा कि वर्ष 2021 में उसने अपने बेटे उत्कर्ष चौधरी को कनाडा भेजने के लिए काशीपुर में रामनगर रोड स्थित संस्थान से कोर्स कराया था। इसके बाद उन्होंने बेटे को कनाडा में पढ़ाने के लिए संस्थान के संचालक बलवंत सिंह गिल निवासी नूरपुर स्वार थाना स्वार रामपुर के कहने पर संस्थान के खाते में इक्कीस लाख रुपये जमा कराए। इसके बाद बलवंत सिंह गिल कोई न कोई बहाना बनाकर बात टाल जाता था। बाद में उसने फीस की रसीद मांगी तो उसने देने से इंकार कर दिया। बाद में पता चला कि सभी कागजात नकली थे। रुपये वापस मांगने पर उसने 15,00,000 रुपये का चेक 20 मार्च 2023 को दिया।

# एएसडब्ल्यूओ की जल्द होगी गिरफ्तारी, घूस लेने का लगाया गया आरोप



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** पंतनगर के एक युवक ने अपनी बहन के विवाह में सरकारी सहायता के लिए सहायक समाज कल्याण अधिकारी (एएसडब्ल्यूओ) अजय मिश्रा और उनके सहायक शुभम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप में केस दर्ज कराया है। पंतनगर क्षेत्र के एक युवक ने अपनी बहन के विवाह में सरकारी सहायता के लिए सहायक समाज कल्याण अधिकारी (एएसडब्ल्यूओ) अजय मिश्रा और उनके सहायक शुभम पर चार हजार रुपये रिश्वत लेने का आरोप में केस दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपों की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपों की पुष्टि होने पर गिरफ्तारी की जाएगी। बीते शनिवार को धौराडाम नजीमाबाद निवासी रोहित कुमार ने एसएसपी को तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी बहन अन्नू का विवाह सात मई 2021 को घुसरी डोहरा सितारगंज निवासी कृष्ण प्रसाद के साथ किया था। उसके माता-पिता की मृत्यु पूर्व में ही हो चुकी है और वह जाटव (अनुसूचित जाति) के अंतर्गत आता है। उसने बहन की शादी में वित्तीय सहायता के लिए आवेदन किया था। इसमें राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट सहित औपचारिकताएं पूरी हो चुकी थीं।

# खनन माफिया बेखौफ, सरकारी तंत्र पर कर रहे हमला

**बाजपुर, एजेंसी।** कोसी नदी खनन क्षेत्र में खनन माफिया के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बेखौफ खनन माफिया ने जंगलात चौकी में कर्मियों को बंद कर फायरिंग, पथराव कर वाहन छुड़ाने और सरकारी बंदूक छीनने की कोशिश की थी। इस मामले में बन्नाखेड़ा और कुंडेश्वरी पुलिस चौकी में दो तहरीर दी गई है। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर दूसरे दिन केस दर्ज नहीं किया गया है। पुलिस जांच की बात कह रही है। शनिवार रात कोसी नदी देव घाट में बैक कराहा और ट्रैक्टर-ट्रॉली पकड़ने पर खनन माफिया ने पथराव कर सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त कर दिया था। वन कर्मचारी से बंदूक छीनने की कोशिश की गई थी जिसमें बीट अधिकारी विक्रांत कुमार की ओर से गांव बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी में तहरीर दी गई है।

वहीं गुलजारपुर वन चौकी में वन कर्मियों को बंद कर फायरिंग, पथराव कर वाहन छुड़ाने के मामले में बीट अधिकारी तेजपाल की ओर से कुंडेश्वरी पुलिस चौकी में तहरीर दी गई है।

सीओ अन्नराम आर्य ने बताया कि इस मामले में बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी इंचार्ज विक्रम सिंह धामी जांच कर रहे हैं। जांच पूर्ण होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

एसपी अभय प्रताप सिंह का कहना है कि जंगलात टीम के साथ हुई घटना में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। क्षेत्र में अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा।

# आदि कैलास-ओम पर्वत के लिए 13 मई से शुरू होगी यात्रा, 450 भक्तों ने कन्फर्म कराई बुकिंग



**नैनीताल, एजेंसी।** कुमाऊं मंडल विकास निगम संचालित आदि कैलास-ओम पर्वत यात्रा 13 मई से शुरू हो रही है। यात्रा में 15 दलों की रवानगी 13 मई से पहली जुलाई तक होगी जबकि एक्सप्रेस मोड में यात्रा 15 मई से 30 जून तक होगी। यात्रा का समापन नवंबर अंतिम सप्ताह होगा। पहली बार टनकपुर से भी यात्रा होनी है।

अब तक टनकपुर के काठगोदाम व टनकपुर से टनकपुर के रास्ते से यात्रा के लिए आठ यात्रियों ने कन्फर्म बुकिंग कराई है जबकि इस यात्रा के लिए कुल 450 से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवा लिया है, जिसमें से साढ़े तीन सौ से अधिक का यात्रा पर जाना कन्फर्म हो चुका है। अब तक महाराष्ट्र से सर्वाधिक लोगों ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है।

केएमवीएन के महाप्रबंधक प्रशासन विजय शुक्ल के अनुसार पहले बैच के लिए काठगोदाम से काठगोदाम के लिए 42 यात्रियों ने कन्फर्म बुकिंग कराई है, इसके अलावा पहले बैच में 21 यात्रियों ने एक्सप्रेस मोड में यात्रा पर जाने के लिए बुकिंग कराई है।

दूसरे दल में महाराष्ट्र व पुणे के 19, तीसरे में 16, एक्सप्रेस मोड में पांच, चौथे में मुंबई क्षेत्र से 18, पांचवें में मुंबई से छह, सातवें में पुणे चार, दसवें में मुंई से एक, 13 वें में मुंबई से 17, पुणे से 11, 15 वें पुणे से चार ने कन्फर्म बुकिंग कराई है। महाराष्ट्र के बाद दूसरे नंबर पर गुजरात के यात्रियों ने बुकिंग कराई है। इसके अलावा कोलकाता, दिल्ली के जनसंपर्क कार्यालयों के माध्यम से भी बुकिंग हुई है।

जीएम ने बताया कि यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। काठगोदाम से काठगोदाम तक पैकेज की दर 40 हजार, एक्सप्रेस मोड में भी 40 हजार, टनकपुर से काठगोदाम तक 35 हजार तथा धारचूला से धारचूला तक यात्रा की दर 30 हजार तय है। यात्रा 13 मई से नवंबर अंत तक होगी।

# आजाद भारत के सबसे बड़े इलेक्टोरल बॉन्ड घोटाले के पक्ष में खड़े हैं पीएम मोदी- संजय सिंह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड को अवैध घोषित करने के बावजूद उसे सही ठहरा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। आप के वरिष्ठ नेता एवं सांसद संजय सिंह ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड महा घोटाला आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला है और मोदी जी इसके पक्ष में खड़े हैं। मोदी जी अपने साक्षात्कार में इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का भी खुलेआम समर्थन कर रहे हैं। इसके लिए उनको सुप्रीम कोर्ट और देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। अब यह मामला पूरे देश के सामने आ चुका है कि आज भाजपा ने कंपनियों से रिश्वत ली और अगले दिन मोदी जी ने उनको करोड़ों रुपए का ठेका दे दिया। उन्होंने कहा कि साक्षात्कार में प्रधानमंत्री ने कालेधन, महंगाई, बेरोजगारी, एमएसपी और अग्निवीर समेत जनता से जुड़े मुद्दों पर कुछ नहीं बोले, जबकि लोगों इन समस्याओं से जूझ रहे हैं। इसलिए 2014 की तरह इस बार भी मोदी जी को जनता को ललकारना चाहिए कि वोट करने से पहले डीजल-पेट्रोल, सिलेंडर, गेहूं-धान की कीमतें देख कर घर से निकलना।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने इलेक्टोरल बॉन्ड के महा घोटाले का बचाव करने पर प्रधानमंत्री को तीखा हमला किया। उन्होंने पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता कर कहा कि पीएम मोदी के इंटरव्यू में सबसे हैरान और चौकाने वाली करने वाली बात थी कि देश के प्रधानमंत्री आजादी के बाद हुए महा घोटाले का खुलेआम बचाव कर रहे हैं। पीएम मोदी इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा द्वारा ली गई रिश्वत का बचाव कर रहे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड के महा घोटाले में भाजपा सिर से पांव तक डूबी हुई है और देश के खुलेआम प्रधानमंत्री भाजपा के पक्ष में खड़े हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड को अवैध किसी राजनीतिक दल ने नहीं, बल्कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड असंवैधानिक और अवैध है। इलेक्टोरल बॉन्ड का बचाव कर प्रधानमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का अपमान किया है। प्रधानमंत्री को सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आलोचना करने और इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए भाजपा द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का बचाव करने के लिए देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए।

संजय सिंह ने कहा कि मोदी जी की पार्टी ने भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए खुलेआम रिश्वत लिया। प्रधानमंत्री ने तीन-तीन बार प्रयास किया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड का महा घोटाला खुलने न पाए। हम सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद करते हैं कि कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड से लिए गए पैसे को देश की जनता के सामने सार्वजनिक करने का आदेश दिया। इलेक्टोरल बॉन्ड के सर्वाजनिक होने के बाद भाजपा का पूरा देश के सामने आया कि भाजपा ने किस कंपनी से कितनी रिश्वत ली है। भाजपा आजाद भारत की सबसे भ्रष्ट पार्टी है और केंद्र में बैठी भाजपा सरकार देश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। खुद प्रधानमंत्री ने इलेक्टोरल बॉन्ड के पक्ष में खड़े होकर यह साबित कर दिया है। प्रधानमंत्री सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ बोल रहे हैं, यह हैरान करने वाली बात है। कैमरे पर प्रधानमंत्री सरासर झूठ बोल रहे हैं। हालांकि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं हैं। पूरी भाजपा के लोगों को झूठ बोलने में महारत हासिल है। मोदी जी की पार्टी का नाम ही भारतीय झूठा पार्टी है। मोदी जी की पार्टी भाजपा को अकेले 65 फीसद धन मिला है। इलेक्टोरल बॉन्ड के 65 फीसद रिश्वत की रकम अकेले भाजपा को मिली है।

संजय सिंह ने कहा कि भाजपा का मनी ट्रेल भी पकड़ में आ गया है। शराब घोटाले के मुख्य घोटालेबाज सरथ रेड्डी से भाजपा ने 60 करोड़ रुपए लिए हैं। शराब घोटाले में प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी शामिल है। रिश्वत भाजपा ने ली है। इतनी कंपनियों की डिटेल जनता के सामने आने के बाद भी प्रधानमंत्री बड़ी बेशर्मी से अपनी पार्टी का बचाव कर रहे हैं। भाजपा आज कंपनियों से रिश्वत ले रही है और अगले दिन मोदी सरकार उसको ठेका दे रही है। यह संयोग है दुर्योग है। यह संयोग है या रिश्वत और भ्रष्टाचार का खुला खेल है। मोदी जी को देश की जनता को बताना चाहिए। मोदी सरकार ने कंपनियों पर ईडी-सीबीआई के छापे मरवाए। जिन कंपनियों पर छापे मरवाए, उन्हीं से भाजपा ने चंदा लिया। इसके बाद भी भाजपा का बचाव कर रहे हैं। ईडी और सीबीआई को जांच के लिए कितने प्रमाण चाहिए। अभी तक भाजपा के नेताओं से पूछताछ तक नहीं हुई और न तो इलेक्टोरल बॉन्ड देने वाली कंपनियों से पूछताछ हुई। ईडी-सीबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड देने वाली कंपनियों से पूछताछ कर क्यों नहीं जाना चाहिए कि उन्होंने किस कारण से भाजपा को रिश्वत दी और कैसे उनको बड़े-बड़े ठेके मिल गए। सरथ रेड्डी तो गिरफ्तार था, इसके बाद भी भाजपा को 60 करोड़ रुपए का चंदा दे दिया। सरथ रेड्डी शराब घोटाले का मुख्य आरोपी था।

# दिल्ली पुलिस ने लग्जरी गाड़ियां चुराने और बेचने के आरोप में महिला को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली पुलिस ने महंगी कारें चुराने और बेचने के आरोप में बिहार से 37 वर्षीय एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त (पूर्वी दिल्ली) अपूर्वा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान लवली सिंह के रूप में हुई है, जो बिहार के पाटिलपुत्र की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष उसके पति गोविंद की गिरफ्तारी के बाद एक अभियान शुरू किया गया था, और तीन अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने बताया, पूछताछ में गोविंद ने खुलासा किया था कि उसकी पत्नी लवली ने दिल्ली से कई लग्जरी गाड़ियां चुराई थीं और उन्हें बिहार व झारखंड में बेचा था।

उन्होंने बताया कि लवली को गिरफ्तार करने के लिए कई टीमें बनाई गयी थीं लेकिन बार बार ठिकाना बदलने की वजह से वह पुलिस की गिरफ्त से बाहर थी। अपूर्वा ने बताया कि लवली जानी-मानी सोसायटियों में भी रहती थी ताकि उस पर किसी को शक न हो। अधिकारी ने बताया, लवली के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था और अदालत ने उसे 20 दिसंबर 2023 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। तीन अप्रैल को लवली को पाटिलपुत्र इलाके से गिरफ्तार किया गया और उसे हिरासत में ले लिया गया।

डीसीपी के अनुसार, पूछताछ के दौरान लवली ने पुलिस को बताया कि स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद, उसने एक बीमा कंपनी में काम किया, जहां उसकी मुलाकात चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त करने वालों से हुई।

उन्होंने कहा, वह और उसका पति गोविंद चोरी के वाहनों की खरीदी बिक्री करने लगे। उसने बताया कि उसे 2021 में वाहन चोरी और डकैती से जुड़े एक मामले में झारखंड के रांची में गिरफ्तार किया गया था। उसने गाड़ियां चुराने वालों से और ऐसे वाहनों की खरीदी बिक्री करने वाले दूसरे लोगों से भी संपर्क स्थापित किया।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने टोयोटा फॉर्च्यूनर व हुंडई अल्काजार सहित नौ एसयूवी जब्त की हैं। अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# उड़ीसा का गांजा दिल्ली एनसीआर में करता था सप्लाई

- केमेस्ट्री से ट.2 पास कर रहा था गाड़ी में भरकर तस्करी
- 12 लाख का गांजा बरामद, मास्टर माइंस सहित 3 दबोचा

संवाददाता



क्राइम ब्रांच की टीम ने गांजा तस्करी के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जो उड़ीसा से गांजा की खेप लाकर दिल्ली एनसीआर में सप्लाई करते थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान विश्वास उर्फ राज, सौरभ सिंह उर्फ सोनू और सकलेन राजा खान उर्फ रफ्तार के रूप में हुई है। यह तीनों ही उड़ीसा, उत्तर प्रदेश के बरेली और फरुर्खाबाद के रहने वाले हैं। इनके पास से 80 किलो फाइन क्वालिटी का गांजा बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 12 लाख बताई जा रही है। गांजा के इस खेप को यूपी नंबर की स्विफ्ट गाड़ी में डालकर लाया गया था।

डीसीपी सतीश कुमार ने बताया कि एसीपी विवेक त्यागी की देखरेख में इंस्पेक्टर संजय कौशिक की टीम को इसके बारे में सूचना मिली थी। उस सूचना के आधार पर हैदरपुर हॉस्पिटल के पास ट्रैप लगाया गया और वहां से दो लोगों को पकड़ा गया। कार की तलाशी ली गई तो उसमें से प्लास्टिक के बैग मिले। इसके अंदर गांजा भरकर रखा हुआ था। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत त्र्ख्रक्र दर्ज किया गया। फिर इनकी निशानदेही पर तीसरे आरोपी को भी पकड़ा गया।

पूछताछ से पता चला कि सकलेन राजा खान केमिस्ट्री से एमएससी की पढ़ाई कर चुका है। शॉर्टकट से पैसा कमाने के चक्कर में यह गलत लोगों के संपर्क में आ गया और यह गांजा तस्करी करने लगा। उड़ीसा में गांजा सस्ते रेट पर मिलता है और इसकी कीमत दिल्ली और एनसीआर में काफी महंगी होती है। इसलिए तस्कर इसकी खेप बाहर से लाते हैं।

# नेवी ऑफिसर की वाइफ को सांप से डसवाने का डर

- नकली साधु महंगी अंगूठी लेकर हो गया फरार
- सपेरा बस्ती में पुलिस का छापा, साधु सहित 3 गिरफ्तार
- 800 रुपए किराए पर ऑटो लेकर करता वारदात

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नेवी ऑफिसर की पत्नी को नकली सांप से डराकर और उसकी प्लैटिनम/गोल्ड की अंगूठी जबरदस्ती लेकर फरार होने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान देबू नाथ, विनोद कामत और राजेंद्र शर्मा के रूप में हुई है। यह तीनों पंजाबी बाग, नांगलोई और शकूरपुर के रहने वाले हैं। इनके पास से महिला की अंगूठी बरामद कर ली गई है। वारदात में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा को भी जप्त कर लिया गया है। इसके साथ-साथ पुलिस ने नकली सांप, साधु का ड्रेस, मेटल का लोटा, बैग भी बरामद किया है।

डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि इस तरह की वारदात आरके पुरम थाना इलाके में अंजाम दिया गया था। जब अफ्रीका एवेन्यू रोड पर नेवी ऑफिसर की पत्नी के साथ इन्होंने वारदात को अंजाम दिया था। 5 अप्रैल को इन्होंने उस महिला को रोक लिया, पहले तो उसे कहा कि वह कुछ लोटे में दान कर दे। जिससे उसका पुण्य होगा, भगवान उनका भला करेंगे, उनकी रक्षा करेंगे। उसके बाद जब महिला ने लोटे में अपनी अंगूठी और कैश डाल दिया तो उसके बाद इन्होंने डमी सांप से उसे डसने का डर दिखाकर धमकाया। उसकी महंगी अंगूठी लेकर वहां से फरार हो गए।

मामले की सूचना महिला ने पुलिस को दी। आर के पुरम थाना की पुलिस टीम ने छानबीन शुरू की। एसएचओ रविंद्र कुमार त्यागी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पता लगाना शुरू किया। जिस ऑटो से यह लोग भागे थे उसकी पहचान की गई और फिर पुलिस टीम उस रूट को चेक करते हुए इन आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब हुई। इन्हें फिर एक-एक करके गिरफ्तार किया गया। जप्त किया गया ऑटो नांगलोई की रहने वाली एक महिला के नाम पर रजिस्टर्ड थी। जिसे उसने निहाल विहार के रहने वाले एक शख्स विनोद को चलाने के लिए किराए पर दिया था।

विनोद के पकड़े जाने पर उसने बताया कि करीब 15 दिन पहले तीन चार साधु से उसकी मुलाकात हुई। उसने ऑटो हायर किया और रोज का 800 सुबह 8:00 से दोपहर 2:00 बजे तक देने का वादा किया। वह उन साधु को झुग्गी से लेता और बाद में फिर दोपहर के बाद उन्हें वहीं छोड़ देता था। फिर पुलिस टीम ने विनोद की निशानदेही पर सपेरा बस्ती झुग्गी पर छापा मारा और आरोपी को पकड़ा। जो अंगूठी उसने नेवी ऑफिसर की पत्नी से जबरदस्ती लिया था, उसे उसने एक ज्वेलर को बेच दिया था। पुलिस ने फिर उस ज्वैलर को पकड़ा और वहां से अंगूठी बरामद की।

# सफदरजंग हॉस्पिटल से किया पीछा, एम्स पहुंचकर दबोचा

- साउथ दिल्ली के दर्जन भर थाना क्षेत्र में कर चुके वारदात



सफदरजंग हॉस्पिटल पुलिस चौकी की टीम ने तीन शातिर बदमाशों को पीछा करके एम्स हॉस्पिटल के अंडरपास के पास गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो मोटरसाइकिल और स्कूटी बरामद की गई है। उनकी गिरफ्तारी से रोहिणी के कंझावला और साउथ दिल्ली के महरौली थाना के दो मामलों का खुलासा भी किया गया है। डीसीपी रोहित मीणा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान नीतू, रियासत और अरमान के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार यह तीनों दिल्ली के संगम विहार और तिगड़ी जेजे कैंप के रहने वाले हैं। इनमें नीतू पर पांच मामले स्नैचिंग के चल रहे हैं। जो सफदरजंग एनक्लेव, घिटोरनी, साकेत, सनलाइट कॉलोनी और हौज खास थाना में दर्ज हैं। जबकि रियासत 13 मामलों में शामिल रहा है, जो इसने गोविंदपुरी और साकेत आदि थाना इलाकों में अंजाम दिया है। वहीं अरमान चोरी, स्नेचिंग के 14 मामलों को अब तक अंजाम दे चुका है। जो सनलाइट कॉलोनी, हजरत निजामुद्दीन आदि थाना इलाकों में दर्ज हैं। डीसीपी ने बताया वाहन चोरी की वारदात को सुलझाने के लिए सफदरजंग पुलिस चौकी की टीम लगी हुई थी। इस दौरान चौकी इंचार्ज सुरेश कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पेंद्र, राजेंद्र, नेतराम और सुरेंद्र की टीम ने एम्स अंडरपास के पास इनको ट्रैक किया। फिर इन्हें पकड़ा गया, जब यह सफदरजंग हॉस्पिटल की तरफ से भाग रहे थे। जिस मोटरसाइकिल से भाग रहे थे, वह कंझावला इलाके से चोरी की निकली और स्कूटी महरौली थाना इलाके से। फिर इनकी पहचान की गई और आगे की पूछताछ अभी की जा रही है।

# द्वारका एएटीएस ने हथियार सहित बदमाश को दबोचा

## उत्तम नगर के सफेदा पार्क इलाके से पकड़ा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने दिल्ली पुलिस के एक घोषित बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इसके पास से देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान आजाद अहमद उर्फ बाबू के रूप में हुई है। यह विकास नगर, जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इसके ऊपर पहले से पंजाबी बाग, विकासपुरी, इंद्रपुरी, उत्तम नगर और नारायण थाने में 6 मामले दर्ज हैं। इस बदमाश के बारे में स्पेशल स्टाफ की टीम को एक सूचना मिली थी। उस सूचना पर इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर राकेश, विनोद, अरककरतार, हेड कांस्टेबल देव, प्रकाश और जगदीश की टीम ने ट्रैप लगाकर सफेद पार्क उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। तलाशी में हथियार और कारतूस मिला।

# द्वारका स्पेशल स्टाफ ने हथियार सहित बदमाश को दबोचा

## उत्तम नगर के सफेदा पार्क इलाके से पकड़ा

संवाददाता





द्वारका जिला के स्पेशल स्टाफ की पुलिस टीम ने दिल्ली पुलिस के एक घोषित बदमाश को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। इसके पास से देसी तमंचा और दो जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान आजाद अहमद उर्फ बाबू के रूप में हुई है। यह विकास नगर, जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि इसके ऊपर पहले से पंजाबी बाग, विकासपुरी, इंद्रपुरी, उत्तम नगर और नारायण थाने में 6 मामले दर्ज हैं। इस बदमाश के बारे में स्पेशल स्टाफ की टीम को एक सूचना मिली थी। उस सूचना पर इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में सब इंस्पेक्टर राकेश, विनोद, अरककरतार, हेड कांस्टेबल देव, प्रकाश और जगदीश की टीम ने ट्रैप लगाकर सफेद पार्क उत्तम नगर इलाके से गिरफ्तार किया है। तलाशी में हथियार और कारतूस मिला।


# नगर पंचायत मसवासी के कार्यालय परिसर मे मनाई गई सम्राट अशोक की 2328 वीं जयंती

## चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान थे सम्राटों के भी सम्राट :हरिओम मोर्य

प्रात: किरण संवाददाता



मसवासी ।नगर पंचायत मसवासी कार्यालय परिसर में चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान की 2328 वीं जयंती मनाई गई इस अवसर पर सभी ने सम्राट अशोक की विशाल प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इस अवसर पर बोलते हुए आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान चेयरमैन हरिओम मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान का शाशन जहां से सूर्य निकलता था और जहां तक छुपता था वहां तक था सम्राट अशोक सम्राटों के भी सम्राट चक्रवर्ती सम्राट थे जिन्होंने सिकंदर को भी हराया था उनके शासन में शेर और बकरी एक साथ पानी पिया करते थे जिन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना की थी तथा शिक्षा के क्षेत्र मे तथा सामाजिक कार्य भी किये । इस मौके पर बोलते हुए कार्यक्रम के अध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष चेतन स्वरूप मौर्य ने कहा कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान भारत के गौरवशाली राजा हुए जिन्होंने अखंड भारत पर राज किया जिनके शासन में हमेशा न्याय किया जाता था और कलिंग युद्ध के बाद उन्होंने बौद्ध धर्म को अपना लिया था तथा उसका देश-विदेश में भी प्रचार प्रसार किया तथा 84000 बौद्ध स्तूपों का निर्माण किया इस मौके पर सभी ने सरकार से सम्राट अशोक की जयंती पर अवकाश घोषित करने की भी मांग की इस अवसर पर चेतन स्वरूप मौर्य भूप सिंह मौर्य दुर्गेश बाबू गंगवार यशपाल मौर्य अरविंद मौर्या संजीव कुमार वर्मा शक्ति सिंह मौर्य परविंदर मौर्य धर्मेंद्र मौर्य गुलाब सिंह कुशवाहा दिनेश मौर्य अतर सिंह मौर्य कुलदीप मौर्य विजय मौर्य राजेश मौर्य लक्ष्मण मौर्य लखन मौर्य मयंक मौर्य ब्रजकिशोर मौर्य धर्मेंद्र मौर्य मदनलाल मौर्य जितेंद्र चंद्रा आदि सभी लोग शामिल रहे।

# न्यूजक्लिक मामले में प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमित मिली: दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को यहां एक अदालत को बताया कि न्यूजक्लिक के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आतंकवाद रोधी यूएपीए के तहत मामला चलाने के लिए जरूरी स्वीकृति हासिल कर ली गई है। आरोप है कि समाचार पोर्टल ने चीन समर्थक दुष्प्रचार फैलाने के लिए पैसा लिया था।अभियोजन पक्ष ने अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर को बताया कि स्वीकृति के दस्तावेज मामले में पूरक आरोप पत्र के साथ दायर किए गए हैं। न्यायाधीश ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल तय की। गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम के तहत एक स्वतंत्र प्राधिकारी, जांच एजेंसी द्वारा एकत्र किए गए सबूतों की समीक्षा करने के बाद किसी आरोपी पर मुकदमा चलाने को लेकर सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश करता है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस(डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/550 नई दिल्ली, दिनांक: 15.04.2024

एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल–की खरीद हेतु दिनांक 06.05.2024 को खोली जाने वाली ई–स्वदेशी निविदा सं.: डब्लूयूटीए–550

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से आई सी एफ ड्रॉइंग सं. एएए02045 ऑल्ट–बी और आईआरएस आर–1695 शुद्धिपत्र संख्या 1 से 4 के साथ एफआईएटी–आईआर डिब्बों के लिए अर्ध–निर्मित एलएचबी एक्सेल की खरीद हेतु इलैक्ट्रॉनिक बोलियां आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक बोलीदाताओं को सूचित किया जाता है कि वे आगे के ब्यौरों के लिए, निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने एवं अपनी ई–बोलियां जमा करने के लिए http://ireps.gov.in वेबसाइट देखें। विषयगत निविदा के अन्य शुद्धिपत्र केवल वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा और प्रिंट मीडिया में अपलोड नहीं किया जाएगा।

निदेशक, रेल भंडार (एम)
रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110001
दूरभाष सं. 011–23073191
ईमेल आईडी :drsm@rb.railnet.gov.in

1130/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# जामिया आरसीए के 31 छात्र यूपीएससी में पास, टॉप 10 में नौशीन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




जामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए) ने एक बार फिर यूपीएससी परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है। जामिया आरसीए के कुल 31 छात्रों ने यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में कामयाबी हासिल की है। इनमें से नौशीन नामक छात्रा टॉप 10 में शामिल हैं। सिविल सर्विस के फाइनल रिजल्ट में नौशीन ने नौवां स्थान हासिल किया है।

नौशीन मूल रूप से गोरखपुर की रहने वाली हैं। उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन की है। इसके बाद नौशीन ने जामिया मिलिया इस्लामिया से सोशल वर्क में पोस्ट ग्रेजुएशन की। पोस्ट ग्रेजुएट के उपरांत उन्होंने सिविल सर्विसेज की तैयारी का निर्णय लिया और इसके लिए जामिया आरसीए में एडमिशन लिया।

अपनी इस कामयाबी पर नौशीन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वह बहुत खुश हैं और उनकी इस उपलब्धि में जामिया की आवासीय कोचिंग अकादमी की बड़ी भूमिका है। यूपीएससी पास करने वाले कुल 31 छात्रों में 11 लड़कियां शामिल हैं।

अकादमी ने बीते सालों में भी अच्छे परिणाम दिए हैं। अकादमी की श्रुति शर्मा यूपीएससी में अव्वल रही थीं और सिविल सेवा परीक्षा 2021 में अखिल भारतीय रैंक 1 हासिल की थी। इस वर्ष जामिया आरसीए के कुल 151 छात्र यूपीएससी की परीक्षा में शामिल हुए। इनमें से 71 छात्र इंटरव्यू तक पहुंचे और 31 छात्र सेलेक्ट हुए हैं।

अपनी स्थापना के बाद से अभी तक जामिया आरसीए से सिविल सेवाओं और अन्य केंद्रीय और राज्य सेवाओं में 630 से अधिक छात्रों का चयन हुआ है। जामिया आरसीए के जिन छात्रों ने यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल की है, उनमें नौशीन, नाजिया परवीन, आतिफ वकार, बोरकर सुरेश, दिव्यांशी सिंगला, सैयद आदिल, हर्षिता शर्मा, फरहीन व प्रेरणा सिंह शामिल हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी ने सिविल सर्विसेज की परीक्षा और इंटरव्यू का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। सिविल सर्विस परीक्षा में इस साल आदित्य श्रीवास्तव ने टॉप किया है। उन्होंने इस परीक्षा में पहली रैंक हासिल की है। दूसरे नंबर पर अनिमेश प्रधान हैं। टॉप 3 में तीसरा स्थान डोनुरु अनन्या रेड्डी ने हासिल किया है। यूपीएससी की इन परीक्षाओं में कुल 180 उम्मीदवार भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के लिए हैं। 200 उम्मीदवार इंडियन पुलिस सर्विस यानी आईपीएस के लिए हैं। भारतीय विदेश सेवा अर्थात आईएफएस के लिए 37 उम्मीदवार हैं। आरसीए सिविल सेवा के लिए कोचिंग छात्रों के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध अकादमी है। यह अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अल्पसंख्यक समुदायों के उम्मीदवारों के लिए सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग और प्रशिक्षण प्रदान करता है। जामिया के मुताबिक इसका एक अनुकूल वातावरण और एक इकोसिस्टम है जो सिविल सेवा और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के उम्मीदवारों के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ है। प्रतिष्ठित आवासीय कोचिंग अकादमी (आरसीए), जामिया मिल्लिया इस्लामिया ने, सिविल सेवा (प्रारंभिक-सह-मुख्य) परीक्षा 2025 की तैयारी के लिए निशुल्क कोचिंग के लिए आवेदन भी आमंत्रित किए हैं। जो छात्र यहां कोचिंग के लिए चयनित किए जाएंगे उन्हें लाइब्रेरी व छात्रावास जैसी की सुविधा भी निशुल्क उपलब्ध होगी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

शुद्धिपत्र

विषय:– निविदा सूचना संख्या 05-DRM-MB-24-25 dated 05.04.2024 के सम्बन्ध में

उपरोक्त निविदा दिनांक 30.04.2024 को खोली जानी है। निविदा में कार्य का नाम Balance work of LHS no. 73(CH-HGJ) & LHS no. 74(CH-HGJ) section under ADEN/CH के स्थान पर **"Balance work of LHS no. 70, 73 & 74 in CH-HGJ section under ADEN/CH"** व निविदा में विज्ञापन मूल्य राशि : 1,87,98,697.90 को संशोधित करके नया विज्ञापन मूल्य राशि – 2,81,98,046.81 और Earnest Money राशि 2,44,000/– को संशोधित करके नई Earnest Money राशि 2,91,000/– पढ़ा जाये, निविदा की अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

1136/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना
(ई–टेंडरिंग द्वारा)

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम तथा स्थान | कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ़ SSDAC ऑफ़ GG ट्रोनिक्स मेक फॉर थ्री इयर्स |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹1,82,68,227.24/- मात्र |
| धरोहर राशि (₹) | ₹2,41,300/- मात्र |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता–C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |
| निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का समय 16.04.2024/ निविदा खुलने का दिनांक 08.05.2024 15:00 बजे तक |
| वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। | उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखे नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली–110055 |

निविदा संख्या : 558–सिगनल–16–एम–टेंडर–ए एम सी–084–2024–25 दिनाँक : 16.04.2024

1145/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई-निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु **एक पैकेट** खुली **ई-निविदा** आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| 1. | **कार्य का विवरण और स्थान :** उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के अधीन टीएमएमडी केकेडीई, एलकेओ और टीकेडी में यूटीवी 2001, 2002, 2004, 3061 और 10072 ट्रैक मशीनों का पीओएच। |
| 2. | **कार्य समाप्त अवधि :** 08 महीने |
| 3. | **अनुमानित लागत :** रुपये 2,38,90,909.88 |
| 4. | **धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा) :** रुपये 2,69,500.00 |
| 5. | **निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा) :** शून्य |
| 6. | **निविदा जमा करने व खुलने की तिथि एवं समय :** निविदा प्रपत्र दिनांक 16.04.2024 से दिनांक 07.05.2024 तक सायंकाल 15.00 बजे तक रेल वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेगा। निविदा 07.05.2024 को अपराह्न 15:00 बजे के बाद खुलेगी। |
| 7. | **निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण :** इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए IREPS (www.ireps.gov.in) पर दिनांक 23.04.2024 से दिनांक 07.05.2024 तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गयी हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं। |

सं.: 1-डब्ल्यू-उ.मु.अभि.-टी.एम.सी.-ला.-यू.टी.वी.-01-24-25 दिनांक: 16.04.2024 1139/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-ELECT-11-T-2024-25-E3 दिल्ली मंडल में लिफ्ट, एस्केलेटर, प्लेटफार्म लाइटिंग (30/70%) स्ट्रीट लाइट, सबस्टेशन आदि जैसी विद्युत सामान्य संपत्तियों की निगरानी और नियंत्रण के लिए आईओटी उपकरणों के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। |
| निविदा की अनुमानित लागत | रु० 599.57 लाख |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियता/जी, स्टेट एंट्री रोड़, नई दिल्ली |
| बयाना राशि | रु० 449800.00 |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय | 14.05.2024, 12.00 Hrs |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय | 14.05.2024, 12.00 Hrs |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in/ वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियन्ता/जी, नई दिल्ली |

1126/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त खबरें

### मृतक के परिजन से मिले लोजपा आर के पदाधिकारी

हाजीपुर। भगवानपुर प्रखंड के शंभुपुर कोआरी ग्राम में मुखिया केशव पटेल के बड़े भाई मुकेश पटेल के निधन उपरांत लोकजनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के आदेशानुसार पांच सदस्यीय टीम ने मृतक के परिजन से मुलाकात किया। पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह लोजपा रामविलास के वारिस्ट नेता अवधेश कुमार सिंह के अध्यक्षता में प्रदेश महासचिव राजकुमार पासवान, छात्र लोजपा जिला अध्यक्ष श्रीकांत पासवान, प्रखण्ड अधक्षय सुरेश दास, कृष्ण मोहन पटेल, शंभू पासवान, अरूण कुमार पांडेय ने परिजनों से मुलाकात किया एव गहरी शोक प्रकट किया।

# खापूर पंचायत के पूर्व मुंखिया को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

- उदाकिशुनगंज एसडीपीओ ने कहा आवेदन मिलते हीं की जाएगी उचित कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता




मधेपुरा जिले के आलमनगर प्रखंड के खापुर पंचायत के पूर्व मुखिया मुकेश कुमार मुन्ना की सोमवार की शाम गोली मार कर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद गांव में दहशत है। देर रात शव को पोस्टमार्टम के लिए मधेपुरा सदर अस्पताल लाया गया। मेडिकल बोर्ड गठन के बाद मंगलवार की सुबह में शव का पोस्टमार्टम किया गया। घटना के समय पूर्व मुखिया के साथ रहे भकुल सिंह ने कहा कि सोमवार को खापुर के खदैया टोला वार्ड-12 में सड़क ढलाई हो रहा था। कुछ स्थानीय लोगों ने पूर्व मुखिया मुकेश कुमार मुन्ना को सड़क निर्माण में गड़बड़ी की बात कह कर वहां बुलाया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुखिया के साथ वे भी उस स्थल पर पहुंचे। लोगों से बातचीत के बाद सड़क ढलाई का काम शुरू हो गया। पूर्व मुखिया वहीं पर एक दुकान के आगे लगे चारपाई पर बैठ गए। सड़क निर्माण में लगे मजदूर अपना काम कर रहे थे। इसी बीच दो बाइक पर सवार लगभग 5-6 की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने पूर्व मुखिया मुकेश कुमार मुन्ना पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। लगभग 7-8 राउंड फायरिंग के बाद सभी बदमाश गड़ासा से गर्दन के ऊपर सिर पर वार कर घायल कर दिया। उन्होंने बताया कि गोली चलने की आवाज सुनकर काम कर रहे सभी मजदूर वहां से भाग गए। जब मैं बचाने के लिए आगे बढ़ा तो मेरे ऊपर पर भी बदमाशों ने गोली चला दी। लेकिन गोली मेरे बगल से निकल गई। जिसके बाद मैं किसी तरह जान बचाकर वहां से भाग कर एक घर में छुप गया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश भाग वहां से भाग निकले। हालांकि भागने के दौरान बदमाशों की एक बाइक वहीं पर छूट गई। उन्होंने बताया कि लोगों की मदद से पूर्व मुखिया को इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में उनकी मौत हो गई। उदाकिशुनगंज एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि अभी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच कर रही है।

# मेडिकल स्टोर से छापेमारी कर 44 कार्टून कोडीन युक्त कफ सिरप किया बरामद



- एएसपी प्रवेंद्र भारती के नेतृत्व में तीन थाना के संयुक्त टीम द्वारा की गई छापेमारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) नगर पंचायत के वार्ड 11 दुर्गा स्थान चौक स्थित रंजीत मेडिकल स्टोर में सोमवार की शाम एएसपी प्रवेंद्र भारती के नेतृत्व में तीन थाना के संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी कर भारी मात्रा में कोडीन युक्त सिरप बरामद किया गया। मौके से मेडिकल एजेंसी के तीन कर्मियों को गिरफ्तार किया गया। मंगलवार को मुरलीगंज थाना पर एएसपी प्रवेंद्र भारती ने प्रेसवार्ता कर बताया कि अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी मधेपुरा के निदेर्शानुसार अपराधियों की गिरफ्तारी, आसूचना संकलन कर अवैध आग्नेयास्त्र एवं मादक पदार्थ के बरामदगी हेतु लगातार छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम बीते सोमवार को सूचना प्राप्त हुई थी कि मुरलीगंज दुर्गा स्थान चौक स्थित रंजीत मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित कोडीनयुक्त कफ सिरप का रेपर बदलकर हॉलसेल एवं खुदरा दर बिक्री किया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एएसपी प्रवेंद्र भारती के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था। छापेमारी क्रम में रंजीत मेडिकल स्टोर के मालिक रंजीत कुमार साह मौके से भागने में सफल रहे। वही मेडिकल स्टोर में कार्यरत स्टाफ सुधांशु कुमार, मुकेश कुमार और राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। टीम के द्वारा मेडिकल स्टोर व गौदाम से कफ सिरप के कुल 44 कार्टून करीब 440 लीटर बरामद किया गया है। वही दंडाधीकारी के द्वारा रंजीत मेडिकल स्टोर को सील कर दिया गया है। बिहार मदनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है। छापेमारी टीम में पु नि रामलखन पंडित, सदर थाना प्रभारी, विमलेंदु कुमार, मुरलीगंज थाना प्रभारी मंजू कुमारी, पुअनि विनय शंकर प्रसाद, नंदकिशोर गुप्ता, मनोज पासवान, मो इमनाज खान समेत पुलिस बल शामिल थे।

# अष्टयाम यज्ञ के लिए निकाली गई भव्य कलश यात्रा में शामिल हुए सैंकड़ों श्रद्धालू



प्रात : किरण संवाददाता

महुआ। महुआ प्रखंड क्षेत्र के जहांगीरपुर सलखन्नी पंचायत के मध्य विद्यालय चांदपुरा नवीन के पास अष्टयाम यज्ञ का आयोजन रामनवमी के शुभ अवसर पर किया जा रहा है। यह अष्टयाम यज्ञ 24 घंटे के लिए हरे कृष्णा हरे राम, गौरी शंकर सीताराम महामंत्र से गूंजायमान होगा। अष्टयाम यज्ञ से पूर्व यहां के नर नारियों द्वारा भव्य कलश शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। कलश यात्रा का नेतृत्व चंद्रदेव राय, रामसागर सिंह, जदयू नेता उमेश कुमार सिंह,प्रमोद कुमार सिंह,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि पप्पू कुमार चौधरी ,डॉ.संजय राय, डॉ. अशोक राय, गणेशी राय ,शंभू कुमार सिंह, मनोरंजन सिंह, राज किशोर सिंह ,विद्यानंद सिंह, विपिन सिंह ,पंकज सिंह ,किशोरी राय ,विकास कुमार राय, संतोष कुमार ,बिट्टू सिंह सहित अन्य शामिल थे। कलश यात्रा पंचायत भवन परिसर में स्थित राम जानकी मंदिर से जहां पर पहलेजा से लाए गए पवित्र गंगाजल को पंडित दीपक झा के मंत्रोच्चारण के बीच मुख्य यजमान इं० कैलाश कुमार राय एवं गीता देवी ने संकल्प लिया। तत्पश्चात हजारों की संख्या में कलश यात्रियों के कलश में गंगाजल भर कर गाजे बाजे के साथ जहांगीरपुर सलखन्नी ,गौसपुर ,बरहर चौक, समसपुरा ,सुपौल होते हुए चांदपुरा यज्ञ स्थल पर पहुंची। वहां पर पूरे विधि विधान के साथ कलश को यज्ञ मंडप में स्थापित किया गया। अष्टयाम यज्ञ रामनवमी के शुभ अवसर पर बुधवार के पूर्वाहन में आरंभ होगी, जो बृहस्पतिवार के पूणार्हुति होकर समाप्त होगी। शाम में नगर भ्रमण एवं रात्रि में भोजपुरी लोक गायक रामाशंकर यादव द्वारा विवाह कीर्तन का आयोजन किया गया है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। इसमें सक्रिय भूमिका निभाने वाले में पप्पू कुमार, मनीष कुमार, कैलाश राय ,रामप्रवेश राय, रोशन कुमार, रजनीश कुमार कारू, मनीष सिंह ,लालदेव पासवान, जितेंद्र राय ,सुनील सिंह ,सुधीर सिंह ,सुमन कुमार, देवेंद्र मांझी, दौलत मांझी ,अनिल मांझी, विकास राय, वीर चंद्र राय भगत जी, विक्रम ,संतोष, चंदन, मुकेश सहित अनेकों लोग शामिल है।

# कैम्पस में झपटामार ने शिक्षिका के गले से उड़ायी चैन

प्रात : किरण संवाददाता

मुरलीगंज (मधेपुरा) मुरलीगंज में झपटमार गिरोह सक्रिय होने लगा है। बाजार के सड़को तो दूर अब आवासीय कैंपस तक पहुंचकर घटना को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। इस तरह के घटना से लोग सहमे हैं। सोमवार को थाना के पुरब बगल स्थित आवासीय कैंपस में बाइक सवार दो युवक घुसकर एक शिक्षिका की गले से चैन झपटकर भागने में सफल रहे। स्कूल से लौट कर अपने भारे के घर जा रही एक शिक्षिका की चेन लूटकर फरार हो गया। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस अब इस मामले की जांच में जुटी हुई है। हालांकि 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बाद भी बदमाशों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है। ना हीं मामले का कुछ खुलासा हो पाया है। थाना के समीप वार्ड दस सरस्वती निवास में रह रही शिक्षिका अमृता कुमारी ने थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि मैं चौसा प्रखंड में उच्च माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका हूं। प्रतिदिन की भांति विद्यालय से वापस आ रही थी और अपने कैंपस में प्रवेश कर चुकी थी। समय लगभग 12 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो लड़का कैंपस में आकर मेरा आर्टिफिशियल रोल गोल्ड चेन झपटकर भाग निकला। मैं हताश हो गई आवाज देने पर कैंपस के लोग दौड़े लेकिन तब तक वह भाग निकला। इस बावत थाना प्रभारी मंजू कुमारी ने कहा घटना के बाद से छानबीन की जा रही है। आवेदन प्राप्त होने पर कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क निर्माण राशि के गबन के आरोप में तत्कालीन मुखिया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। वैशाली जिले के तिसिऔता थानान्तर्गत तिसिऔता हाई स्कूल पी०सी०सी० सड़क के निर्माण में बरती गई अनियमितता एवं भ्रष्ट्राचार के आरोप में विविध वाद सं0-01/22-23 के आलोक में तत्कालीन पंचायत सचिव (चन्देश्वर राम) एवं तत्कालीन मुखिया मनोज चौधरी, पे० प्रताप चौधरी, सा०+थाना-तिसिऔता, जिला-वैशाली पर गबन का आरोप लगा था। जिला नीलाम पदाधिकारी, वैशाली के द्वारा कई बार नोटिस जारी करने के बाद भी इनलोगों के द्वारा उक्त निर्माण का पैसा सरकार के राजस्व में जमा नहीं कराया जा रहा था। तत्पश्चात इनके विरूद्ध गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया एवं जिसके आलोक में पूर्व मुखिया मनोज चौधरी को तिसिऔता थाना के द्वारा गिरफ्तार कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# महुआ में श्रद्धा भाव से याद किए गए महान राजा चक्रवर्ती सम्राट अशोक

प्रात : किरण संवाददाता



महुआ महुआ प्रखंड क्षेत्र के अनेकों प्राथमिक मध्य एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में मंगलवार को सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं और विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं छात्र छात्राओं ने सम्राट अशोक के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने सम्राट अशोक की जीवनी के बारे में विस्तार रूप से चर्चा करते हुए उनकी महानता एवं विश्व सम्राट बनने की गाथाओं से भी परिचित कराया। इसी कड़ी में महुआ नगर परिषद क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय महुआ कन्या में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राम लगन भारती की अध्यक्षता में सम्राट अशोक की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापक समेत शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व पर चर्चा की एवं उनके व्यक्तित्व से सीख लेने के लिए संकल्प व्यक्त किया। इस मौके पर विधालय के प्रधानाध्यापक राम लगन भारती, कुमार सरोज,अमित कुमार, सत्येंद्र कुमार,पिंकी कुमारी ,मंजू कुमारी ,रीना कुमारी, मजहबीन खातून, गीता आदि उपस्थित थे। वही प्रखंड क्षेत्र के आदर्श मध्य विद्यालय मिर्जा नगर में भी सम्राट अशोक की जयंती मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार आलोक,पंकज कुशवाहा,संगीता कुमारी,मोहम्मद अफजल, संजय कुमार, रंजीता कुमारी आदि के साथ साथ अनेकों छात्र छात्राएं और शिक्षक शिक्षिकाए भी उपस्थित थे।

# रामनवमी महावीरी पताकों से पटा बाजार



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- लोकसभा चुनाव के दो दिन पहले श्रीराम का जन्मोत्सव आज बुधवार को मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार की हर गली आकर्षक महावीरी पताको से पट चुका है। छठ महापर्व सोमवार को समाप्त होने के बाद रामनवमी की तैयारी में क्षेत्रवासी जुट गए हैं। जिसके लिए लोग अपने घरों में हरे बांस में फहराने को लेकर महावीरी पताका बनवाने के कार्य में जुट गए हैं। जबकि पर्व की तैयारी में लोग हरे भरे बांस को काट कर ध्वजा के लायक तैयार करते देखे गए। पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की सभी तैयारियां भक्तों द्वारा पूरी कर ली जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों समेत प्रखंड क्षेत्र में स्थापित विभिन्न हनुमान मंदिरों को भगवा रंग से रंग रोगन कर आकर्षक लुक दिया जा रहा है। बजरंगबली की मूर्तियों एवं मंदिरों को सजाने संवारने का कार्य भी शुरू कर दी गई है। वहीं बाजार के फल विक्रेता भी चार दिवसीय छठ समाप्ति के बाद रामनवमी के मौके पर फल-फूल आदि का बिक्री करने के लिए तैयारी पूरी कर ली है। वहीं दर्जी एवं टेलर रामनवमी को लेकर आकर्षक व मनपसंद महावीरी पताका सिलाई करने में जुटे हुए हैं। बता दे कि श्री राम जन्मोत्सव संपन्न होने के बाद गिद्धौर बाजार में बजरंग दल और हिंदू संगठनों के द्वारा रामनवमी जुलूस निकाली जाएगी।

# राज नारायण महाविद्यालय में रेणु की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता




हाजीपुर। राज नारायण महाविद्यालय, हाजीपुर के हिंदी विभाग के तत्वावधान में रेणु की पुण्यतिथि के अवसर पर रेणु की रचना धर्मिता के विविध आयाम विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर प्रोफेसर जंग बहादुर पांडे ,पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग रांची विश्वविद्यालय संप्रति विजिटिंग प्रोफेसर केंद्रीय विश्वविद्यालय कोरापुट,उड़िसा एवं डॉक्टर प्रोफेसर सुनीता गुप्ता, प्राचार्य एलएन कॉलेज, भगवानपुर उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनारायण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ रवि कुमार सिंहा ने किया। कार्यक्रम का प्रारंभ हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉक्टर रजनीकांत रंजन के स्वागत वक्तव्य से हुआ। बतौर मुख्य वक्ता प्रोफेसर जंग बहादुर पांडे ने अपने वक्तव्य में रेणु की सृजनशीलता पर प्रकाश डाला इसके साथ ही उन्होंने रेणु की लोकधर्मिता एवं प्रासंगिकता पर कई महत्वपूर्ण बातें की। छात्रों से उन्होंने सक्रिय संवाद भी किया। विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित प्रोफेसर डॉक्टर सुनीता गुप्ता ने रेणु की कहानियों ,उपन्यासों, रिपोर्ताज, संस्मरण आदि विधाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेणु की रचनाओं की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी। विषय -प्रवेश हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक श्याम किशोर प्रसाद ने कराया। मंच- संचालन डॉक्टर सोनल ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस अवसर पर हाजीपुर से प्रकाशित द्वापदनाभ पत्रिका के हरिशंकर परसाई विशेषांक का भी लोकार्पण किया गया।

# रामनवमी के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। आज समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा और पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय की अध्यक्षता में रामनवमी पर्व के मद्देनजर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में एडीएम, डीडीसी, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी, सभी थाना के थाना प्रभारी के साथ-साथ तीनों अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न पूजा समिति / रामनवमी जुलूस समिति के आयोजक, प्रतिनिधि उपस्थित हुए। बैठक में सभी थाना प्रभारियों तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को जुलूस मार्ग का स्वयं निरीक्षण कर लेने तथा संवेदनशील स्थलों को चिन्हित करने और वहां विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जुलूस के मार्ग में कहीं भी मांस मछली की दुकान नहीं रहे। जुलूस में डीजे के प्रयोग की किसी भी स्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के कारण लागू आदर्श आचार संहिता को देखते हुए किसी भी जुलूस में किसी राजनीतिक दल का झंडा अथवा प्रत्याशियों का प्रचार प्रसार नहीं किया जाए। आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए जुलूस निकाला जाए। जिला पदाधिकारी ने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि आपके द्वारा आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी उल्लंघन का चुनाव आयोग द्वारा सी विजिल एप के माध्यम से लगातार निगरानी किया जा रहा है। जुलूस में कितने लोग शामिल हो रहे हैं इसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित आयोजन समिति की है। उनके अपने जुलूस पर पूर्ण नियंत्रण होना चाहिए, ताकि किसी भी परिस्थिति में उसे ससमय निबटा जा सके। जुलूस मार्ग में बिजली के तारों को दुरुस्त करवा दिया जाए। जुलूस मार्ग में सीसीटीवी लगवा दिए गए हैं तथा ड्रोन से भी जुलूस की निगरानी रखी जाएगी। जिलाधिकारी ने सबों से अपील की कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सौम्यता के साथ जुलूस निकाला जाए। जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में सभी एसडीएम, सभी बीडीओ, सभी सीओ और सभी थानाअध्यक्ष मौजूद थे।

# कई स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा के निर्देश के आलोक मेंस्वीप गतिविधि अंतर्गत वैशाली महिला महाविद्यालय, हाजीपुर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया` इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी, महाविद्यालय के छात्र एवं कर्मियों ने भाग लिया` उप विकास आयुक्त द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में प्रथम बार मतदान कर रहे छात्राओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अपने माता-पिता, अभिभावकों को मतदान हेतु प्रेरित करने के अपील कि गई।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के छात्राओं से प्रेरक दूत के रूप में अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई वैशाली जिले के स्वीप आईकॉन श्री अभय कुमार के द्वारा बी एम डी कॉलेज दयालपुर, रामदेव सिंह प्राइवेट आईटीआई रहीमापुर, बिदुपुर मे आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 प्रथम बार मतदान करने वाले छात्र-छात्राओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं अपने अभिभावकों, आसपास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की गई` इसी क्रम में वैशाली,पटेढ़ी बेलसर, बिदुपुर,जंदाहा,लालगंज, देसरी, राजापाकर, गोरौल, चेहराकला प्रखंड में भी सेविकाओं एवं महिला पर्यवेक्षिकाओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं से मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र वैशाली के द्वारा मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के तहत संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में केन्द्र से जुड़े विद्यार्थियों एवं केन्द्र के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं एवं उनके अभिभावको ने मतदान करने एवं अपने आस-पास के लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करने का संकल्प लिया। बुनियाद केन्द्र बिदुपुर,महनार एवं पातेपुर द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने हेतु बुनियाद केन्द्र के कर्मियों ने घर-घर जागरुकता अभियान चलाया। गृह भ्रमण के दौरान घर पर उपस्थित सभी मतदाताओं से लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं आस- पास के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने की अपील की।

# विनोबा भावे पब्लिक स्कूल के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता अभियान




- बच्चों के माध्यम से ग्रामीणें व अभिभावकों को मतदान करने के लिए किया गया जागरूक

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- विनोबा भावे पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक रैली निकाली गई। यह रैली गिद्धौर रेलवे स्टेशन से होते हुए बंनझुलिया के ग्रामीण इलाकों में जाकर मतदाता को जागरूक करने का कार्य किया।

बच्चों के सिर पर मतदाता जागरूकता की टोपी तथा हाथ में स्लोगन लिखे बैनर थे जिसमे लिखा था - भारत भाग्य विधाता हूं, अब तो मैं एक मतदाता हूं। लोकतंत्र हो तभी महान, जब सब करें एक साथ मतदान। विद्यालय प्रबंधन हमेशा से लोगों को किसी भी प्रकार की जागरूकता के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहा है। मतदाता जागरूकता रैली के बारे में प्राचार्य अभय कुमार पाण्डेय ने कहा कि यदि कोई बदलाव लाना चाहते हैं

तो मतदान एक बेहतर विकल्प है। मतदान लोकतंत्र का अभिन्न अंग है इसलिए सभी लोगों को अवश्य मतदान करना चाहिए। इस रैली में वर्ग चतुर्थ से दशम तक के सभी बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा विद्यालय के शिक्षकों में जीवन सिंह,शशिकांत शर्मा,अमित सिंह बघेल,बबिता कुमारी,अविनाश कुमार,शुभम कुमार,कर्नल कुमार,पिंकी सिंह,भानु कुमार,स्वीटी कुमारी,प्रिंस कुमार,स्वागता सिंह,संजीव कुमार तिवारी,पुष्पम कुमारी आदि शिक्षक शामिल थे।

# कुख्यात बालू माफिया रविन्द्र को किया गिरफ्तार



- कुख्यात बालू माफिया रविन्द्र यादव पर पुलिस और माईनिंग पर हमला कर ट्रैक्टर छुड़ाने से लेकर लक्ष्मीपुर,खैरा,गिद्धौर थाने में आधा दर्जन से ऊपर मामला है दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- लोकसभा चुनाव को लेकर जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने अपराध नियंत्रण हेतु मिले आदेश को लेकर गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने रतनपुर पंचायत के भौराटांड गांव में छापेमारी कर कुख्यात बालू माफिया रविन्द्र यादव को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बालू माफिया को पुलिस अपने कब्जे में लेकर पूछताछ कर रही है। माफिया पर जिले के विभिन्न स्थानों में 07 से अधिक केस दर्ज बताए गए हैं। जिनमें मुख्य रूप से पुलिस एवं खनन निरीक्षक के साथ मारपीट करने का आरोप सहित अवैध बालू उत्खनन का आरोप दर्ज है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले के पुलिस कप्तान डॉक्टर शौर्य सुमन ने जिले के मोस्ट वांटेड अपराधियों को पकड़ने के लिए सभी थाना में एक टीम का गठन किया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिद्धौर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली की माफिया रविन्द्र यादव अपने घर में मौजूद है। जानकारी मिलते ही भौराटांड गांव में उक्त अपराधी को दबोचने के लिए जाल बिछाया। और रविन्द्र यादव को घर से ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के लिए गठित टीम में पीएसआई अनुज कुमार एसआई राजेश्वर साह एवं सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे। इस संबंध में गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार बालू माफिया पर गिद्धौर,खैरा सहित कई थानों में प्राथमिकी दर्ज है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## जिला पदाधिकारी ने किया पीपा पुल का निरीक्षण

हाजीपुर। आसन्न लोकसभा निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -जिला पदाधिकारी श्री यशपाल मीणा द्वारा आज पीपा पुल का निरीक्षण किया गया। उन्होंने पीपा पुल की आवश्यक मरम्मती, रोशनी की व्यवस्था, पहुंच पथ, सुरक्षा एवं बचाव की दृष्टि से पीपा पुल के दोनों तरफ वोट की व्यवस्था, गोताखोर की तैनाती सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे यहां एक टेक्निकल टीम प्रतिनियुक्त करें।

सम्पादकीय

## सीएम ममता का हास्यास्पद तर्क

पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) टीम पर हमले और फिर एफआईआर, चोरी और सीनाजोरी का मामला है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी सरकार की नजर में कोई भी केंद्रीय जांच एजेंसी; एनआईए, ईडी या सीबीआई हो, वे सब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की निजी एजेंसियां हैं। इनका इस्तेमाल वे सूबे की सत्ता हासिल करने में करते हैं। लिहाजा, तृणमूल कांग्रेस (तृमूकां) ने निर्वाचन आयोग से मिलकर अनुरोध किया है कि वह भाजपा का चुनावी हित साधने में जांच एजेंसियों के दुरु पयोग रोके। तृमूकां का वहां अपनी बात रखने और उस पर उचित कार्रवाई की आशा का पूरा अधिकार है। पर अंधाधुंध विरोध में ममता इस बात को भूल जाती हैं कि वे केवल तृमूकां की अभियानी नेता भर नहीं हैं। वे मुख्यमंत्री जैसे एक संवैधानिक पद पर हैं, जिसका काम प्रदेश के साथ राष्ट्रीय एकता, सम्प्रभुता और अखंडता की रक्षा का भी है। यह तभी हो सकता है कि जब राज्य एवं संघ के कर्त्तव्यों का पालन किया जाए। पहले ईडी और अब एनआईए मामले में ऐसा नहीं हुआ है। एनआईए की टीम 2022 के एक आतंकवादी मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार करने पहुंची थी, उस पर उनके समर्थकों, जिन्हें कांग्रेस नेता अधीर रंजन दीदी के गुंडे कहते हैं, ने हमला कर दिया। मुख्यमंत्री एनआई टीम की कार्रवाई का सपोर्ट करने, उसे पुलिस सुरक्षा देने और हमलावरों की गिरफ्तारी का निर्देश देने के बजाय हास्यास्पद तर्क दे रही हैं। ममता मुख्यमंत्री हैं, उनके अधीन पुलिस समेत राज्य की कई जांच एजेंसियां हैं, जिनकी रात की रेड एक रूटीन-वर्क है। इसी बिना पर एनआईए की रेड का विरोध गैरजिम्मेदाराना है। ममता यह भी जानती हैं कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गई कोई भी टीम, अगर वह पुलिस से अभिरक्षित नहीं है तो गुस्साए परिजनों के हमले का खुला द्वार होती है। बदसलूकी का उस पर इल्जाम तो मामूली बात है जबकि यह कानूनी कार्रवाई में बाधा डालने और अफसरों पर हमले का मामला था, जिसकी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ममता क्या बताएंगी कि संदेशखालि का मामला इतनी ही फुर्ती से क्यों दर्ज नहीं हो सका था? दरअसल, एनआईए प्रकरण से ममता सरकार में संरक्षित आतंकवाद की फिर पोल-पट्टी खुल गई है। ऐसा करके वे चंद वोटों को ही गारंटिड कर सकी हैं। उसी समुदाय के अधिकतर लोगों एवं सूबे का भरोसा हार गई हैं, जिनकी कामना आतंकवाद-मुक्त शांतिपूर्ण-सहअस्तित्व की है।

## घर में घुसकर मारने के बयान पर चुप्पी क्यों

योगेंद्र योगी

दरअसल अमरीका भी खाड़ी देशों की तरह भारत से रिश्ते और प्रगाढ़ करने की दिशा में बढ़ रहा है। मुद्दा चाहे सैन्य साजो-सामान की सप्लाई का हो या फिर चीन के खिलाफ दमदार सहयोगी का हो, अमरीका को अंदाजा है कि चीन का मुकाबला भारत ही कर सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के घर में घुस कर मारने के बयान के बाद भी पूरी दुनिया चुप रही। पाकिस्तान के सिवाय विश्व के किसी भी देश ने इस पर कोई सख्त टिप्पणी करना तो दूर, सामान्य प्रतिक्रिया तक नहीं जताई। विश्व के देशों की समझ में आ गया है कि आतंकवाद के लिए बदनाम पाकिस्तान जैसे देश के लिए भारत से रिश्ते बिगाडा समझदारी नहीं है। बदले हुए वैश्विक परिदृश्य में हर देश सिर्फ नेशन फर्स्ट की नीति पर चल रहा है। इसलिए कोई देश किसी दूसरे देश के खिलाफ कोई प्रतिक्रिया तब तक नहीं देता है, जब तक कि उसके हितों पर आंच नहीं आए। ब्रिटिश अखबार गार्डियन की रिपोर्ट के बाद ठीक ऐसा ही हुआ है। गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हुई करीब 20 हत्याएं संयुक्त अरब अमीरात से संचालित भारतीय खुफिया एजेंसियों के स्लीपर सेल के जरिए अंजाम दिए गए। हत्याओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय अपराधियों या गरीब पाकिस्तानियों को लाखों रुपए देने का आरोप है। भारतीय एजेंटों ने हत्याओं को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर जिहादियों को भी भर्ती किया, उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि वे काफिरों को मार रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2019 के पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ द्वारा करीब 20 इस तरह की हत्याएं की गईं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पाकिस्तान द्वारा दिए गए सबूतों और सीमा के दोनों ओर के खुफिया अधिकारियों के इंटरव्यू पर आधारित है। इस खबर के बाद भी पाकिस्तान को छोड़ कर दुनिया के सभी देश खामोश रहे। भारत ने भी मौजूदा दौर में बदली हुई विदेश नीति के तहत इस बात को दबाने या छिपाने के बजाय विश्व के समक्ष साफ जाहिर कर दिया कि आतंकी कार्रवाईयों पर भारत चुप नहीं बैठेगा, बल्कि ऐसी कार्रवाईयों का मुंहतोड़ जवाब देगा। हालांकि भारत ने गार्डियन की इस रिपोर्ट का न तो खंडन किया और न ही समर्थन किया। भारत ने विश्व के सामने अपनी नीति को स्पष्ट कर दिया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने पूर्व में दिए गए बयान से भी एक कदम आगे निकल गए। सिंह ने पाकिस्तान को उसकी धरती पर आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए सहायता की पेशकश कर डाली। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान खुद को अक्षम महसूस करता है तो भारत आतंकवाद को रोकने के लिए सहयोग करने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अगर उसका मकसद आतंकवाद का इस्तेमाल कर भारत को अस्थिर करना है तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। यह सख्त टिप्पणी उनके द्वारा पाकिस्तान को चेतावनी देने के एक हफ्ते बाद आई है कि भारत सीमा पार करके भागने की कोशिश करने वाले किसी भी आतंकवादी का पीछा करेगा। उन्होंने कहा था कि अगर वे पाकिस्तान भागेंगे तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे। जमुई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान का बिना नाम लिए कहते हैं कि छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। आज का भारत घर में घुस कर मारता है। पाकिस्तान ने राजनाथ सिंह के इस बयान को भडकाऊ बताते हुए इसकी निंदा की। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का इतिहास खुद की रक्षा करने के लिए गवाही देता है। पाकिस्तान ने कहा कि हमने हमेशा क्षेत्र में शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है और यह भी कहा कि इतिहास पाकिस्तान के दृढ़ संकल्प और खुद की रक्षा करने की क्षमता की गवाही देता है। यह पहला मौका है जब भारत ने आतंकवाद के खिलाफ एक कदम आगे बढ़ते हुए परिवर्तित नीति का खुलासा किया है। इससे पहले ऐसे मामलों से भारत कन्नी काटता रहा है। आतंकियों के लगातार मारे जाने पर पाकिस्तान ने भारत पर आरोप लगाया था। पाकिस्तान ने दावा किया था कि इस कार्रवाई को अंजाम देने वाले एक भारतीय पासपोर्ट धारक को गिरफ्तार किया गया है। भारत ने तब इसे बेबुनियाद बताया था। इसी तरह कनाडा में आतंकी निज्जर की हत्या और अमरीका में आतंकी पन्नू की हत्या के प्रयासों के आरोपों पर भारत ने रक्षात्मक रुख अख्तियार करते हुए ऐसी कार्रवाईयों का खंडन किया था। किन्तु गार्डियन की खबर के बाद भारत ने अपना स्टैंड बदल लिया है। इस बदली हुई नीति का संदेश विश्व को दिया गया है। गौरतलब है कि कनाडा, अमरीका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और अन्य देशों में खालिस्तानी आतंकियों ने भारत के खिलाफ धरने-प्रदर्शन और हिंसात्मक कार्रवाईयां की हैं। भारत इन पर अपना विरोध जताता रहा है। रक्षामंत्री का बयान इन देशों और इनमें पल रहे आतंकियों के लिए भी चेतावनी है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि हर मामले की एक हद होती है। अब भारत किसी को बख्शेगा नहीं। विश्व के देश भारत के बदले हुए तेवर से स्तब्ध हैं। किसी भी देश ने इस मुद्दे पर पाकिस्तान का साथ नहीं दिया। इसकी प्रमुख वजह है कि भारत सभी देशों से कमोबेश द्विपक्षीय संबंध लगातार मजबूत कर रहा है। इसमें रणनीति और व्यापारिक संबंध शामिल हैं। सभी देशों को लगता है कि एक अरब 40 करोड़ की आबादी वाला भारत सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है। दो देशों के आपसी संबंधों के मामले में बीच में पडा अब कोई भी देश नहीं चाहता। सभी देशों को सिर्फ अपने हितों की फिक्र है। यही वजह है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सऊदी अरब की यात्रा के दौरान जब प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के समक्ष भारत के कश्मीर का मुद्दा उठाया, तब उन्होंने इसे द्विपक्षीय तरीके से हल किए जाने का सुझाव देते हुए टाल दिया। पाकिस्तान कई देशों से भारत पर दबाव डलवाने का प्रयास कर चुका है, किन्तु किसी भी देश ने इसमें बीच में आने से इंकार कर दिया। गौरतलब है कि भारत और सऊदी अरब के रिश्ते अब नए दौर में पहुंच गए हैं। सऊदी अरब को अंदाजा है कि कच्चे तेल पर टिकी अर्थव्यवस्था के भरोसे नहीं रहा जा सकता।

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श

**रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं। विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें मयार्दा पुरूषोत्तम कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है।**





**योगेश कुमार गोयल**
**लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं**

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें मयार्दा पुरूषोत्तम कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी आदर्श शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को रामराज्य कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।

महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्न ी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

# राम पर राजनीति नही, राम को अपनाए!

**इस पर्व पर अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों श्रद्धालु की भीड़ लग सकती है। चैत्र मास के इस शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 16 अप्रैल को दोपहर 1 बजकर 23 मिनट से प्रारंभ हो रही है, जो 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 15 मिनट तक रहेगी है। इसलिए उदया तिथि के हिसाब से रामनवमी 17 अप्रैल 2024 को ही मनाई जा रही है। इस दिन भगवान राम की पूजा सुबह 11 बजकर 1 मिनट से दोपहर 1 बजकर 36 मिनट तक होगी। यानि कुल 2 घंटे 35 मिनट तक की पूजा का योग है। वही विजय मुहूर्त– दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 24 मिनट तक रहेगा व गोधूलि मुहूर्त – शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक बना रहेगा। रामनवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र के साथ रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस दिन सुबह 5 बजकर 16 मिनट से 6 बजकर 8 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही रवि योग पूरे दिन रहने वाला हैं। राम एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से मन मे शांति, सुख, सन्तुष्टि का बोध होता है। ऐसा किसी अन्य शब्द में नही है। क्योंकि राम केवल दशरथनन्दन श्रीराम ही नही है अपितु राम उस परमात्मा का नाम भी है, जिनकी साधना स्वयं रामचंद्र जी भी करते है। यानि राम परमसत्ता है तो एक आदर्श का प्रतिरूप भी है। तभी तो राम हर किसी के रोम रोम में बसा है। वह भी आज से ही नही, बल्कि युगों युगों से।**





**डॉ. श्रीगोपाल नारसन**
**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन अभिजीत मुहूर्त और कर्क लग्न में प्रभु श्री राम का जन्म हुआ था। इस पर्व पर अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के लिए लाखों श्रद्धालु की भीड़ लग सकती है। चैत्र मास के इस शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि 16 अप्रैल को दोपहर 1 बजकर 23 मिनट से प्रारंभ हो रही है, जो 17 अप्रैल को दोपहर 3 बजकर 15 मिनट तक रहेगी है। इसलिए उदया तिथि के हिसाब से रामनवमी 17 अप्रैल 2024 को ही मनाई जा रही है। इस दिन भगवान राम की पूजा सुबह 11 बजकर 1 मिनट से दोपहर 1 बजकर 36 मिनट तक होगी। यानि कुल 2 घंटे 35 मिनट तक की पूजा का योग है। वही विजय मुहूर्त- दोपहर 02 बजकर 34 मिनट से 03 बजकर 24 मिनट तक रहेगा व गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 47 मिनट से 07 बजकर 09 मिनट तक बना रहेगा। रामनवमी के दिन आश्लेषा नक्षत्र के साथ रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहा है। इस दिन सुबह 5 बजकर 16 मिनट से 6 बजकर 8 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही रवि योग पूरे दिन रहने वाला हैं।

राम एक ऐसा शब्द है जिसके उच्चारण मात्र से मन मे शांति, सुख, सन्तुष्टि का बोध होता है। ऐसा किसी अन्य शब्द में नही है। क्योंकि राम केवल दशरथनन्दन श्रीराम ही नही है अपितु राम उस परमात्मा का नाम भी है, जिनकी साधना स्वयं रामचंद्र जी भी करते है। यानि राम परमसत्ता है तो एक आदर्श का प्रतिरूप भी है। तभी तो राम हर किसी के रोम रोम में बसा है। वह भी आज से ही नही, बल्कि युगों युगों से। सबुरी राममय हुई तो राम, सबुरी के हो गए और सबुरी के झूठे बेर तक खा लिए। आज सबुरी जैसी आस्था तो कम ही देखने को मिलती है। राम का मंदिर बन गया है, यह उत्साह हर उस व्यक्ति में है जिसके घट में राम है। राम मंदिर मुद्दा कानून की चौखट से होते हुए कानून की ही बदौलत निर्माण के लक्ष्य तक आ गया है। राम मंदिर जितना बड़ा और भव्य बना है, उतना ही राम के भक्तो में हर्ष की अनुभूति हो रही है। बशर्ते इसे राजनीतिक रंग देने से बचाया जा सके। आवश्यक यह है कि हम राम को आत्मसात करे। राम मयार्दा पुरुषोत्तम है तो हम भी राम का आदर्श स्थापित करे। राम के उच्च्च चरित्र को दशार्ती रामायण हिंदू धर्म की एक प्रमुख आध्यात्मिक धरोहर है परंतु रामायण को बार बार पढ़ने के बावजूद भी उसमें लिखे आध्यात्मिक मूल्यों की धारणा नहीं हो पा रही है। हम राम के नाम रूप पर तो बहस करते रहते हैं लेकिन राम को अपनाने की कभी कौशिश नही करते। दशरथ नन्दन की कथा में, रावण का वध करने के बाद लंका से अयोध्या लौटते समय राम, लक्ष्मण, सीता एवं हनुमान पुष्पक विमान से अयोध्या के पास नंदीग्राम नामक स्थान पर उतरे थे, जहां पर राम की खड़ाऊं रखकर राजा भरत अपना राजपाट चलाते थे। नंदीग्राम में एक दिन रुकने के बाद वे दूसरे दिन अयोध्या पहुंचे थे। जबकि रावण वध यदि दशमी के दिन हुआ था तो उसके दूसरे दिन सीता को अग्नि परीक्षा से गुजरने के बाद अर्थात उन्हें अग्निदेव से वापस मांगने के बाद श्रीराम अयोध्या लौटे थे। यानि वे एकादशी के दिन अयोध्याद की ओर चले थे और रास्ते में वह निषादराज गुह केवट के यहां रुके भी थे। श्रीराम का नंदीग्राम में भव्य स्वागत किया गया था। उस दौरान अयोध्या के सभी आठों मंत्री और राजा दशरथ की तीनों रानियां हाथियों पर सवार होकर नंदीग्राम पहुंचे थे। उनके साथ अयोध्या के आम नागरिक भी नंदीग्रम पहुंचे थे। वाल्मीकि रामायण के युद्धकाण्ड सर्ग 127 के अनुसार अयोध्या के नागरिकों, मंत्रियों और रानियों ने देखा कि श्रीराम पुष्पक विमान से धरती पर उतरे है। उन सबने विमान पर विराजमान श्रीराम के दर्शन किए और वे उन्हें लेकर अयोध्या गए।

श्रीराम का जन्म इंस्टीट्यूट ऑफ साइंटिफिक रिसर्च ऑन वेदाज के शोधानुसार श्रीराम का जन्म 5114 ईसा पूर्व हुआ था। जबकि श्रीराम ने रावण का वध 4 दिसंबर 5076 ईसा पूर्व किया था। वे 29वें दिन 2 जनवरी 5075 ईसा पूर्व वापस अयोध्या लौटे थे। अयोध्या लौटने के खुशी में अयोध्यावासियों ने दीपावली मनाई थी। रुकने के दिनों को छोड़कर इस सफर में उन्हें करीब 24 दिन लगे थे। इस दौरान वे 8 से 9 जगहों पर रुके थे। यह निष्कर्ष वाल्मीकि रामायण में लिखे उस दौर के ग्रहों, नक्षत्रों, तारामंडलों की स्थिंति के आधार पर नासा के वेद स्पेशल प्लेटिनम गोल्ड सॉफ्टवेयर से निकाला गया है। श्रीराम की खड़ाऊ ले जाते समय भरत ने कहा था कि

चर्तुर्दशे ही संपूर्ण वर्षेदद्व निरघुतम।
नद्रक्ष्यामि यदि त्वां तु प्रवेक्ष्यामि हुताशन।।

अथार्तः हे रघुकुल श्रेष्ठ। जिस दिन चौदह वर्ष पूरे होंगे उस दिन यदि आपको अयोध्या में नहीं देखूंगा तो अग्नि में प्रवेश कर जाऊंगा। भरत के मुख से ऐसे प्रतिज्ञापूर्ण शब्द सुनकर रामजी ने भरत को आश्वस्त करते हुए कहा था- तथेति प्रतिज्ञाय- अर्थात ऐसा ही होगा। इसी प्राकार महर्षि वशिष्ठ ने राजा दशरथ से राम के राज्याभिषेक के संदर्भ में कहा था-चैत्रःश्रीमानय मासःपुण्य पुष्पितकाननः।

यौव राज्याय रामस्य सर्व मेवोयकल्प्यताम्।।

अथार्तः जिसमें वन पुष्पित हो गए। ऐसी शोभा कांति से युक्त यह पवित्र चैत्र मास है। श्रीराम का राज्याभिषेक पुष्प नक्षत्र चैत्र शुक्ल पक्ष में करने का विचार निश्चित किया गया है। षष्ठी तिथि को पुष्य नक्षत्र था। श्रीराम लंका विजय के पश्चात अपने 14 वर्ष पूर्ण करके पंचमी तिथि को भारद्वाज ऋषि के आश्रम में आए थे। वहां एक दिन ठहरे और अगले दिन उन्होंने अयोध्या के लिए प्रस्थान किया, उससे पहले उन्होंने अपने भाई भरत से पंचमी के दिन हनुमानजी के द्वारा कहलवाया-

अविघ्न पुष्यो गेन श्वों राम दृष्टिमर्हसि।

अथार्तः हे भरत! कल पुष्य नक्षत्र में आप राम को यहां देखेंगे। इस प्रकार राम चैत्र के माह में षष्ठी के दिन ही ठीक समय पर अयोध्या में पुनः लौटकर आए। वाल्मीकि रामायण के अनुसार सीताजी का हरण बसंत ऋतु में हुआ था। अपहरण के पश्चात रावण ने उन्हें बारह मास का समय देते हुए कहा कि हे सीते! यदि इस अवधि के भीतर तुमने मुझे स्वीकार नहीं किया तो मेरे याचक तुम्हारे टुकड़े-टुकड़े कर डालेंगे।

यह बाद हनुमान ने जब श्रीराम से कही तो उन्होंने भली प्रकार चिंतन करके सुग्रीव को आदेश दिया कि

उत्तरा फाल्गुनी हयघ श्वस्तु हस्तेन योक्ष्यते।

अभिप्रयास सुग्रिव सवार्नीक समावृताः।।

## घर में घुसकर मारने के बयान पर चुप्पी क्यों

योगेंद्र योगी

दरअसल अमरीका भी खाड़ी देशों की तरह भारत से रिश्ते और प्रगाढ़ करने की दिशा में बढ़ रहा है। मुद्दा चाहे सैन्य साजो-सामान की सप्लाई का हो या फिर चीन के खिलाफ दमदार सहयोगी का हो, अमरीका को अंदाजा है कि चीन का मुकाबला भारत ही कर सकता है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के घर में घुस कर मारने के बयान के बाद भी पूरी दुनिया चुप रही। पाकिस्तान के सिवाय विश्व के किसी भी देश ने इस पर कोई सख्त टिप्पणी करना तो दूर, सामान्य प्रतिक्रिया तक नहीं जताई। विश्व के देशों की समझ में आ गया है कि आतंकवाद के लिए बदनाम पाकिस्तान जैसे देश के लिए भारत से रिश्ते बिगाडा समझदारी नहीं है। बदले हुए वैश्विक परिदृश्य में हर देश सिर्फ नेशन फर्स्ट की नीति पर चल रहा है। इसलिए कोई देश किसी दूसरे देश के खिलाफ कोई प्रतिक्रिया तब तक नहीं देता है, जब तक कि उसके हितों पर आंच नहीं आए। ब्रिटिश अखबार गार्डियन की रिपोर्ट के बाद ठीक ऐसा ही हुआ है। गार्डियन की रिपोर्ट के अनुसार पाकिस्तान में हुई करीब 20 हत्याएं संयुक्त अरब अमीरात से संचालित भारतीय खुफिया एजेंसियों के स्लीपर सेल के जरिए अंजाम दिए गए। हत्याओं को अंजाम देने के लिए स्थानीय अपराधियों या गरीब पाकिस्तानियों को लाखों रुपए देने का आरोप है। भारतीय एजेंटों ने हत्याओं को अंजाम देने के लिए कथित तौर पर जिहादियों को भी भर्ती किया, उन्हें यह विश्वास दिलाया गया कि वे काफिरों को मार रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2019 के पुलवामा हमले के बाद से भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ द्वारा करीब 20 इस तरह की हत्याएं की गईं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पाकिस्तान द्वारा दिए गए सबूतों और सीमा के दोनों ओर के खुफिया अधिकारियों के इंटरव्यू पर आधारित है। इस खबर के बाद भी पाकिस्तान को छोड़ कर दुनिया के सभी देश खामोश रहे। भारत ने भी मौजूदा दौर में बदली हुई विदेश नीति के तहत इस बात को दबाने या छिपाने के बजाय विश्व के समक्ष साफ जाहिर कर दिया कि आतंकी कार्रवाईयों पर भारत चुप नहीं बैठेगा, बल्कि ऐसी कार्रवाईयों का मुंहतोड़ जवाब देगा। हालांकि भारत ने गार्डियन की इस रिपोर्ट का न तो खंडन किया और न ही समर्थन किया। भारत ने विश्व के सामने अपनी नीति को स्पष्ट कर दिया। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अपने पूर्व में दिए गए बयान से भी एक कदम आगे निकल गए। सिंह ने पाकिस्तान को उसकी धरती पर आतंकवादी गतिविधियों से निपटने के लिए सहायता की पेशकश कर डाली। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान खुद को अक्षम महसूस करता है तो भारत आतंकवाद को रोकने के लिए सहयोग करने को तैयार है। हालांकि, उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अगर उसका मकसद आतंकवाद का इस्तेमाल कर भारत को अस्थिर करना है तो उसे इसके परिणाम भुगतने होंगे। यह सख्त टिप्पणी उनके द्वारा पाकिस्तान को चेतावनी देने के एक हफ्ते बाद आई है कि भारत सीमा पार करके भागने की कोशिश करने वाले किसी भी आतंकवादी का पीछा करेगा। उन्होंने कहा था कि अगर वे पाकिस्तान भागेंगे तो हम उन्हें मारने के लिए पाकिस्तान में घुसेंगे। जमुई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान का बिना नाम लिए कहते हैं कि छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। आज का भारत घर में घुस कर मारता है। पाकिस्तान ने राजनाथ सिंह के इस बयान को भडकाऊ बताते हुए इसकी निंदा की। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान का इतिहास खुद की रक्षा करने के लिए गवाही देता है। पाकिस्तान ने कहा कि हमने हमेशा क्षेत्र में शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है और यह भी कहा कि इतिहास पाकिस्तान के दृढ़ संकल्प और खुद की रक्षा करने की क्षमता की गवाही देता है।

## संक्षिप्त खबरें

### रामनवमी को लेकर पुलिस पदाधिकारी ने पूजा समिति के सदस्य के साथ कि बैठक

परसा। रामनवमी त्यौहार को शांतिपूर्ण सम्पन कराने को लेकर मंगलवार को थाना परिसर में सोनपुर एसडीएम निशांत विवेक डीएसपी नवलकिशोर के द्वारा रामनवमी पूजा समिति सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित किया गया.बैठक के उपरांत दरोगा राय चौक सैदपुर दुर्गा परसा बाजार के समीप शंकर मंदिर खलीफा चौक मस्तीचक चौक महमदपुर सैदपुर इत्यादि जगहों पर रूट चाट का निरीक्षण किया गया.इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी डा दीपक कुमार सिंह थानाध्यक्ष सुनील कुमार समेत रामनवमी पूजा समिति के दर्जनों सदस्यगण उपस्थित थे।

### विवि में लोकपाल की नियुक्ति होने पर सभी ने जताई प्रसन्नता

छपरा सदर। प्रोफेसर अमरेन्द्र नाथ ओझा ,पूर्व कुलपति नीलाम्बर-पिताम्बर विश्वविद्यालय ,पलामू ,झारखंड को तीन साल के लिए जयप्रकाश विश्विद्यालय,छपरा का पहला लोकपाल नियुक्त किया गया है। इस आशय से संबंधित राजभवन द्वारा अधिशूचना जारी कर दी गई है। इसको लेकर जयप्रकाश विश्विद्यालय ,विश्विद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा डिफॉल्ट की श्रेणी में डाल दिया गया था।इस नोटीफिकेशन के बाद जयप्रकाश विश्विद्यालय में प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता आयेगी। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद,प्रोफेसर रणजीत कुमार ,कुलसचिव ,प्रोफेसर विश्वामित्र पांडेय ,कुलानुशासक डॉ. दिलीप कुमार ,परीक्षा नियंत्रक ,प्रोफेसर सरफराज अहमद अध्यक्ष ,छात्र कल्याण,प्रोफेसर कृष्ण कुमार डीन ,कामर्स तथा अन्य अधिकारीगण ,शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों में बहुत प्रसन्नता है। जयप्रकाश विश्विद्यालय में की गई लोकपाल की नियुक्ति जयप्रकाश विश्विद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति हो गयी है।लोकपाल की नियुक्ति से जयप्रकाश विश्विद्यालय में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार पर पूर्णतः रोक लगेगी। कुलपति प्रोफेसर परमेन्द्र कुमार बाजपेई ने कहा कि जयप्रकाश विश्विद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति होने से जयप्रकाश विश्विद्यालय में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार नहीं हो सकेगा।

# माँझी चट्टी स्थित रेल परिसर में एक दर्जन अस्थाई दुकानों को जेसीबी के सहयोग से किया गया ध्वस्त

प्रात: किरण संवाददाता

माँझी। बलिया के आईओ डब्ल्यू कमलेश कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को माँझी चट्टी स्थित रेल परिसर में अनधिकृत तरीके से निर्मित लगभग एक दर्जन अस्थाई दुकानों को जेसीबी के सहयोग से ध्वस्त कर दिया गया। दर्जनों रेल कर्मचारियों व रेल पुलिस के तत्वावधान में लगभग दो घण्टे तक चलाये गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान माँझी चट्टी के आसपास अफरा तफरी का माहौल बना रहा तथा सड़क जाम की वजह से तपती धूप में वाहन व पैदल यात्री रेंगते रहे। रेल परिसर में सड़क किनारे अनधिकृत रूप से शेड लगाकर दुकानदारी करने वाले लोग इस दौरान आनन फानन में अपना सामान व गुमटी आदि लेकर भागते नजर रहे थे। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ लोगों की भारी भीड़ लगी रही जिन्हें हटाने में रेल पुलिस के जवान परेशान रहे। सूचना पाकर मौके पर पहुँचे माँझी के सीओ सौरभ रंजन ने रेल प्रशासन द्वारा स्थानीय प्रशासन को सूचना दिए



बगैर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाये जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज की। अतिक्रमण हटाओ अभियान पर आपत्ति जताने के दौरान सीओ तथा रेल प्रशासन के पदाधिकारियों से बीच तीखी झड़प भी हो गई। सीओ का कहना था कि स्थानीय प्रशासन से समन्वय किये बगैर दुकानों को तोड़ने के दौरान कानून व्यवस्था बिगड़ने जैसी स्थिति उतपन्न हो सकती है, जिसके लिए रेल प्रशासन जिम्मेवार होगा। दोनों के बीच हो रही बहस के दौरान मौके पर मौजूद भाजपा कार्यकताओं द्वारा जय श्री राम का नारा लगाकर लोगों को कथित तौर पर उत्तेजित किये जाने से नाराज सीओ ने कार्यकताओं को कड़ी फटकार लगाई। बाद में सीओ तथा रेलकर्मियों ने माँझी थाना पहुँचकर अभियान से जुड़ी जरूरी कागजी औपचारिकता पूरी की तथा अतिक्रमण हटाओ अभियान को लोकसभा चुनाव सम्पन्न होने तक के लिए स्थगित रखे जाने की जानकारी दी गई। रेलकर्मियों के जाने के बाद दुकानदारों के आग्रह पर माँझी चट्टी पर पहुँचे महा राजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने अतिक्रमण हटाओ अभियान से दुकानदारों को हुई क्षति का मुआयना किया तथा रेल प्रशासन की कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज की। उन्होंने अभियान चलाने वाले पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई कराने का दुकानदारों को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार लोगों को रोजगार मुहैया कराने की दिशा में प्रयासरत है। लोकसभा चुनाव आचार संहिता के दौरान दुकानदारों को विस्थापित किया जाना उनकी कुत्सित मानसिकता का परिचायक है। उन्होंने दुकानदारों के प्रति सहानुभूति प्रकट की। मौके पर रंजन शर्मा,हेमनारायण सिंह,शिवाजी सिंह,अमरजीत सिंह,मकेश्वर सिंह,बबलू शर्मा,प्रशांत ओझा तथा प्यारे अंगद आदि भाजपा नेता तथा सैकड़ों दुकानदार आदि मौजूद थे। अतिक्रमण हटाओ अभियान से विस्थापित दुकानदारों ने रेल प्रशासन से अस्थाई तौर पर दुकान लगाने के लिए रेल परिसर की भूमि को किराए पर अलॉट कराने की मांग की है ताकि बार बार उजड़ने की समस्या न रहे साथ ही निर्वाध तरीके से दुकानदार अपनी रोजी रोटी के लिए दुकानें संचालित कर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। दुकानदारों ने आरोप लगाया है कि कथित रूप से रेल प्रशासन के लोग दुकानदारों से अवैध तरीके से उगाही करते हैं तथा विरोध करने वाले दुकानदारों को ही खासतौर पर निशाना बनाया जाता है।

## नगरा में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की गई जान, घर में मचा कोहराम

प्रात: किरण संवाददाता

नगरा। थाना क्षेत्र के नगरा चौक के समीप मंगलवार की दोपहर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई.उक्त मृतक युवक मढ़ौरा थाना क्षेत्र के पटेढ़ा जगदीशपुर निवासी अब्दुल सलीम का 34 वर्षीय पुत्र मो. इमरान अंसारी बताया जाता है.घटना स्थल से प्राप्त जानकारी अनुसार छपरा की तरफ जा रही बाइक को ट्रक ने पीछे से जबरदस्त ठोकर मार दी जिससे युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया.ठोकर इतनी जबरदस्त थी की युवक के शरीर के कुछ हिस्से पर ट्रक चढ़ गया था.वही घटना के बाद स्थानीय लोग व नगरा थाना की पुलिसकर्मी भागीरथ कुमार व स्थानीय दुकानदार के सहयोग से घायल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगरा के रामपुर कला केंद्र में भर्ती कराया गया जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने डा. विनोद कुमार ने स्थिति को चिताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया ,जहां रास्ते में ही युवक ने दम तोड दिया.घटना की खबर नगरा थाना के द्वारा परिजनों को दी गई. परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया.परिजन आनन फानन में अस्पताल में पहुंचे.वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने बताया की घटना स्थल से ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में लेकर पुछ ताछ करते हुए आगे की करवाई की जा रही है.

## रसलपुरा डोरीगंज स्थित परमहंस बाबा के मठिया पर भव्य रामनवमी महोत्सव का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

डोरीगंज। छपरा के रसलपुरा ग्राम स्थित परमहंस बाबा के मठिया में ग्राम विकास परिषद रसलपुरा के तत्वावधान में रसलपुरा -धर्मपुरा ग्रामवासियों द्वारा 17 एवं 18 अप्रैल 2024 को भव्य रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में आयोजन के तैयारी का एक समीक्षा बैठक परमहंस बाबा के मठिया में हुआ जिसमें ग्राम विकास परिषद रसलपुरा के संस्थापक संजय सिंह उज्जैन, भूपेंद्र सिंह, विजय सिंह, हरदेव सिंह, जीतेन्द्र सिंह, आशीष सिंह, बिरजू सिंह, सत्यनारायण सिंह, सुनील कुमार सिंह उर्फ पलपल सिंह, मुन्ना सिंह, सरोज सिंह टूटू, अभय नारायण सिंह, रंजीत सिंह, करीमन सिंह, लव जी, संजय कुमार सिंह (मठिया) किटू सिंह, घुटुन सिंह, डाक्टर प्रमोद कुमार, अशोक चक्र से सम्मानित शहीद श्याम बहादुर सिंह को प्रपौत्र संजय सिंह, अमरनाथ साह, सुखराम सिंह, झपू सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। परिषद के संस्थापक संजय सिंह उज्जैन ने बताया कि अयोध्या में भगवान राम का भव्य मंदिर बनने के खुशी में इस बार का रामनवमी महोत्सव बहुत ही धुमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्री राम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रसलपुरा- धर्मपुरा के प्रत्येक मंदिर, सड़क, चौराहे एवं घरों पर भगवा झंडा लगाया गया है । मंदिरों का सजावट किया जा रहा है। कार्यक्रम का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि 17 अप्रैल को प्रातःकाल 5 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें रथ, हाथी, घोड़ा, ऊंट, बैंड बाजा, नगाड़ा, तथा 1000 स्त्री एवं पुरुष भाग लेंगे। शोभायात्रा परमहंस बाबा के मठिया से प्रस्थान कर रसलपुरा मैया जी, धर्मशाला स्थित ठाकुरबाड़ी, धर्मपुरा शिवमन्दिर एवं माता जी मन्दिर होते हुए परमहंस बाबा के मठिया पहुंचेगी तथा वहां से चिरांद होते हुए डोरीगंज जाने वाले मुख्य सड़क से बंगाली बाबा गंगा घाट पहुंचेगी तथा वहां से जलभराई कर पुनः उसी मार्ग से परमहंस बाबा के मठिया पहुंचेगी। अपराह्न 3 बजे से 24 घंटे के अखंड अष्टयाम का आयोजन किया जाएगा तथा रामायण का पाठ किया जाएगा। सायंकाल 530 बजे से 7 बजे तक भगवान राम के प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुजन- अराधना एवं आरती की जाएगी। 18 अप्रैल को अष्टयाम के उपरांत आरती पुजन एवं हवन किया जाएगा। सायंकाल 630 बजे से रात्रि 930 बजे तक उत्तर प्रदेश एवं बिहार के चहेता, होनाहार एवं सुप्रसिद्ध गायक बाल कलाकार रौनक रतन के द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।

## छोटे कस्बे की बेटी सोनाली कुमारी बनी एमबीबीएस डॉक्टर, लोगों नें दी बधाई



प्रात: किरण संवाददाता

रामगढ़वा प्रखंड क्षेत्र के बहुअरी ग्राम निवासी रामायण कुवर की बेटी सोनाली कुमारी एमबीबीएस डॉक्टर बनी है और इस छोटे कस्बे व रामगढ़वा के नाम को रोशन किया है। सरकारी संस्थान से इसने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है। इसने साबित कर दिखाया है की प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती और कुछ कर दिखाने का आगर जुनून हो तो कोई भी बाधा सामने नहीं आ सकती। सोनाली कुमारी ने कर्नाटक के हसन इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस हासन से एम बी बी एस की डिग्री प्राप्त की है। सोमवार को हुए दीक्षांत समारोह में सोनाली कुमारी के माता कौशल्या देवी व पिता रामायण कुवर को भी कॉलेज के द्वारा बुलाकर सम्मानित किया गया है। रामायण कुवर ने कहा कि वह अपने को भाग्यशाली मान रहे हैं। वैसे रामायण कुंवर भी युबीजीबी के सेवा निवृत शाखा प्रबंधक हैं।बता दे की सोनाली कुमारी अपने प्रारंभिक शिक्षा से ही मेधावी छात्रा रही है।केंद्रीय विद्यालय से और सेंट जेवियर्स कॉलेज बेतिया से इंटरमीडिएट किया।इसके बाद इसका चयन मेडिकल कॉलेज के लिए हो गया।इसनें बताया कि चिकित्सा को उसनें मानवता की सेवा के लिए चुना है। इसके डॉक्टर बनने पर विधायक इंजीनियर शशि भूषण सिंह, प्रखंड प्रमुख रीता देवी, पूर्व मुखिया राजू श्रीवास्तव, पूर्व मुखिया जैल सिंह,सरपंच प्रत्याशी सतीश सिंह,पूर्व प्रधानाध्यापक प्रेमचंद सिंह, प्रोफेसर उदयभान तिवारी,शिवपूजन सिंह, शम्भू सिंह,अनिल सिंह, अजय सिंह इत्यादि ने खुशी प्रकट किया है और इसको शुभकामनाएं दी है ।

## योगियां हाईस्कूल में मिशन दक्ष के छात्र छात्राओं के साथ मनी सम्राट अशोक की जयन्ती




प्रात: किरण संवाददाता

रसूलपुर। क्षेत्र के आर एन हाईस्कूल योगियां में आर एन हाई स्कूल योगियां में सम्राट अशोक की जयन्ती मिशन दक्ष के छात्र छात्राओं के साथ श्रद्धा पूर्वक मनायी गई। प्रधानाचार्य लालबाबू यादव की अध्यक्षता में मनी अशोक जयन्ती में मिशन दक्ष के छात्र छात्राओं के साथ मौके पर वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप, उमेश कुमार पांडेय ,राकेश तिवारी, कपुर्री ठाकुर, दिनेश दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, बृज किशोर पासवान, विजय कुमार गुप्ता ,अमरनाथ गुप्ता, विकास कुमार उपाध्याय, दीपक जी ,कुमार प्रिंस, आसिफ इकबाल ,शाजीदा परवीन, नेहा , सुनैना, राज कुमारी ,रात्रि प्रहरी शिवकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।छात्रों के सम्बोधन में प्रधानाचार्य व अन्य शिक्षकों ने सम्राट अशोक को एक महान शासक बताते हुए उनके बताये आहिंसा के रास्ते पर चलने का आह्वान किया।

## समाजसेवी राजनंदनी कुमारी व मनीष सिंह ने मैट्रिक व इंटर परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

प्रात: किरण संवाददाता

सारण। छपरा सदर प्रखंड के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित खलपुरा के गुरूकुल स्टडी कोचिंग सेंटर में समाजसेवी राजनंदनी कुमारी व मनीष सिंह ने मैट्रिक व इंटर परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। बताते चलें कि गांव और शहर के बच्चे शिक्षा और खेल के क्षेत्रों में अधिक से अधिक विकसित हो इस उद्देश्य को लेकर समाजसेवी राजनंदनी कुमारी व मनीष सिंह ने बच्चों के हौसले बढ़ाने के लिए शिक्षा और खेल के क्षेत्रों में अपना योगदान देते आ रहे हैं। बातचीत में समाजसेवी का कहना था कि शिक्षा और खेल से हमारे समाज का विकास संभव है अगर जिन बच्चों को पढ़ाई में मन नहीं लगता है तो वह खेल के क्षेत्रों में अपना योगदान करें जिससे गांव,शहर और समाज विकसित होगा। हमें इस कार्य के लिए जहां जरूरत महसूस हो याद करें मैं उनका सहयोग करूंगा। वहीं बच्चों के अभिभावकों का कहना था




कि समाजसेवी ने जिस तरह बच्चों का मनोबल बढ़ाने का काम किया है जिससे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सफल सिद्ध होगा।इसी क्रम में बच्चों के हौसले बुलंद करने के लिए समाजसेवी राजनंदनी कुमारी व मनीष सिंह ने ऐलान करते हुए कहा कि इस संस्थान के बच्चे अगर स्टेट टापर्स होते हैं तो उन्हें दो लाख इक्यावन हजार का नगद पुरस्कार दिया जाएगा वहीं जिले में टापर्स को एक लाख ग्यारह हजार की राशि इनाम स्वरूप दिया जाएगा। घोषणा करते हुए मनीष सिंह ने गुरूकुल स्टडी कोचिंग के संस्थापक चंदन सिंह तोमर को संस्थान को विकसित करने के लिए इक्यावन हजार रूपए की घोषणा भी किया। वहीं इस घोषणा से कोचिंग सेंटर के शिक्षकों का भी मनोबल बढ़ा है। तथा बच्चे घोषणा को सुनते ही बच्चों ने मन बनाया की टापर्स आयेंगे और समाजसेवी से वादा भी किया कि आने वाले मैट्रिक व इंटर परीक्षा में स्टेट और जिले में टापर्स की श्रेणी में आकर दिखायेंगे।इस कार्यक्रम में अभिभावकों के साथ प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण लगभग 120 छात्रों ने समाजसेवी से सम्मानित होकर गौरांवित महसूस किया।

## शोभा यात्रा में सारण के ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहर की झांकियां दिखेगी : महापौर

### इस बार कुल 21 झांकियां निककेगी, आधुनिक और आकर्षक दिखेगा

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा को लेकर तैयारी अंतिम चरण में है, इस बार शोभा यात्रा आकर्षक होगा, भगवान श्री राम के चरित्र के ऊपर तथा सारण के सांस्कृतिक धरोहर के ऊपर अलंकृत करने का काम किया गया है, बुधवार को आप पूरे परिवार के साथ शोभा यात्रा में सम्मिलित होकर श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाएं, उक्त बातें श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति से जुड़े नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने डाक बंगला रोड स्थित श्री तपोवननाथ शिव एवं हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहीं। मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने प्रेस मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि शोभा यात्रा को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित है, इस बार आधुनिक तरीके से शोभायात्रा निकालने का प्रयास किया गया है। कुल 21 झांकियां निकाली जाएगी, इसमें सारण के सांस्कृतिक धरोहर माँ अंबिका से लेकर अन्य धरोहरों को शोभा यात्रा समिति द्वारा अलंकृत करने




का प्रयास किया गया है। शोभा यात्रा में के सारण के सांस्कृतिक धरोहर की अद्भुत झांकियां भी देखने को मिलेगी। श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के कार्यकताओं के अथक प्रयास से यह संभव हो पाया है। प्रेस को संबोधित करते हुए महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि लगभग 10:00 बजे शोभा यात्रा दहियावा स्थित शिव पार्वती मंदिर से निकाली जाएगी। शोभा यात्रा प्रसाद पेट्रोल पंप, थाना चौक रामराज चौक होते हुए पुनः थाना चौक से साहिबगंज होते हुए खनुआ,कटहरीबाग, मेवालाल चौक, मौना चौक, साढ़ा रोड, कचहरी स्टेशन, जोगिनिया कोठी, दुर्गा मंदिर होकर श्री नंदन पथ होते हुए राजेंद्र सरोवर,बस स्टैंड, कोनिया माई, भगवान बाजार, काशी बाजार, राजेंद्र कॉलेज मोड़, धर्मनाथजी के मंदिर, नई बाजार होते हुए डाक बंगला रोड स्थित श्री जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के कार्यालय में समापन होगा। शोभा यात्रा को लेकर तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। शोभा यात्रा निर्धारित समय से लगभग 10:00 बजे शहर में निकलेगी। मेयर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने शहर वासियों से शोभा यात्रा में सपरिवार आने का अनुरोध करते हुए कहा कि इससे श्री राम जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ेगा। प्रेस वार्ता में अधिवक्ता सियाराम सिंह, झरीमन राय, ब्रजेश रजक एवं धनंजय कुमार सहित समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सहायक डीएम शिप्रा चौधरी ने देखी इवीएम की सेग्रिगेशन प्रक्रिया



प्रात: किरण संवाददाता

छपरा प्रशिक्षु आईएएस सह सहायक डीएम शिप्रा चौधरी ने मंगलवार को इवीएम वेयरहाउस पहुंच इवीएम की की सेग्रिगेशन प्रक्रिया का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने मशीनों के रैंडमाइजेशन और विखण्डन की बारीकियों को विस्तार से समझा. सदर प्रखंड के निकट अवस्थित वेयरहाउस में चल रहे इवीएम के विधानसभा वार विखण्डन के चरणबद्ध प्रक्रिया से कोषांग के नोडल सह डीएमडब्लुओ रवि प्रकाश ने अवगत कराया. मौके पर मौजूद उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने उन्हें एफएलसी से प्रारम्भ कर पहली और दूसरी रेंडेमाइजेशन, कमिशनिंग और वोटिंग के दौरान बूथ पर मॉक पोल, वास्तविक पोल के साथ ही की जाने वाली सभी कार्यवाहियों को विस्तार से बताते हुए काउंटिंग तक की प्रक्रिया को बिन्दुवार समझाया. डीवाईईओ श्री एकबाल ने मशीन के व्यावहारिक और तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया. इस दौरान सहायक डीएम सुश्री शिप्रा ने कई महत्वपूर्ण प्रश्न पूछते हुए 15 से अधिक प्रत्याशी होने पर एक से अधिक बीयू को सीरीज करने के तरीके को जाना. उन्होंने प्रशिक्षण हेतु चिन्हित मशीन से बीयू , सीयू व वीवीपैट को कनेक्ट करने तथा वोटिंग का हैंड्सऑन भी किया. इस मौके पर एडीएम पीजीआरओ संजय कुमार, जिल आपूर्ति पदाधिकारी सह सामग्री कोषांग के नोडल कमरे आलम, डीसीओ सह नोडल इवीएम हरिशंकर प्रसाद आदि उपस्थित थे.

## बाबा साहेब के विचारों पर चलने का लिया संकल्प



प्रात: किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल रेलवे जंक्शन परिसर स्थित कोचिंग डिपो के सभा हॉल में मंगलवार को सीडब्ल्यूएस हरिशंकर सिंह की अध्यक्षता में भारतीय संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 133 वी जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई।इस मौके पर वक्ताओं ने बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों और आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ उपाध्यक्ष राजू पासवान,शाखा इंचार्ज एसके प्रेमी सहित अन्य के दीप प्रज्जवलित व बाबा साहेब के तैलीय चित्र पर पुष्पर्पण के हुआ।मुख्य अतिथि एडीएमई ध्रुव कुमार झा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब भारतीय आकाश के धूर्वतारा थे,जिन्होंने विष्मतावादी व्यवस्था को खत्म कर न्याय बंधुत्व के साथ समतामूलक व्यवस्था की स्थापना की।श्री झा ने कहा कि शिक्षा को उन्होंने सर्वोपरी स्थान दिया तथा वृहत्तर भारत के एकता और अखंडता के लिए एक ऐसा संविधान दिया,जिससे भारतीय लोकतंत्र पूरी मजबूती से खड़ा है और सबको अवसर की समानता के साथ जीने का हक है।वही, अम्बेडकर ज्ञान मंच के संस्थापक मुनेश राम ने समाज को नशामुक्त शिक्षयुक्त बनाने के लिए सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों से आगे आने का आह्वान किया तथा कहा कि हम जाति या धर्म के कोई भी हो,हम प्रथमतः व अंततः भारतीय है,इस सोच के साथ खुद के अंदर मानवीय संवेदना कायम करने होंगे।वही,अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने अभिवंचित व गरीब तबके के बच्चों को ऊंची शिक्षा हासिल करने में कोई आर्थिक बाधा नहीं आए,ऐसे बच्चों को मंच की ओर से हरसंभव सहयोग की प्रतिबद्धता जताई।पत्रकार राजेश केशरीवाल ने कहा कि बाबा साहेब ने भेदभावपूर्ण व्यवस्था के खात्मे के लिए संविधान जैसा राष्ट्रीय ग्रंथ दिया,जिसमें किसी भी जाति या धर्म को मानने की स्वतंत्रता है।वे सच्चे राष्ट्रभक्त और विश्वस्तरीय विद्वानों के साथ एक महान अर्थशास्त्री और कानूनविद भी थे।इंचार्ज एसके प्रेमी ने भी बाबा साहेब के जीवनी और संघर्षों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।कार्यक्रम का संचालन करते हुए उपाध्यक्ष राजू पासवान ने कहा कि बाबा साहेब शोषित पीड़ित मानवता के साथ ही महिलाओ और मजदूरों के सच्चे हितैषी थे।मौके पर दीपक कुमार,राम सिंहासन बैठा,चंद्रमोहन चौधरी,जयंत कुमार,सुमित कुमार,ज्योति शंकर सिंह,छोटेलाल राम आदि मौजूद रहे।

## एंटी लार्वा केमिकल छिड़काव के नाम पर की जा रही है खानापूर्ति

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा। शहर में एंटी लार्वा केमिकल छिड़काव के नाम पर केवल कागजी खाना पूर्ति की जा रही है, अधिकांश वार्डो में पूछे जाने पर लोगों ने बताया कि केमिकल का छिड़काव ही नहीं हुआ है, फोन करने पर पर्यवेक्षक फोन ही नहीं उठाते हैं।

बता दें कि शहर में बढ़ रहे मच्छरों के प्रकोप को लेकर नगर आयुक्त सुमित कुमार ने निगम के सभी वार्डों में एंटी लार्वा केमिकल छिड़काव का आदेश दिया था। इसके लिए नगर आयुक्त ने टीम का भी गठन कर दिया था। इस संबंध में दहियावा, सलेमपुर, मौना चौक रोड, करीमचक, राहत रोड छोटा तेलपा कोरार, राहत रोड सहित कई वार्डो की जनता से संपर्क करने पर बताया कि केमिकल का छिड़काव नहीं हुआ है।

- अधिकांश वार्ड की जनता ने कहा केमिकल का छिड़काव ही नहीं हुआ है, नगर आयुक्त के उद्देश्यों पर भी फिरा पानी

एंटी लार्वा केमिकल छिड़कावों के नाम पर खाना पूर्ति की जा रही है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि छिड़काव कर्मी एवं पर्यवेक्षक अपने चहेते लोगों के घरों पर ही छिड़काव कर रहे हैं। वार्ड की जनता से यह भी जानकारी मिली है कि नगर आयुक्त द्वारा गठित टीम में पर्यवेक्षक को वार्ड की जनता द्वारा फोन किया जाता है, तो फोन ही नहीं उठाते हैं। नगर आयुक्त ने केमिकल छिड़काव इस उद्देश्य से कराने का आदेश दिया था, ताकि जनता को राहत मिल सके।

लेकिन गठित टीम के पर्यवेक्षक एवं कर्मी द्वारा नगर आयुक्त के उद्देश्यों पर ही पानी फेर दिया है। ऐसी स्थिति में नगर निगम द्वारा इसको गंभीरता से लेने की जरूरत है। मालूम हो कि 20 मार्च से सभी 45 वार्डों में केमिकल का छिड़काव शुरू है। मिली जानकारी के अनुसार 45 वार्ड में कुल सात पर्यवेक्षकों की टीम गठित की गई है। जबकि केमिकल छिड़काव के लिए सात कर्मी को भी टीम में रखा गया है। जिन्हें वार्ड वाईज 6 से 7 वार्ड में केमिकल छिड़काव की जिम्मेदारी दी गई है। बहरहाल छिड़काव कर्मी एवं पर्यवेक्षक एंटी लार्वा केमिकल छिड़काव के कोरम को पूरा करने में लगे हुए है।

## बिहार राज्य पथ विकास कॉपरेशन द्वारा माँझी ब्लॉक में पब्लिक मीटिंग सम्पन्न



प्रात: किरण संवाददाता

माँझी। मंगलवार को माँझी प्रखण्ड मुख्यालय स्थित सभागार में बिहार राज्य पथ विकास कॉपरेशन के वरीय पदाधिकारियों तथा एडीबी से जुड़े विदेश के कई पदाधिकारियों ने पब्लिक मीटिंग की। बता दें कि बिहार राज्य पथ विकास कॉरपोरेशन द्वारा माँझी गुठनी वाया दरौली मुख्य सड़क चौडीकरण के संबंध में आम जनता के साथ हुई बैठक में सड़क के चौडीकरण के संबंध में आम जनता तथा ए.डी.बी. एवं बी.एस.आर.डी.सी. के वरिय पदाधिकारी के बीच समन्वय स्थापित करने के मुद्दे पर चर्चा की गई। सड़क चौड़ीकरण से प्रभावित लोगों को डी.पी.आर. कंसलटेंट ऋषभ मिश्रा के द्वारा रोड चौड़ीकरण के फायदे बताए गए। तथा लोगों द्वारा उठाये गए प्रश्नों का जबाब दिया गया। प्रभावित लोगों को मुआवजा से सम्बंधित जानकारी भी दी गई। बैठक में शामिल पदाधिकारियों ने बताया कि 13 मीटर की चौड़ाई में बनने वाली नई सड़क के दोनों किनारे पक्का नाला का निर्माण भी किया जाएगा। बैठक में शामिल लोगों ने माँझी प्रखण्ड मुख्यालय से मेंहदीगंज तक के लिए अलग से बाईपास सड़क निर्माण करने का आग्रह किया। साथ ही मुआवजे की राशि को कम बताते हुए उसमें बढोत्तरी किये जाने तथा भूमिहीनों को घर बनाने के लिए अलग से जमीन उपलब्ध कराने की माँग की गई। बैठक का संचालन नाशीर खान।अमीन। ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### रामभक्तों के बीच गमछे का हुआ वितरण



आरा। आरा में रामनवमी त्योहार को लेकर पूरा शहर राममय हो गया है और ईश त्योहार की चारो तरफ धूम मची हुई है और रामभक्तों का उत्साह इस बार कई गुणा ज्यादा देखने को मिल रहा है और सभी लोग शोभायात्रा की तौयारी में लगे हुए है वहीं बाजार समिति में युवा समाजसेवी शिवजी प्रसाद की तरफ से रामभक्तों का विधिवत सम्मान किया गया एवं इस मौके पर सैकड़ो लोगो के बीच गमछे एवं मुरेठे का वितरण किया गया हर वर्ष रजनीश राज मोआइल की तरफ से रामजी के भक्तों के बीच इसका वितरण किया जाता है वही बातचीत के क्रम में शिवजी प्रसाद ने बताया कि ईश बार एक अलग उत्साह राम जी के भक्तों के बीच दिख रहा है क्योंकि 500 वर्षों के बाद ये मौका आया है जब अपने घर में रामलला विराजमान हुए है इस बार खुशी कई गुणा बढ़ गई है और इसी को लेकर सैकड़ो लोगो के बीच गमछा मुरेठा का वितरण किया गया है आरा के रामगढ़िया से निकलने वाले शोभायात्रा में लाखों की भीड़ होती है और आसपास के गांव के भी हजारों लोग इस शोभायात्रा में शामिल होते है।

### पुलिस के हत्थे चढ़ा इनामी बदमाश, लंबे समय से चकमा दे रहा था शातिर

भोजपुर। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 50 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाश को पुलिस लंबे समय से तलाश कर रही थी। इसकी गिरफ्तारी को भोजपुर पुलिस बड़ी सफलता मान रही है। भोजपुर एएसपी परिचित कुमार ने बताया कि गजराजगंज थाना को गुप्त सूचना मिली थी कि एक अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। सूचना पाकर भोजपुर पुलिस हरकत में आई और प्रशिक्षु डीएसपी रश्मि कुमारी और थानाध्यक्ष गजराजगंज हरिप्रसाद शर्मा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने कुख्यात अपराधी और 50 हजार के इनामी अवधेश सिंह उर्फ पंकज प्रियदर्शी को गिरफ्तार कर लिया। कुख्यात अपराधी उदवंतनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौरसनी गांव निवासी सीताराम सिंह का बेटा है, जिसकी तलाश पुलिस को काफी दिनों से थी। इसकी गिरफ्तारी को भोजपुर पुलिस एक बड़ी सफलता मान रही है।

### शादी के लिए छात्रा का अपहरण, प्राथमिकी दर्ज

घोड़ासहन धाना क्षेत्र के एक गांव की एक युवती को शादी के कथित इरादे से घोड़ासहन बाजार से अगवा कर लेने की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। युवती के पिता ने बताया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटी उनकी पुत्री किताब खरीदने घोड़ासहन आयी थी लेकिन घर नहीं लौटी। पता चला कि गांव की ही अर्चना कुमारी की शादी सीतामढ़ी के मधुरेन्द्र कुमार के साथ हुई है जो यूपी के बिजनौर में रहती है। मधुरेन्द्र कुमार के मित्र बिजनौर जिले के धामपुर थानान्तर्गत इब्राहिमपुर नारायण सरकथल ग्राम के जयपाल सिंह के द्वारा शादी के कथित इरादे से पुत्री का अपहरण कर लिया गया है। मोबाइल पर सम्पर्क करने पर पुत्री को वापस करने से मना कर दिया। प्राथमिकी में जयपाल सिंह के पिता सूरज सिंह, मां आशा रानी, बहन सोनी सिंह, भाई व भाभी को भी आरोपित किया है।

### पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया, वसूला जुर्माना

बिक्रमगंज (रोहतास) जिला एसपी के दिशा-निर्देश पर लगातार अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सभी थाना में थानाध्यक्षों के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। उक्त क्रम में बिक्रमगंज-डिहरी मुख्य मार्ग पर काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत जोरावरपुर पुल के समीप थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के जवानों द्वारा वाहन चालकों से 13 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष फुलदेव चौधरी ने दी। दूसरी तरफ काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कछवां थाना की पुलिस ने थानाध्यक्ष मितेश कुमार के नेतृत्व में स्टेट हाईवे 81 मुख्य पथ पर थाना क्षेत्र के घरवासडीह मठ के समीप वाहन जांच अभियान चलाया। जिस वाहन जांच अभियान में पुलिस पदाधिकारी के द्वारा वाहन चालकों से 12 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया। जिसकी जानकारी थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने दी। वाहन जांच के क्रम में दोनों थाना द्वारा कुल मिलाकर 25 हजार रुपए का ऑनलाइन चालान काटा गया। दोनों थाना के थानाध्यक्षों ने बताया कि वाहन जांच की प्रक्रिया निरंतर चलते रहेगा।

# कालाजार प्रभावित इलाकों में नहीं छूटेगा एक भी घर, होगा दवाओं का छिड़काव : सिविल सर्जन

## जिले के जगदीशपुर प्रखंड के सियरुंआ गांव से शुरू हुआ इनडोर रेसिडेंशियल स्प्रे

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले में कालाजार उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए इनडोर रेसिडेंशियल स्प्रे (आईआरएस), 2024 के पहले चक्र के तहत दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। जिससे जिले में कालाजार के प्रभाव को खत्म करने के साथ लोगों को सुरक्षित रखा जा सके। इस दौरान कालाजार प्रभावित इलाकों के घारों में सिंथेटिक पैराथायराइड (एसपी) पाउडर का छिड़काव किया जाएगा। अभियान के तहत जिले के तीन ग्राम और आरा शहरी क्षेत्र के दो इलाकों के 6581 घरों को लक्षित किया गया है, जिनमें के 18976 कमरे चिह्नित किए गए हैं। इन चयनित कालाजार प्रभावित इलाकों में कुल 38657 लोगों की जनसंख्या रहती है। जिनको कालाजार से बचाने के लिए दो छिड़काव दल गठित किए गए हैं।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह प्रभारी जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि आईआरएस के लिए माइक्रो प्लान के तहत अभियान चलाया जा रहा है। हर चिह्नित गांव के लिए विशेष अवधि निर्धारित है। ताकि, उक्त गांव के सभी घरों में ठीक से दवाओं का छिड़काव सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया कि छिड़काव के दौरान एक भी घर छूटे नहीं, इसको लेकर छिड़काव टीम को भी आवश्यक और जरूरी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा छिड़काव अभियान के दौरान सामुदायिक स्तर पर लोगों को कालाजार से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी भी दी जा रही।

10 हजार की आबादी पर एक मरीज मिलने पर, वह क्षेत्र कालाजार मुक्त माना जाता है। इसलिए, हमारा जिला कालाजार के प्रभाव से नियंत्रण में है। हालांकि, स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मियों और लोगों के सहयोग से जिले में कालाजार मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। जिससे हमारा भोजपुर जिला पूर्ण रूप कालाजार मुक्त होने के निकट पहुंच चुका है। इसलिए, संपूर्ण जिला को कालाजार मुक्त बनाने में सभी लोगों का सकारात्मक सहयोग जरूरी है।

**लोगों को सतर्क और सावधान रहने की जरूरत :** वीबीडीसीओ अजीत कुमार पटेल ने बताया कि कालाजार से प्रभावित इलाके में लोग बुखार को अनदेखा नहीं करना चाहिए। जिन इलाकों में कालाजार के मरीज मिलते हैं, वहां एसपी पाउडर का छिड़काव कराया जाता है। ताकि, लोगों को कालाजार की चपेट में आने से बचाया जा सके। उन्होंने बताया, कालाजार के लक्षणों की पहचान होना बहुत जरूरी है। इसका असर शरीर पर धीरे-धीरे पड़ता है। यह परजीवी बालू मक्खी के जरिये फैलता है। इससे ग्रस्त मरीज खासकर गोरे व्यक्तियों के हाथ, पैर, पेट और चेहरे का रंग भूरा हो जाता है। रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लीवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। ऐसे में जब किसी में लगातार बुखार के लक्षण दिखाई दें, तो वो तत्काल जाकर उसकी जांच कराएं।

**दवाओं के छिड़काव के दौरान लोगों के लिए सुझाव**

- छिड़काव के पूर्व घर की अन्दरूनी दीवार की छेद/दरार बंद कर दें।
- घर के सभी कमरों, रसोई घर, पूजा घर, एवं गोहाल के अंदरूनी दीवारों पर छः फीट तक छिड़काव अवश्य कराएं। छिड़काव के दो घंटे बाद घर में प्रवेश करें।
- छिड़काव के पूर्व भोजन सामग्री, बर्तन, कपड़े आदि को घर से बाहर रख दें।
- ढाई से तीन माह तक दीवारों पर लिपाई-पुताई ना करें, जिसमें कीटनाशक (एसपी) का असर बना रहे।
- अपने क्षेत्र में कीटनाशक छिड़काव की तिथि की जानकारी आशा दीदी से प्राप्त करें।

## रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से कराया अवगत

प्रात: किरण संवाददाता



हाजीपुर - मुख्यालय, हाजीपुर में 04 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। विदित हो कि रेलकर्मियों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

## भव्य भंडारे के साथ हनुमान प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का हुआ समापन



प्रात: किरण संवाददाता

नोखा (रोहतास) नगर परिषद क्षेत्र के पश्चिम पट्टी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज का प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ कार्यक्रम का हुआ समापन। जिस यज्ञ जलभरी में सैकड़ों की संख्या में महिला सहित पुरुष भक्तों ने भाग लिया।

यज्ञ समिति के नेतृत्व में तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ में श्रद्धालुओं काफी भीड़ उमड़ रही है। वही मां दुर्गा मंदिर प्रांगण में मंगलवार को प्राण प्रतिष्ठा पूर्णाहुति के यज्ञ संपन्न हो गई। इस अवसर यज्ञ स्थल परिसर में भव्य प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया गया। जिस पूजा का समापन ज्ञानी संतो के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। अवसर पर पूजा कमिटी अध्यक्ष हरक सिंह, पूर्व जिला पार्षद सदस्य रविशंकर सिंह, मुन्ना चंद्रवंशी, सुनील पटेल, अनुराग सिंह, परशुराम बैठा, प्रमोद सिंह, अजय सिंह सहित सैकड़ों लोगों का यज्ञ समारोह में सराहनीय योगदान रहा।

# रामनवमी महोत्सव में बच्चों ने रामायण की एकांकी प्रस्तुत कर लोगों का मनमोहा

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास)। रामनवमी पर्व के अवसर पर स्थानीय शहर के अंजबित सिंह महाविद्यालय मुख्य पथ स्थित माई छोटा स्कूल के नन्हें बच्चों ने धूमधाम से रामनवमी महोत्सव मनाया। मंगलवार को विद्यालय में रामनवमी महोत्सव के अवसर पर बच्चों ने भगवान राम,लक्षण, माता सीता,सबरी का रूप धारण कर भगवान श्री राम का जन्मोत्सव भी मनाया। इस उपरांत स्कूल में अतिथियों सहित अभिभावकों की भीड़ उमड़ी थी।

इस मौके पर समस्त विद्यालय परिवार सहित अतिथियों ने बच्चों के साथ मिल श्रद्धा पूर्वक भगवान राम की पूजा-अर्चना करते हुए जय-जय श्री राम के जयकारा लगा स्कूल परिसर को गुंजमय कर दिया। आयोजित कार्यक्रम पर बच्चों द्वारा रामायण एकांकी की विभिन्न कला की प्रस्तुति को लोगों ने खूब सराहा। साथ ही अन्य बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की वेशभूषा में सबको मुग्ध भी किया। वही मासूम बच्ची नित्या प्रकाश ने सबरी का रूप धारण कर ---राम आयेंगे तो आंगना सजाऊंगी-दीप जला के दिवाली मैं मनाऊंगी गीत की प्रस्तुति कर सभी लोगों का मनमोह लिया। अवसर पर स्कूल की निदेशक रेणु सिंह ने कहा कि यह राम नवमी पर्व भगवान श्री राम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। हर्ष एवं उल्लास के इस पर्व के मनाए जाने का उद्देश्य है - हमारे भीतर "ज्ञान के प्रकाश का उदय"। भगवान राम का जन्म राजा दशरथ और रानी कौशल्या के यहां हुआ था।

कौशल्या का अर्थ है, कुशलता और दशरथ का मतलब है, जिसके पास दस रथ हो। वही राम महोत्सव कार्यक्रम में स्वर्ण प्रभाष, किशु, वैष्णवी गुप्ता, अंजली कुमारी, शिवांश मोदी, चित्रांशी रोल भी काफी आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर प्रिंसिपल अनुज्ञा कुमारी शिक्षक पम्मी कुमारी, प्रिया कुमारी, काजल कुमारी, निशा कुमारी,आदित्य सिंह व बच्चों के अभिभावक राजू प्रकाश रंजन, चंदन कुमार, अवधेश सिंह, प्रियंका देवी, रेखा कुमारी सहित छात्र रूही पटेल, आयांश पटेल, अर्नव कुमार, जसप्रीत, आयांश, तनिष्का, शिवांश, पीयूष अन्य लोग उपस्थित थें।

# सम्राट अशोक का मौर्य शक्ति ने धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

बिक्रमगंज (रोहतास) मंगलवार को मौर्य शक्ति के तत्वावधान में सम्राट अशोक जन्मोत्सव समारोह का आयोजन स्थानीय शहर के अजीत ऑडिटोरियम में किया गया। अवसर पर मौर्य शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि मौर्य ने गौतम बुद्ध पर पंचशील जलाते हुए सम्राट अशोक के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जन्मोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए रवि मौर्य ने कहा कि अखंड भारत के शासक चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के विचारों को अपनाने की जरूरत हम लोगों को है। सम्राट अशोक के शासनकाल को भारत को सोने की चिड़िया, विश्व गुरु का दर्जा एवं स्वर्णिकाल कहा गया है। सम्राट अशोक महान मानव के साथ-साथ पशु पक्षियों के रक्षक भी थें। समारोह की अध्यक्षता द्वारिका प्रसाद सिंह एवं संचालन चंद्र प्रकाश सिंह कुशवाहा ने की। मौके पर अतिथियों का स्वागत



सचिव सुनील कुशवाहा और धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष कलक्टर सिंह ने किया। मौके पर रमाशंकर सिंह, ज्योति प्रकाश कुशवाहा, पैक्स अध्यक्ष उसरी, ज्ञानचंद मेहता, मुखिया, उगहनी, गयामुनी सिंह, अजय कुशवाहा, नागेश्वर कुशवाहा, रामलगन सिंह, मुन्ना कुशवाहा, दिनेश कुमार दिनकर, लालबाबु सिंह, शशि भूषण सिंह, उमाशंकर सिंह, शिवाधार सिंह, अशोक मौर्य, अवधेश सिंह, कमल सिंह, विनोद कुमार भारती, जगन्नाथ सिंह, प्रिती सिंह, सुनीता कुमारी, सुरेश सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मदन सिंह, रामनरेश सिंह, अजीत कुशवाहा, संध्या कुमारी, मुरलीधर जी सहीत कई लोग थे।

# खेत में आग लगने से सैकड़ों बीघा की गेहूं फसल जलकर खाक

डेहरी (रोहतास) थाना क्षेत्र के मथुरी पंचायत के सखरा गांव के बधार में लगी गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई।

इससे सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल कर राख हो गई। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक दो दर्जन से अधिक किसानों की फसल जल गई। मुफसिल थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत मथुरी के भैसहा, डिलिया गांव के किसानों की खेत हैं। जिसमे मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे अज्ञात कारणों से फसल में आग लग गई। जिससे ग्रामीणों की सैकड़ों बीघा गेंहू की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। आग जलने की सूचना पर थानाध्यक्ष सहित दमकल कर्मी पहुंच कर स्थानीय लोगों के साथ कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया।

# श्री रामनवमी शोभायात्रा की सारी तैयारियां पूरी, अहले सुबह निकलेगी भव्य शोभायात्रा

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। श्रीरामनवमी शोभायात्रा समिति के तरफ से आज शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर एक प्रेस कांफ्रेंस महादेवा के आशीष मार्बल के पीछे हनुमान मंदिर में की गई। वहीं प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए श्रीरामनवमी शोभायात्रा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमपूज्य त्रिकालदर्शी संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज ने कहा कि एक राम तापस तिय तारी,नाम कोटि खल कुमति सुधारी। संतश्री ने आगे कहा कि एक राम तो एक स्त्री का ही उद्धार किए। परंतु राम तो समस्त संसार के आसुरी शक्तियों के बुद्धि को सुधार दिए।संतश्री ने आगे कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें भगवान राम का जन्मोत्सव मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अतः इस बार की शोभायात्रा हर बार की अपेक्षा बहुत ही बृहद होगी। संत श्री ने कहा कि राम कण कण में मौजूद हैं।वह सभी जगह हैं। वहीं समिति के महासचिव श्री शंभु प्रसाद चौरसिया ने कहा कि हमारे समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिकालदर्शी,परमसिद्ध संतश्रीदेवराहाशिवनाथजी महाराज के नेतृत्व में आरा शहर में निकलने वाली शोभायात्रा की सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समिति के सदस्यों के द्वारा भगवान श्रीराम और संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज की पूजा अर्चना की जाएगी और उसके बाद मुख्य रथ पर भगवान श्रीराम के साथ समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज विराजमान होंगे।वहीं यह रथ महादेवा से रामगढ़िया जाएगी और भगवान श्री राम की आरती के पश्चात यह भव्य शोभायात्रा रामगढ़िया से 11बजे चलेगी।यह भव्य शोभायात्रा रामगढ़िया से शुरू होकर बड़ी चौक,गोपाली चौक,जेल रोड, शिवगंज,बड़ी मठिया, महादेवा रोड,धर्मन चौक, चित्रटोली रोड,रमना रोड,महावीर टोला, करमन टोला, नवादा , स्टेशन रोड, एसपी कोठी रोड, ब्लॉक रोड, कतिरा रोड,पकड़ी चौक,जज कोठी रोड होते हुए रमणा मैदान में जाकर एक विशाल सभा में तब्दील हो जाएगी।जहाँ पर समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी का उदबोधन होगा।वहीं महासचिव शंभु प्रसाद चौरसिया ने आगे कहा कि इस बार की शोभायात्रा हर साल की अपेक्षा बहुत ही बृहद होगी।समिति के महासचिव ने कहा कि शोभायात्रा में इस बार मुख्य रथ के आगे माता-बहन रहेगी।शोभायात्रा की सुरक्षा को लेकर जगह-जगह सीसीटीवी यानि तीसरी आंख की नजर होगी,जिससे कि शरारती तत्वों पर नकेल कसी जा सकेगी।वहीं इस दौरान सहकोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष गोकुल सिंह, सचिव अमरेंद्र नारायण सिंह उर्फ सुधीर जी,रथ सजावट प्रमुख अनिल जी , सन्नी पांडे उपाध्यक्ष सह ग्रामीण अध्यक्ष,राजेन्द्र सिंह उपाध्यक्ष, बादल जालान शहर सजावट प्रमुख,सुरक्षा प्रमुख राजेश्वर पासवान, सचिव नवीन सिंह,हर्ष राज मंगलम, आदित्य सिंह, हरिओम जी,विभु सिंह, एसके सिंह, अखंडानंद जी सहित केंद्रीय समिति के सभी सदस्य शोभायात्रा की सफलता को लेकर दिन-रात एक किये हैं।

# महाअष्टमी पर आरण्य देवी के दर्शन के लिए उमड़ी रही आस्था की भीड़

## आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी है मां आरण्य देवी

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। चैत नवरात्र के आठवें दिन मंगलवार को देवी दुर्गा के अष्टम स्वरूप महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी तिथि को पूजन करने के लिए मंदिरों में भारी भीड़ उमड़ी रही। आरा शहर की अधिष्ठात्री देवी मां आरण्य देवी के मंदिर में पूजन एवं दर्शन को लेकर मंगलवार की अहले सुबह से ही महिला-पुरुष श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ी रही।

लोगों ने कतारबद्ध होकर देवी के दर्शन किए। पूजा अर्चना एवं देवी दर्शन का यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। लोगों ने मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़ा। महारानी देवी मंदिर के मीडिया प्रबंधक कृष्ण कुमार ने बताया कि महाअष्टमी के मौके पर मां आरण्य देवी मंदिर विकास ट्रस्ट द्वारा दूसरे दिन श्रद्धालु-भक्तों के बीच बुंदिया का प्रसाद वितरित किया गया। देवी के दरबार में दर्शन करने के उपरांत भक्तों को प्रसाद दिया जा रहा था। महानवमी के मौके पर बुधवार को भी ट्रस्ट की ओर से भक्तों के बीच प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर में श्रद्धालु-भक्तों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। महानवमी के दिन मान देवी के दरबार में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को भैरव बाबा के रास्ते प्रवेश कराया जाएगा मुख्य द्वार निकास द्वार के रूप में कार्य करेगा। मंदिर के बाहरी तथा अंदर किसी भी गतिविधि पर विशेष निगाह रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। रोशनी का समुचित प्रबंध किया गया है।

# अग्निशमन दल ने बच्चों के साथ निकाला जागरूकता प्रभातफेरी

प्रात: किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर अग्निशमन पदाधिकारी रोहन प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्कूली बच्चों ने मंगलवार को निकाला प्रभातफेरी। जिसे 14 से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में मनाया जायेगा। इस अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत सर्वप्रथम सुबह में दिनारा प्रखंड के नटवार शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभातफेरी से लोगों को आग से सुरक्षा के बचाव के गुर बताया गया। साथ ही अपील कर बताया गया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई बंदरगाह पर विक्टोरिया नामक जहाज में आग लग गई थी। जिसमें लगभग 66 लोगों की मौत हो गई थी। जिसके याद में अग्निशमन सेवा सप्ताह के रूप में इसे मनाया जाता है। मौके पर पूर्व अग्निशमन पदाधिकारी प्रेमचन्द राम, अग्निक सुनील कुमार, देवेंद्र कुमार, कनक कुमार, राजू कुमार, प्रियता कुमारी, अंकज कुमार, अग्निक चालक सुनील कुमार पासवान, राजेश कुमार, राकेश कुमार गुप्ता एवं समस्त अग्निक एवं अग्निक चालक मौजूद रहे।

# प्रत्येक वोट जरूरी है ये संदेश अपनी मातृभाषा में जिले के प्रत्येक मतदाताओं तक पहुंचाना इस प्रतियोगिता का उद्देश्य : उप विकास आयुक्त

आरा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्वीप कोषांग भोजपुर के द्वारा जिंगल प्रतियोगिता और रील प्रतियोगिता का 19/4/24 को आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी पूरी तरह से निर्वाचन से जुड़ी गीत ही जिससे मतदाता जागरूकता के संदेश के हो साथ ही इसी विषय से जुड़ी रील बनायेगे । उप विकास आयुक्त भोजपुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ये है की लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले में मतदान का प्रतिशत बेहतर हो, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं । प्रत्येक वोट जरूरी है।

ये हम सब जानते है इस लिए अपनी मातृ भाषा में इस जिंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप कोषांग की नोडल पदाधिकारी हीना ने कहा की इस जिंगल प्रतियोगिता और रील प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागी मताधिकार का उपयोग करने हेतु मतदाता को प्रेरित करे ,साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और 1 जुलाई को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित करे , ताकि कोई भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने में वंचित न रह जाए।

उनके के द्वारा जिंगल और रील के माध्यम से संदेश जाए की हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। मतदान से अपने योग्य उम्मीदवार को चयनित करें, एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना भी हमारी एक बड़ी जिम्मेदारी है जिससे लोकतंत्र को और मजबूत बनाया सकता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार दिया जाएगा 18 अप्रैल तक प्रतिभागी अपनी प्रविष्टि भेज सकेंगे।

## भभुआ में चक्रवाती सम्राट अशोक जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे शहर में निकाला गया बाइक जुलूस

भभुआ में चक्रवाती सम्राट अशोक जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे शहर में बाइक जुलूस निकाला गया है। प्रोफेसर डॉक्टर राम सिहासन सिंह ने बताया कि आज अशोक जन्माष्टमी के अवसर पर पूरे शहर में बाइक जुलूस निकाला गया। और उनके जीवन में किए गए कार्य को अपने जीवन में उतारने के लिए सभी लोगों ने शपथ लिया है। वही भभुआ पटेल चौक से आरंभ होकर एकता चौक कैमूर स्तंभ उदासी देवी मोड़ होते हुए पुन



पटेल चौक पर समापन किया गया जो बाइक रैली के माध्यम से संदेश दिया गया है। मौके पर राजा राम सिंह मुन्ना सिंह अरविंद भारती सुनील सिंह मनोज कुमार आलोक कुमार एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुर्गावती नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने से एक व्यक्ति की मौत

प्रात: किरण संवाददाता



कैमूर। रामगढ़ थाना क्षेत्र के मटियारी गांव के दुर्गावती नदी में स्नान करने के दौरान गहरे पानी में जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रामगढ़ थाना क्षेत्र के मटियारी गांव निवासी स्वर्गीय रामानंद सिंह के 84 वर्षीय पुत्र दुखहरन सिंह बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि सुबह में घर से स्नान करने के लिए दुर्गावती नदी गए हुए थे। जहां स्नान करने के दौरान ही गहरे पानी में जाने से डूब कर उनकी मौत हो गई। जब देर हुआ घर नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन करते हुए नदी किनारे गए तो देखा की नदी में उनका डंडा पानी में खड़ा पड़ा हुआ है। उसी के आधार पर पानी में जब खोजबीन कर शव को बाहर निकल गया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गई जहां पुलिस व परिजन की मदद से शव को सदर अस्पताल लाया गया जिसका पोस्टमार्टम कराया गया है।

# किशोर को सांप ने काटा हुई मौत

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर। भगवानपुर थाना क्षेत्र के मुंडेश्वरी धाम परिसर में मकान के छत पर सो रहा एक 15 वर्षीय किशोर को सांप ने काट लिया जिसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मोहनियां थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी स्वर्गीय गोविंद बिंद के 15 वर्षीय पुत्र किशन कुमार बताया जाता है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि चैत्र की नवरात्र में इसकी मां मुंडेश्वरी धाम स्थित एक मकान में रहकर फूल माला और प्रसाद का दुकान चलाती है। वही शाम का समय हुआ तो उसका पुत्र अपने मकान के छत के ऊपर सो गया। तभी एक जहरीला सांप ने उसे काट लिया उसके बाद परिजन व स्थानीय लोगो द्वारा यूपी में अमवा सती माई के पास झाड़ फूक के लिए ले गए। तभी बीच रास्ते में ही किशोर मौत हो गई। वही पुलिस को सूचना दिया गया जहां पुलिस की उपस्थिति में किशोर के शव को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया है।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, बुधवार, 17 अप्रैल, 2024





## लोग कहते थे कि पंजाबी, मुंबई नहीं जा सकते, लेकिन...

दिलजीत दोसांझ अपनी नई फिल्म अमर सिंह चमकीला से चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म रिलीज हो चुकी है, जिसे दर्शक पसंद भी कर रहे हैं। हाल ही में, दिलजीत अपने लाइव कॉन्सर्ट में लोगों का दिल जीतते हुए नजर आए। यह कॉन्सर्ट मुंबई में बीती शनिवार रात को हुआ था, जिसमें लोगों की भारी भीड़ झूमती हुई दिखाई दी थी। अब दिलजीत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉन्सर्ट की एक वीडियो साझा की हैं, जिसमें कई रोचक बातें सुनने को मिली।
पंजाबी लोगों से जुड़ी रूढ़ियों पर की बात
दिलजीत ने जो वीडियो पोस्ट किया हैं, उसमें एक महिला मैरी मी, दिलजीत का पोस्टर लिए दिख रही है। उनके प्रशंसक अपने-अपने फोन के कैमरे में उनकी तस्वीरें खींच रहे हैं। लोग पूरी तरह से मस्ती में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। वीडियों में दिलजीत को स्टेज से लोगों के साथ बात करते हुए भी सुना जा सकता है। दिलजीत ने दर्शकों से पंजाबी लोगों से जुड़ी रूढ़ियों पर बात की। दिलजीत ने अपने वीडियो में कहा, पहले लोग कहते थे कि पंजाबी लोग फैशन नहीं कर सकते, पर मैंने कहा, मैं करके दिखाऊंगा। फिर लोगों ने कहा कि पंजाबी फिल्मों में अभिनय नहीं कर सकते पर मैंने उन्हें दिखा दिया कि मैं यह कर सकता हूं। फिर लोगों ने कहा कि पंजाबी लोग मुंबई नहीं जा सकते, पर मैंने उन्हें गलत साबित कर दिया। इसके बाद लोगों ने कहा कि पंजाबी बार एरेना के टिकट नहीं बेच सकते हैं, लेकिन मेरे इस कॉन्सर्ट में स्टेडियम भरा पड़ा था। लोगों ने कहा कि पंजाबी इलुमिनाटी नहीं कर सकते, लेकिन मैंने कहा कि मैं डि-लुमिनाटी करूंगा।
कृति और वरुण धवन समेत इन सितारों ने लिया था पूरा मजा
दिलजीत दोसांझ के लाइव कॉन्सर्ट में कई बॉलीवुड सितारे भी शामिल हुए थे। सभी ने उनके गानों का पूरा आनंद लिया था। कॉन्सर्ट में कृति सेनन, वरुण धवन, तमन्ना भाटिया, विजय वर्मा, नेहा धूपिया, अंगद बेदी, करण कुंद्रा, तेजस्वी प्रकाश, आयुष्मान खुराना, ताहिरा और अपारशक्ति खुराना नजर आए थे।



# हुमा कुरैशी ने शुरू की अपनी अगली फिल्म की शूटिंग

अभिनेत्री हुमा कुरैशी पर्दे पर अलग किस्म के किरदार अदा करने के लिए मशहूर हैं। एक बार फिर अभिनेत्री ने कमर कस ली है। अपनी नई फिल्म में वह ऑटो ड्राइवर बनी नजर आएंगी। फिल्म का नाम सामने आ चुका है। बीते महीने महिला दिवस के मौके पर हुमा कुरैशी ने अपनी नई फिल्म का एलान किया था। इस फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदार विपुल मेहता संभालेंगे। आज से इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो गई है। साथ ही फिल्म के नाम से पर्दा उठ गया है। हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी फैंस के साथ साझा की है।

### ऑटो ड्राइवर के रोल में आएंगी नजर

हुमा कुरैशी की अगली फिल्म का नाम गुलाबी है। इस फिल्म में हुमा कुरैशी ऑटो चालक की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में वह एक ऑटो ड्राइवर और उसकी दृढ़ इच्छाशक्ति वाली महिला की सच्ची कहानी को दर्शकों के सामने पेश करती दिखेंगी। अपने नई फिल्म की घोषणा करते हुए हुमा ने सोशल मीडिया पर लिखा था, मैं विशाल राणा और जियो स्टूडियो के साथ नई फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित हूं। आज अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसमें वह फिल्म विशाल राणा और विपुल मेहता के साथ नजर आ रही हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा है, फिल्म गुलाबी की शूटिंग शुरू हो चुकी है। अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं।

### सितारे दे रहे शुभकामनाएं

हुमा के फैंस के साथ-साथ तमाम सितारे भी हुमा को बधाई दे रहे हैं। नुपुर सेनन ने लिखा, आपको बहुत शुभकामनाएं। जूही परमार ने लिखा, गुड लक। वर्क फ्रंट की बात करें तो बीते दिनों हुमा कुरैशी अपनी चर्चित वेब सीरीज महारानी 3 को लेकर खूब चर्चा में रही हैं। अभिनेत्री के अभिनय की दर्शकों ने दिल खोलकर तारीफ की। इस सीरीज के पिछले दो सीजन में भी हुमा दमदार अंदाज में नजर आईं। सोनी लिव की महारानी सीरीज के तीसरे सीजन में हुमा पूरी तरह छा गईं।



## सिद्धार्थ से मिलने से पहले मैंने कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था

फेमस बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन ने एक आदर्श रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्होंने अपने पति सिद्धार्थ रॉय कपूर से मिलने से पहले कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता और पद्मश्री से सम्मानित भारतीय सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस में से एक विद्या बालन ने 2012 में फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर से शादी की थी। यह पूछे जाने पर कि उनके अनुसार, एक आदर्श रिश्ते का मंत्र क्या है, विद्या ने आईएएनएस को बताया, मुझे नहीं लगता कि कोई मंत्र है। कम से कम मुझे तो यह पता नहीं चला... मंत्र हर रिश्ते के लिए अनोखा होता है। कोई आपके कान में ये मंत्र नहीं बताएगा। हर रिश्ते का अपना एक अनोखा मंत्र होता है। रिश्तों को लेकर विद्या की समझ विकसित हुई है। उन्?होंने कहा, शादी के 12 साल और डेटिंग के वर्षों के दौरान रिश्तों के बारे में मेरी समझ बदल गई है। शादी के बारे में मेरी समझ बढ़ी है। मैं उनमें से नहीं हूं जिसने शादी से पहले उसके बारे में सोचा हो। उन्होंने आगे कहा, इन सालों ने मुझे सिखाया है, और मुझे यकीन है कि गुजरते समय के साथ मैं रिश्ते को समझना और विकसित करना जारी रखूंगी। हालांकि, विद्या ने रिश्ते को स्वस्थ रखने के लिए एक बात शेयर की। विद्या ने कहा, एक बात जो मैं निश्चित रूप से जानती हूं वह यह है कि किसी जोड़े के बीच रिश्ते में, चाहे वह विषमलैंगिक हो या समान-लिंग वाला हो, आप किसी तीसरे व्यक्ति को शामिल नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा, मेरा मतलब सिर्फ अफेयर से नहीं है, बल्कि किसी अन्य रिश्तेदार या दोस्त से भी है। ये रिश्ता सिर्फ दो लोगों के बीच का है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने वर्षों से समझा है। विद्या अब अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार की तैयारी कर रही हैं, जो 19 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं।

## अच्छे पिता बनेंगे अली...., ऋचा ने बांधे पति की तारीफों के पुल

ऋचा चड्ढा और अली फजल जल्द ही माता-पिता बनने वाले हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने कहा कि वह अपने जीवन के नए चरण के लिए बेहद उत्साहित हैं। इस दौरान उन्होंने पति अली फजल की तारीफों के पुल बांधे हैं। ऋचा ने कहा मैं उनके जैसा पार्टनर पाकर सौभाग्यशाली हूं, मुझे लगता है कि वह एक अविश्वसनीय पिता बनेंगे। ऋचा चड्ढा ने कहा कि हम दोनों इस नए चरण के लिए बेहद ही उत्साहित हैं। उन्होंने कहा अली और मैं जो कुछ भी करते हैं, हम बहुत अधिक सरलता के साथ करते हैं।



## दिलजीत के बिना चमकीला का निर्माण असंभव था

अभिनेता और गायक दिलजीत दोसांझ इन दिनों अपनी फिल्म अमर सिंह चमकीला की वजह से सुर्खियां बटोर रहे हैं। दर्शकों को इस फिल्म में उनकी एक्टिंग काफी पसंद आ रही है। दिलजीत के इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है। हाल में अपनी फिल्म के प्रमोशन के लिए दिलजीत दोसांझ और इम्तियाज अली कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में शामिल हुए। इस दौरान निर्देशक इम्तियाज अली दिलजीत के बारे में कई दिलचस्प खुलासे करते दिखाई दिए। गायक दिलजीत दोसांझ की गिनती अब एक बेहतरीन अभिनेता के रूप में भी होने लगी है। हाल ही में निर्देशक इम्तियाज अली दिलजीत के बारे में बातें करते हुए कहते है, आप शायद यकीन नहीं करेंगे, लेकिन अगर दिलजीत चमकीला के किरदार के लिए हां नहीं करते तो शायद मैं इस फिल्म को कभी नहीं बनाता।
अपनी बात जारी रखते हुए अमर सिंह चमकीला के निर्देशक कहते हैं, एक बार शाहरुख खान ने कहा था कि दिलजीत दोसांझ देश के बेहतरीन एक्टर्स में से एक हैं। द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दौरान जब इम्तियाज अली से कपिल पूछते हैं कि आपके मन में चमकीला बनाने का ख्याल कहाँ से आया। इस सवाल के जवाब में इम्तियाज कहते हैं, मैं अपनी कई फिल्मों की शूटिंग पंजाब में कर चुका हूं। मुझे वहां के रंग समझ में आने लगे हैं। फिर वहीं से ख्याल आया कि क्यों न असली पंजाबी रॉकस्टार पर फिल्म बनाई जाए। निर्देशक इम्तियाज अली अलग तरह की फिल्में बनाने के लिए मशहूर हैं। वे इंसानी रिश्तों पर बेहतरीन फिल्में बनाते हैं। अपनी फिल्म चमकीला के कास्ट के बारे में बातें करते हुए कहते हैं, परिणीति चोपड़ा ने इस फिल्म के लिए 15 किलो वजन बढ़ाया। इस रोल के लिए उनसे बेहतर कोई हो ही नहीं सकता था।





# बॉलीवुड के इन स्टारकिड्स पर कभी नहीं लगा नेपोटिज्म का आरोप

बॉलीवुड इंडस्ट्री में आए दिन नेपोटिज्म को लेकर बहस छिड़ी रहती है। इंडस्ट्री में कंगना रणौत और करण जौहर के बीच इस मुद्दे पर अक्सर तीखी जुबानी जंग भी होती है। करण पर अक्सर यह आरोप लगता है कि वह इंडस्ट्री में स्टार किड्स को ही लॉन्च कर नेपोटिज्म को बढ़ावा देते हैं। स्टार किड्स को आसानी से फिल्में मिलने और अवॉर्ड्स मिलने पर अक्सर नेपोटिज्म की बहस शुरू हो जाती है। ये स्टार किड्स अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोल भी होते रहते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि जिन स्टार किड्स पर नेपोटिज्म ठप्पा लगाकर उन्हें ट्रोल किया जाता है, उनके माता-पिता भी स्टार किड्स ही हैं। 90 के दशक के जिन सितारों पर आप भर-भर कर प्यार बरसाते हैं, वह भी स्टार किड्स हैं, लेकिन कभी उन सितारों पर नेपोटिज्म का ठप्पा नहीं लगा। चलिए जानते हैं उन सितारों के बारे में, जो स्टार किड्स होकर भी नेपोटिज्म के दायरे में नहीं आए।

### काजोल

इस लिस्ट में सबसे पहले बात करते हैं बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल की। काजोल ने खुद अपनी दमदार अदाकारी के दम पर इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई। 90 के दशक में बॉलीवुड पर राज करने वाली अभिनेत्री काजोल एक स्टार किड ही हैं। काजोल बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री तनुजा की बेटी हैं। उन्होंने अपने दम पर बॉलीवुड को कई हिट फिल्में दी हैं। उनकी अदाकारी पर कभी भी दर्शकों ने सवाल खड़े नहीं किए हैं। काजोल पर कभी भी नेपोटिज्म का ठप्पा नहीं लगा।

### अजय देवगन

इस लिस्ट में अगला नाम आता है बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन का। काजोल के पति अजय भी एक स्टार किड ही है। वह भी एक फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखते हैं। अजय बॉलीवुड के मशहूर एक्शन निर्देशक वीरू देवगन के बेटे हैं। फिल्मी बैकग्राउंड से होने के बावजूद उन्हें कभी भी ट्रोलिंग का सामना नहीं करना पड़ा और न ही उनके ऊपर कभी नेपोटिज्म का आरोप लगा। हालांकि, अभिनेता की बेटी नीसा देवगन पर नेपोटिज्म का ठप्पा लग चुका है और उन्हें अक्सर सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया जाता है।



### सलमान खान

बॉलीवुड के दबंग खान सलमान खान भी इस लिस्ट में अपनी जगह बनाए हुए हैं। सलमान ने अपने दम पर इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई और आज इंडस्ट्री पर राज करने वाले सबसे बड़े स्टार बन चुके हैं। सलमान का पूरा परिवार बॉलीवुड इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ है। सलमान भी एक स्टार किड हैं। सुपरस्टार के पिता सलीम खान इंडस्ट्री के प्रसिद्ध स्क्रिप्ट राइटर और निर्देशक हैं। वहीं, भाईजान के दोनों भाई सोहेल खान और अरबाज खान भी अभिनेता और फिल्म निर्माता हैं। सलमान खान ने सलीम खान की पहचान का फायदा न उठाते हुए अपने दम पर इंडस्ट्री में कई हिट फिल्में दीं और लोगों के दिलों पर राज किया।



### संजय दत्त

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त भी इस लिस्ट में शामिल हैं। अभिनेता ने कई दमदार किरदार निभाते हुए दर्शकों के दिल पर अपनी छाप छोड़ी। इंडस्ट्री के खलनायक संजू बाबा भी एक स्टार किड हैं, लेकिन इस कारण उन्हें कभी भी सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का सामना नहीं करना पड़ा और वह अपने दम पर खुद को साबित करने में कामयाब रहे। संजय दत्त बॉलीवुड दिवंगत अभिनेता और अभिनेत्री सुनील दत्त और नरगिस के बेटे हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व: एफडी पर सीनियर सिटिजन से 27000 करोड़ टैक्स

### केबल ब्रॉडबैंड यूजर 20 फीसदी बढ़े; हर माह 24 जीबी डेटा की खपत



**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने कहा कि सरकार ने पिछले वित्त वर्ष में फिक्स्ड डिपॉजिट (सावधि जमा) से अर्जित ब्याज पर वरिष्ठ नागरिकों से 27 हजार करोड़ रुपये एकत्र किए हैं। एसबीआई के शोधकर्ताओं की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में जमा की कुल राशि 143 फीसदी बढ़कर वित्त वर्ष 2024 के अंत में 14 लाख करोड़ से 34 लाख करोड़ हो गई है। ऐसा प्रतीत होता है कि उच्च ब्याज दरों के कारण वरिष्ठ नागरिकों के बीच सावधि जमा में निवेश करने की रुचि बढ़ी है, क्योंकि इसी अवधि में सावधि जमा खातों की कुल संख्या 81 प्रतिशत बढ़कर 7.4 करोड़ हो गई है। एसबीआई के शोधकर्ताओं का अनुमान है कि इनमें से कम से कम 7.3 करोड़ खातों में 15 लाख रुपये से अधिक की राशि है, और यह मानते हुए कि जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज मिलता है, वरिष्ठ नागरिकों ने अकेले ब्याज के रूप में वित्त वर्ष 24 में 2.7 लाख करोड़ कमाए हैं। इसमें बैंक जमा से



2.57 लाख करोड़ रुपये और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना से शेष शामिल हैं।

**केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी बढ़ी**– देश में केबल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं की संख्या 20 फीसदी (29 फरवरी, 2024) बढ़कर 91.6 करोड़ हुई। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़ों के अनुसार यह संख्या फरवरी 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। कुल मिलाकर, यह संख्या 2018 में 39.2 करोड़ से बढ़कर फरवरी 2024 में 91.6 करोड़ हो गई। आंकड़ों के मुताबिक, यह संख्या में 2021 में 16 प्रतिशत, 2022 में 19 प्रतिशत और 2023 में 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, स्मार्टफोन के प्रसार ने 95 फीसदी भारतीय आबादी को मोबाइल उपकरणों के माध्यम से इंटरनेट से जुड़ने के लिए प्रेरित किया है। ट्राई के आंकड़ों से पता चलता है कि 29 फरवरी, 2024 तक, केबल लाइनों पर 3.9 करोड़ की तुलना में मोबाइल उपकरणों (मोबाइल डेटा उपयोगकर्ता) के माध्यम से ब्रॉडबैंड ग्राहक 87.6 करोड़ थे।

# फाइनेंशियल सेक्टर में बड़ा धमाका करने की तैयारी में मुकेश अंबानी

## दुनिया के सबसे ताकतवर आदमी का मिला साथ



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी टेलिकॉम और रिटेल के बाद अब वेल्थ मैनेजमेंट और ब्रोकिंग बिजनस में भी तहलका मचाने की तैयारी में हैं। अंबानी की कंपनी जियो फाइनेंशियल ने दुनिया के सबसे बड़े एसेट मैनेजर ब्लैकरॉक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाया है। दोनों कंपनियां भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनस के लिए पहले ही हाथ मिला चुकी हैं। जियो फाइनेंशियल ने सोमवार को स्टॉक एक्सचेंजेज को दी जानकारी में बताया कि उसने भारत में वेल्थ मैनेजमेंट और ब्रोकरेज कंपनियां शुरू करने के लिए ब्लैकरॉक के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाया है। इसमें दोनों कंपनियों की 50-50 फीसदी हिस्सेदारी होगी। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने पिछले साल अपने फाइनेंशियल बिजनस कारोबार को अलग करके जियो फाइनेंशियल सर्विसेज नाम से एक कंपनी बनाई थी। जियो फाइनेंशियल सर्विसेज को पिछले साल जुलाई में शेयर मार्केट में लिस्ट किया गया था। उसके बाद कंपनी ने ब्लैकरॉक के साथ मिलकर भारत में एसेट मैनेजमेंट बिजनस शुरू करने की घोषणा की थी। इस बिजनस में दोनों कंपनियों ने 15-15 करोड़ डॉलर निवेश करने की घोषणा की थी। जियो ने सोमवार को कहा कि नए वेंचर से ब्लैकरॉक के साथ उसके संबंध और मजबूत होंगे। इससे भारत में एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री में क्रांतिकारी बदलाव आने की संभावना है। ब्लैकरॉक दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर कंपनी है। इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट करीब 10 ट्रिलियन डॉलर था। यह भारत की जीडीपी का करीब ढाई गुना है। ब्लैकरॉक की हैसियत का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनिया के कुल शेयरों और बॉन्ड्स का 10 फीसदी यही कंपनी संभालती है।

### ब्लैकरॉक की दुनिया

ब्लैकरॉक दुनिया का सबसे बड़ा शेडो बैंक है। अगर हम यह कहें कि पूरी दुनिया इस कंपनी के कब्जे में है तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। दुनिया के हर बड़े सेक्टर की बड़ी कंपनी में इसका हिस्सा है। ब्लैकरॉक की ऐपल में 6.5 प्रतिशत, वेरिजॉन और फोर्ड में 7.25 प्रतिशत, मेटा में 6.5 प्रतिशत, वेल्स फर्गो में सात परसेंट, जेपीमोर्गन में 6.5 प्रतिशत और डॉयचे बैंक में 4.8 प्रतिशत हिस्सेदारी है। गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक में ब्लैकरॉक की 4.48 प्रतिशत हिस्सेदारी है। ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक को दुनिया का सबसे प्रभावशाली शख्स माना जाता है। ब्लैकरॉक भारत में इन्वेस्टिंग, ऑपरेशंस, एनालिटिक्स और कॉरपोरेट फंक्शंस में काम कर रही है। उसके भारत में करीब 2,400 कर्मचारी हैं। कंपनी एशिया में 422 अरब डॉलर का एसेट मैनेज कर रही है जिसमें 15 फीसदी भारत में है। साथ ही उसके ग्लोबल क्लाइंट्स का भारत में 13 अरब डॉलर का निवेश है।

# रेलवे स्टॉक की रफ्तार होगी तेज, 220 के पार जाएगा भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** रेलवे स्टॉक भारतीय रेलवे वित्त निगम के शेयर अगले छह से आठ महीनों में 220 के स्तर को पार कर सकते हैं। यह दावा है तकनीकी विश्लेषक मानस जायसवाल का। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा तभी हो सकता है, जब स्टॉक ऊपर की ओर 160 के स्तर को पार कर जाए। सरकारी रेलवे फाइनेंसर 8 फरवरी के बाद से 160 के स्तर से ऊपर बंद नहीं हुआ है। आज यानी मंगलवार 16 अप्रैल को दोपहर पौने दो बजे के करीब एक फीसद चढ़कर 141.75 रुपये पर पहुंच गया है।

जायसवाल ने अगाह करते हुए कहा है कि इस तरह के शेयरों को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि, ये ऐसे शेयर नहीं हैं कि आप इन्हें दो साल के लिए लॉक कर दें और फिर पता लगाएं कि कीमत क्या है। हालांकि, जब भी स्टॉक 100 के स्तर से नीचे आता है तो उन्होंने मौजूदा पोजीशन की सलाह दी।

जनवरी में आईआरएफसी के शेयरों में 75 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन उसके बाद से गिरावट का रुख बना हुआ है। स्टॉक अभी भी 192 के अपने उच्चतम स्तर से 26 प्रतिशत नीचे है, जो इस साल 23 जनवरी को पहुंचा था।

आईआरएफसी 2021 का पहला आईपीओ था जो अपने इश्यू प्राइस 26 की तुलना में मामूली छूट पर शेयर बाजार में एंट्री की थी। अगले दो वर्षों में कुछ भी नहीं करने के बाद, स्टॉक ने 2023 में शानदार प्रदर्शन किया और 2023 में 200 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया।

जब यह अपने चरम पर था तो आईआरएफसी का मार्केट कैप 20 से अधिक निफ्टी 50 कंपनियों से अधिक था। मौजूदा कीमत पर भी आईआरएफसी का मार्केट कैप 1.85 लाख करोड़ से अधिक है। यह अभी भी टाटा स्टील, एलटीआईमाइंडट्री, टेक महिंद्रा जैसे कई कंपनियों से अधिक है।अप्रैल में अब तक स्टॉक स्थिर है, मार्च में 3 प्रतिशत और फरवरी में 16 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# विदेश से मिला हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेडको 500 करोड़ का ऑर्डर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में गिरावट के बीच हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड के शेयरों में उछाल है। मंगलवार यानी आज के कारोबार में शेयरों में तब तेजी आई, जब कंपनी ने कहा कि उसे ऑटोमोबाइल ड्राइवलाइन कंपोनेंट एंड सिस्टम के एक अग्रणी वैश्विक टियर 1 निर्माता से ऑर्डर मिला है। ऑर्डर के तहत कंपनी यात्री वाहनों (यूटिलिटी वाहन/पिकअप ट्रक) के लिए ब्रेक फ्लैंज की सप्लाई करेगी। कंपनी ने ऑर्डर देने वाले का नाम नहीं बताया , लेकिन कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय ग्राहक है। ऑर्डर को वित्तीय वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही या वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही से दिसंबर 2034 तक खत्म किया जाना है।



इस ऑर्डर का मूल्य 69 करोड़ से 70 करोड़ सलाना है, जो पूरी अवधि के लिए लगभग 500 करोड़ है। आज दोपहर 1.00 बजे हैप्पी फोर्जिंग्स के शेयर 4.71 प्रतिशत बढ़कर 948 पर कारोबार कर रहे थे। पिछले महीने में स्टॉक में 16.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

पंजाब के लुधियाना स्थित हैप्पी फोर्जिंग्स ऑटो कंपोनेंट के निर्माण में शामिल है। कंपनी भारत में ग्राहकों के लिए स्टीयरिंग नक्कल्स, फ्रंट एक्सल बीम, बेवेल गियर, काउंटर शाफ्ट और ट्रांसमिशन कंपोनेंट का प्रोडक्शन और मार्केटिंग करती है। साल फरवरी में कंपनी को एसयूवी के लिए पूरी तरह से मशीनीकृत कंपोनेंट की आपूर्ति के लिए 400 करोड़ का ऑर्डर मिला था।

हैप्पी फोर्जिंग्स साल 2023 के अंतिम आईपीओ में से एक था और इसके इश्यू प्राइस 850 प्रति शेयर पर 18 प्रतिशत प्रीमियम पर लिस्ट किया गया था। स्टॉक अपने आईपीओ मूल्य 850 से 11 प्रतिशत अधिक पर कारोबार कर रहा है। इसका 52 हफ्ते का हाई 1087.40 रुपये है।

# ब्रिक्स सीसीआई वी 2024 रिपोर्ट में प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता में महिला सशक्तिकरण को रेखांकित किया गया

BRICS WE Chamber of Commerce & Industry

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला सशक्तिकरण इकाई ब्रिक्स सीसीआई वी ने न्यू एरा ऑफ ब्रिक्स-होरिजन्स इन टेक एंड बिजनेस फॉर वुमेन एंपावरमेंट शीर्षक से एक विशेष रिपोर्ट पेश की है। यह रिपोर्ट सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं के लिए प्रौद्योगिकी एवं उद्यमशीलता परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए प्रगति एवं मौजूदा चुनौतियों दोनों को ही रेखांकित करती है। वर्ष 2023 में ब्रिक्स के विस्तार के साथ जिसमें नए सदस्यों को शामिल करना और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व शामिल है, यह रिपोर्ट प्रौद्योगिकी एवं कारोबार क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल के महत्व को रेखांकित करती है। यह रिपोर्ट शीएटवर्क और नॉलेज पार्टनर के तौर पर टेकआर्क के सहयोग से विकसित की गई है और इसका अनावरण पूर्व ब्रिक्स शेरपा और भारत सरकार के सचिव रहे एएमबी संजय भट्टाचार्य (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया। ब्रिक्स सीसीआई वी की अध्यक्ष एवं शीटवर्कडाट काम की संस्थापक रूबी सिन्हा ने कहा, जैसा कि सभी ब्रिक्स देशों में महिलाओं द्वारा टेक्नोलॉजी एवं उद्यमशीलता में की गई प्रगति का जश्न हम मना रहे हैं, यह रिपोर्ट प्रगति का एक प्रमाण होने के साथ ही कार्रवाई का आह्वान भी करती है। ब्रिक्स गठबंधन में नए सदस्यों के शामिल होने और वैश्विक आबादी एवं अर्थव्यवस्था के एक महत्वपूर्ण हिस्से का प्रतिनिधित्व होने के साथ यह अनिवार्य हो जाता है कि हम टेक्नोलॉजी और कारोबार के क्षेत्रों में लिंग समानता की पहल को प्राथमिकता दें। विश्वभर में महिलाओं के लिए उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का मार्ग प्रशस्त करने के लिए आइये हम नवप्रवर्तन एवं उद्यमशीलता की ताकत का दोहन करें।

# एमेजॉन पर मीडियाटेक डेज़ में हर किसी के लिए अद्भुत उत्पाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रति वर्षदो अरब से अधिक कनेक्टेड एज डिवाईस को ताकत प्रदान कर रही विश्व की अग्रणी फैबलेस सेमीकंडक्टर कंपनी मीडियाटेक ने 16 अप्रैल से 20 अप्रैल, 2024 तक एमेजॉन पर 'मीडियाटेक डेज़' अभियान की घोषणा की है। एमेजॉन पर 5 दिनों तक चलने वाले इस अभियान के दौरान मीडियाटेक प्रौद्योगिकी को लोकतांत्रिक बनाने और उपभोक्ता को अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराने पर ध्यान देगी। इस अभियान का लक्ष्य कनेक्टेड डिवाइसेज़ के नए युग में मीडियाटेक की ताकत वाले अद्भुत प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और समाधानों को लेकर जागरूकता पैदा करना है जिससे उपभोक्ताओं को जानकारी के आधार पर खरीदारी का निर्णय करने में मदद मिल सके। एमेजॉन पर मीडियाटेक स्टोर, महान प्रौद्योगिकी तक सभी की पहुंच सुलभ बनाकर हर किसी का जीवन तेज और बेहतर करने के लिए संभावनाओं की दुनिया के द्वार खोलता है। मीडियाटेक विश्व के सबसे बड़े ब्रांडों के स्मार्ट डिवाइस को ताकत प्रदान करती है जिनमें स्मार्ट स्पीकर्स, स्मार्ट टीवी, क्रोमबुक्स, टैबलेट्स, वियरेबल्स, वाईफाई राउडर्स, फिटनेस उपकरण आदि शामिल हैं। मीडियाकेटक के उप निदेशक (मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस) अनुज सिद्धार्थ ने कहा, मीडियाटेक निरंतर एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम कर रही है जहां प्रौद्योगिकी लोकतांत्रिक ढंग से उपलब्ध हो।




# वोडाफोन आइडिया लिमिटेड का 18,000 करोड़ का फ़र्दर पब्लिक

## ऑफरिंग 18 अप्रैल को खुलेगा




**मुंबई, एजेंसी।** वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआई या द कंपनी), गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी फ़र्दर पब्लिक ऑफरिंग (एफपीओ) के संबंध में अपनी बोली/प्रस्ताव खोलेगी। कुल ऑफर साइज़ में 1,80,000 मिलियन [ 18,000 करोड़] तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू शामिल है। (फ्रेश इश्यू) (कुल इश्यू साइज़) ऑफर का प्राइस बैंड 10 से 11 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 1,298 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 1,298 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है (मूल्य बैंड)। एंकर निवेशक बोली की तारीख मंगलवार, 16 अप्रैल, 2024 होगी। बोली/प्रस्ताव सदस्यता के लिए गुरुवार, 18 अप्रैल, 2024 को खुलेंगे और सोमवार, 22 अप्रैल, 2024 को बंद होंगे (बोली/प्रस्ताव अवधि)। कंपनी इक्विटी शेयरों के नए निर्गम से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग इन कार्यों की फंडिंग के लिए करने का प्रस्ताव करती है - अपने नेटवर्क बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए 1,27,500 मिलियन [12,750 करोड़] से उपकरणों की खरीद, जिसमें (ए) नई 4जी साइटें स्थापित करना शामिल है।

### ऑफर के प्रयोजनों के लिए, एनएसई को नामित स्टॉक एक्सचेंज रखा गया है।

यह पेशकश सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 155 के संदर्भ में फास्ट ट्रैक रूट के माध्यम से की जा रही है। यह ऑफर सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियम 129(1) के अनुसार और बुक बिल्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है, जिसमें योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी और ऐसा भाग, क्यूआईबी भाग) को आनुपातिक आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक ऑफर आवंटित नहीं किया जाएगा। हमारी कंपनी बुक रनिंग लीड मैनेजरों के परामर्श से, सेबी आईसीडीआर विनियम (एंकर निवेशक भाग) के अनुसार विवेकाधीन आधार पर एंकर निवेशकों को क्यूआईबी हिस्से का 60 प्रतिशत तक आवंटित कर सकती है, जिसमें से कम से कम एक– तिहाई केवल घरेलू म्यूचुअल फंड के आवंटन के लिए आरक्षित होगा।

# कोविड के बाद हेल्थकेयर में भारी निवेश के चलते प्लेसमेंट पैकेज में हुई वृद्धि : डॉ. पीआर सोडानी

## आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने अपने पिछले प्लेसमेंट रिकॉर्ड के मुकाबले दोगुने से अधिक उच्चतम पैकेज के साथ इस वर्ष बनाया नया रिकॉर्ड




**जयपुर एजेंसी।** भारत के अग्रणी स्वास्थ्य प्रबंधन अनुसंधान विश्वविद्यालय, आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी ने 35.62 एलपीए के उच्चतम पैकेज के साथ इस सीजन में अब तक का अभूतपूर्व प्लेसमेंट दर्ज किया है। वर्ष 2022 में आईआईएचएमआर के 17.22 एलपीए के उच्चतम पैकेज को पीछे छोड़ते हुए यह अब तक का उच्चतम प्लेसमेंट पैकेज है। संस्थान में चल रहे प्लेसमेंट में 75 प्रतिशत छात्रों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न संगठनों में उल्लेखनीय पैकेज पर विभिन्न भूमिकाओं पर रखा गया है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष, डॉ. पीआर सोडानी ने प्लेसमेंट के बारे में बताया कि, इस साल कैंपस में भर्तीकर्ताओं से उत्कृष्ट प्लेसमेंट प्राप्त होने की हमें बेहद खुशी है। स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के वैश्विक प्रोत्साहन को देखते हुए हेल्थकेयर इंडस्ट्री के पैकेज में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मैं छात्रों को उल्लेखनीय प्लेसमेंट पाने पर हार्दिक बधाई और उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं, वे अपनी सफलता की कहानियां इसी प्रकार लिखते रहेंगे।'' उल्लेखनीय है कि प्रिस्टिन केयर और इनडीड की एक कोलेबोरेटिव स्टडी के अनुसार, जनवरी 2021 और जनवरी 2023 के बीच हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स के लिए की गई जॉब पोस्टिंग में 22.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो भारत में इन पेशेवरों की बढ़ती मांग की ओर संकेत करता है। आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी के प्लेसमेंट अधिकारियों के अनुसार, एचजे हॉस्पिटल, आईपीई ग्लोबल, नुवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड, टाटा एआईजी, ल्यूपिन, डेलॉइट, पीडब्ल्यूसी, ईएंडवाई, इंफोसिस, फोर्टिस, आदि अस्पताल की एक लंबी सूची में से कुछ नाम है, इनके साथ रिक्रूटर्स की कुल संख्या 60 से अधिक हो गई है। सेक्टर-वार प्लेसमेंट डेटा से पता चला है कि 30 प्रतिशत के साथ हॉस्पिटल सेक्टर रिक्रूटर्स में प्रथम स्थान पर है, इसके बाद कंसल्टेंसी, फार्मास्युटिकल और हेल्थ आईटी सेक्टर की क्रमशः 15 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 11 प्रतिशत और 11 प्रतिशत भागीदारी है।





## संक्षिप्त समाचार

### पांच मैचों की सीरीज में भारतीय हॉकी टीम की चौथी हार

● ऑस्ट्रेलिया ने 3-1 से दी शिकस्त



**पर्थ, एजेंसी।** भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 1–3 से हार का सामना करना पड़ा। पांच मैचों की श्रृंखला में यह मेहमान टीम की चौथी हार है। बिजली कड़कने के कारण 40 मिनट देरी से शुरू हुए मैच में चारों गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत की मदद से 12वें मिनट में बढ़त बनाई थी लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वां मिनट, 47 वां मिनट) ने दो और जैक वेल्क (54वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। पहले टेस्ट में भारत को 1–5, दूसरे में 2–4 और तीसरे में 1–2 से हार का सामना करना पड़ा था।

● **न्यूजीलैंड हॉकी टीम के दौरे के 100 वर्ष पूरे होने का मनाएगा जश्न** – न्यूजीलैंड भारतीय सेना की हॉकी टीम की ओर से 1926 में किए गए दौरे के सौ वर्ष होने का जश्न मनाने जा रहा है। तीन माह तक चले इस दौरे की टीम में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद भी शामिल थे। माना जाता है कि इसी दौरे से ध्यानचंद का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदय हुआ था। भारत में न्यूजीलैंड के राजदूत डेविड पाइन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 2026 दोनों देशों के संबंधों का विशेष वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि इस जश्न के लिए एक समिति का गठन हो चुका है और समय के अनुसार चीजें आगे बढ़ती चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम हर खेल में भारत के साथ जुड़ाव का जश्न मनाएंगे। चाहे ये क्रिकेट हो, वेटलिफ्टिंग, जूडो या फिर बॉक्सिंग। हमें उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री 2026 में इस जश्न में शामिल होने न्यूजीलैंड आएंगे। भारतीय हॉकी संघ के गठन के बाद 1926 में पहली बार न्यूजीलैंड टीम भेजी गई थी। इस दौरे पर भारतीय टीम ने 21 मैच खेले, जिसमें 18 उसने जीते। इस दौरे पर ध्यानचंद ने शानदार प्रदर्शन कर वहां के लोगों का दिल जीता था।

**पेरिस ओलंपिकः**

### ओलंपिक से पहले भारत को झटका

● दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम ने इस पद से दिया इस्तीफा, कारण भी बताया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। आईओए ने 21 मार्च को उनकी नियुक्ति का एलान किया था। भारत की दिग्गज मुक्केबाज और छह बार की विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने पेरिस ओलंपिक से पहले इस बहुराष्ट्रीय प्रतियोगित में देश के दल के प्रमुख (शेफ डी मिशन) के अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने 21 मार्च को शेफ डी मिशन नियुक्त किया था। मैरी कॉम ने पद से हटने के पीछे निजी कारणों का हवाला दिया है और कहा कि उनके पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि मैरी कॉम ने उन्हें पत्र लिखकर इस जिम्मेदारी से मुक्त करने के लिए कहा है। मैरी कॉम ने उषा को लिखे पत्र में कहा– देश की किसी भी रूप में सेवा करना गर्व की बात है और मैं इसके लिए मानसिक रूप से तैयार थी, लेकिन मुझे खेद है कि मैं यह जिम्मेदारी नहीं उठा सकूंगी।

# अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखना प्राथमिकताः जेसन रॉय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जेसन रॉय ने कहा है कि उन्हें अपनी मानसिकता और शरीर को पहले रखने के लिए मौजूदा आईपीएल 2024 सीजन से हटना पड़ा, जहां उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ खेलना था। रॉय के आईपीएल 2024 से हटने का मतलब था कि केकेआर को इंग्लैंड के साथी सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट को साइन करना पड़ा। श्रेयस अय्यर के पीठ के निचले हिस्से की चोट के कारण बाहर होने और शाकिब अल हसन के सीज़न के लिए उपलब्ध नहीं होने के बाद रॉय आईपीएल 2023 में केकेआर में आए और आठ मैचों में 35.63 की औसत और 151.60 के स्ट्राइक-रेट से 285 रन बनाए जिसमें दो अर्धशतक शामिल थे। मुझे लगता है कि इस साल के आईपीएल को मिस करना एक बहुत बड़ा निर्णय था। केकेआर ने पिछले साल एक अच्छे वर्ष के बाद मुझे रिटेन करके मुझ पर इतना भरोसा किया और पूरे साल और अन्य सभी प्रतियोगिताओं में उनके लिए उपलब्ध रहा, मुझे लगा जैसे मैं उनका एहसानमंद हूं।

रॉय ने द एथलीट्स वॉयस पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में कहा कि यह एक बहुत बड़ा निर्णय था, लेकिन मैंने यह निर्णय सिर्फ इसलिए लिया क्योंकि यह मेरी बेटी का पांचवां जन्मदिन था। मैं अपने साल की शुरुआत के बाद काफी थक गया था।

इस वर्ष, 2023 में भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम से बाहर होने के बाद, रॉय ने आईएलटी20 के दो मैचों में अबू धाबी नाइट राइडर्स का प्रतिनिधित्व करने से पहले डरबन के सुपर जाइंट्स के लिए एसए20 खेला। वह पीएसएल 2024 में क्वेटा ग्लैडियेटर्स के लिए खेलेंगे।

मैं बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेलकर आया हूं, इसलिए मैं केकेआर के प्रति बहुत ईमानदार था और हमारे बीच एक शानदार रिश्ता है। उन्होंने कहा, मैं क्यों नहीं आ रहा हूं, इस पर सहमति और इस तरह की बातें। वे पूरी तरह से समझ गए, इसलिए मैं इसके लिए उनका बहुत आभारी हूं, लेकिन मुझे खुद को सबसे पहले रखना था। रॉय की आईपीएल 2024 से वापसी भी दो साल पहले की सीख से हुई, जब उन्हें खेल से अनिश्चितकालीन ब्रेक लेने के लिए मजबूर होना पड़ा और गुजरात टाइटन्स के लिए आईपीएल 2022 से चूक गए। वह मेरे लिए बहुत बड़ी सीख थी, आप जानते हैं कि इस वर्ष यह निर्णय लेने में सक्षम होना, और यह एक निश्चित तरीके से दिख सकता है। लेकिन इसका किसी और से कोई लेना-देना नहीं है। यह आपका निर्णय है - मेरा एक युवा परिवार है, मैं एक वयस्क व्यक्ति हूं और मैंने बहुत सारे विचारों के बाद यह निर्णय लिया है। मैं सिर्फ एक सुबह उठा और सोचा, आप जानते हैं क्या - मुझे वास्तव में भारत के लिए उस उड़ान पर जाने का मन नहीं है।

उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि इस पर बहुत विचार किया गया है, और इसके बारे में बात करना बहुत आसान हो गया है और निर्णय लेना कहीं अधिक आसान हो गया है, सिर्फ इसलिए कि आप जानते हैं, खासकर पिछले अनुभवों से, कि यह आपके लिए क्या कर सकता है।

## हिटमैन बोले हम जीत सकते हैं भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, सन्यास पर कही ये बात...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्होंने अभी संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। घरेलू धरती पर विश्व कप का खिताब जीतने का मौका गंवाने के बाद रोहित को उम्मीद है कि भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2025 में खेलेगा। 36 वर्षीय रोहित, दक्षिण अफ्रीका में भारत की 2007 पुरुष टी20 विश्व कप जीत और इंग्लैंड में 2013 चैंपियंस ट्रॉफी जीत के सदस्य थे। वह और भारत घरेलू मैदान पर 2023 पुरुष वनडे विश्व कप खिताब जीतने की कगार पर थे, लेकिन अहमदाबाद में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार ने उन उम्मीदों को खत्म कर दिया। ये वही साल था जब भारत को लंदन के द ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ डब्ल्यूटीसी 2023 फाइनल में भी हार मिली थी।



रोहित ने ब्रेकफास्ट विद चैंपियंस के एक एपिसोड में कहा कि मैंने वास्तव में संन्यास के बारे में नहीं सोचा है। लेकिन, मैं नहीं जानता कि जिंदगी आपको कहां ले जाती है। मैं इस समय भी अच्छा खेल रहा हूं - इसलिए मैं सोच रहा हूं कि मैं इसे जारी रखूंगा। कुछ और साल और फिर, मुझे नहीं पता कि मैं वास्तव में वह विश्व कप जीतना चाहता हूं और 2025 में लॉर्ड्स में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होगा, उम्मीद है कि भारत इसमें सफल होगा।

# मैंने भारत में जो देखा, वो कहीं नहीं देखा...

## आईपीएल डेब्यू में धमाके के बाद मैकगर्क की जुबां पर आई दिल की बात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की युवा सनसनी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने आईपीएल डेब्यू में धमाका कर दिया। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का हिस्सा मैकगर्क ने शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। वन डाउन उतरे मैकगर्क के बल्ले से 35 गेंदों में 55 रन निकले। उन्होंने दो चौके और पांच छक्के ठोके। उन्होंने पृथ्वी शॉ (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 39 और कप्तान ऋषभ पंत (41) के संग तीसरे विकेट के लिए 77 रन की अहम साझेदारी की। डीसी ने 168 रन का टारगेट 11 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। मैकगर्क आईपीएल डेब्यू मैच में फिफ्टी जड़ने वाले 22वें खिलाड़ी हैं।

डीसी ने चोटिल पेसर लुंगी एनगिडी के रिप्लेसमेंट के रूप में मैकगर्क को स्क्वॉड में शामिल किया था। वह 50 लाख रुपये के बेस प्राइस पर डीसी से जुड़े थे। आईपीएल डेब्यू में यादगार पारी खेलने के बाद 22 वर्षीय मैकगर्क की जुबां पर दिल की बात आ गई। उन्होंने भारत की तारीफ की है। उन्होंने कहा कि भारत में आईपीएल में जैसे शानदार माहौल है, वैसा कभी अनुभव नहीं किया। उन्होंने मैच के बाद कहा, मैंने पिछले पांच-छह बाहर बैठकर बिताए हैं और मैदान पर उतरने के लिए उत्सुक रहा। मैं पहला गेम जीतने पर बेहद खुश हूं। मैं, बल्ले के बीच से खेलने की कोशिश की। बस गेंद को देखा और उसके अनुसार रिएक्ट किया, यही मैं पिछले 12 महीनों से कर रहा हूं और इसे क्यों ही बदलूं?

मैकगर्क से जब पूछा गया कि उनका सबसे ज्यादा पसंदीदा शॉट कौन-सा रहा तो कंगारू बल्लेबाज ने कहा, मुझे कवर के ऊपर का शॉट बहुत पसंद आया। मैं आमतौर पर ऑफ साइड पर इतने ज्यादा शॉट नहीं मारता। मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे मैं सीखना जारी रखूंगा। अपने स्ट्राइक रेट और साथ ही स्ट्राइक रोटेट करने पर फोकस कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यह एक स्किल है जो अनुभव के साथ आएगी और ज्यादा मैच खेलने से निश्चित रूप से इसमें मदद मिलेगी।

उन्होंने आगे कहा, मैं यहां (भारत में आईपीएल खेलना) आकर रोमांचित हूं। यह एक अलग दुनिया में कदम रखने जैसा है। मैंने पहले कभी ऐसा कुछ नहीं देखा। प्रत्यक्ष अनुभव शानदार रहा है। भारत में बेहतरीन वक्त गुजर रहा है।÷ बता दें कि दिल्ली की टीम लखनऊ के खिलाफ जीत के पॉइंट्स टेबल में 10वें स्थान से ऊपर उठकर नौवें पर पहुंच गई है। दिल्ली ने अब तक 6 मैचों में से दो जीते हैं। एलएसजी चौथे पायदान पर है।

### पहली आईपीएल पारी में नंबर 3 पर बल्लेबाजी करते हुए हाईएस्ट स्कोर

116 - माइकल हसी (सीएसके) बनाम पीबीकेएस, मोहाली, 2008
55 - जेक फ्रेजर-मैकगर्क (डीसी) बनाम एलएसजी, लखनऊ, 2024
54 - विद्युत शिवरामकृष्णन (सीएसके) बनाम डीसी, चेन्नई, 2008
54 - कुमार संगकारा (पीबीकेएस) बनाम सीएसके, मोहाली, 2008
54 - अंगकृष रघुवंशी (केकेआर) बनाम डीसी, विशाखापट्टनम, 2024

**कैंडिडेट्स शतरंज**

## गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले

**प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला**



**टोरंटो (कनाडा), एजेंसी।** रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा। अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा।

रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

**टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त** – सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं। मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला।

## धोनी की झलक के लिए फैन ने खरीदे 64,000 रुपए के आईपीएल टिकट, 3 बेटियों की फीस में की देरी




**नईदिल्ली, एजेंसी।** महेंद्र सिंह धोनी के भारत में एक से बढ़कर एक फैन है. उनकी दीवानगी फैंस के सिर पर चढ़कर बोलती है. धोनी के एक फैन ने दावा किया कि उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के टिकट को 64, 000 रुपये खर्च कर खरीदा, ताकि वो थाला का दीदार कर सकें. इसके लिए इस फैन ने बेटियों की स्कूल फीस में देरी कर दी. उन्होंने कहा कि वह पहले टिकट लेना चाहते थे, जिस वजह से उन्होंने अपनी 3 बेटियों की फीस में देरी कर दी. इस फैन के साथ उसकी तीन बेटियों ने थाला के मैच का दीदार किया.

सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में इस फैन दावा किया. चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में केकेआर के खिलाफ मैच के टिकट इस फैन ने 64 हजार रुपए खर्च कर खरीदे. धोनी 8 अप्रैल को आईपीएल 2024 में केकेआर के ख़ि़लाफ हुए मैच में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे. इस मैच को चेन्नई सुपर किंग्स ने 7 विकेट से जीता था. इस फैन ने दावा किया कि 64,000 रुपये खर्च कर जो टिकड खरीदे, उससे उन्होंने और उनकी 3 बेटियों ने मैच देखे. इस फैन ने दावा किया, मुझे टिकट नहीं मिला, इसलिए मैंने ब्लैक में 64,000 रुपये में टिकट खरीदे. मुझे अभी भी स्कूल की फीस जमा करनी है, लेकिन हम एमएस धोनी को सिर्फ एक बार देखना चाहते थे. इस फैन ने स्पोर्ट्सवॉक चेन्नई चैनल के साथ एक से यह बात कही.

**सोशल मीडिया पर फैन्स ने उठाए सवाल** – वहीं इस शख्स की बेटी ने एक वीडियो में कहा, मेरे पिता ने इन टिकटों को पाने के लिए बहुत मेहनत की है, जब धोनी खेलने आए तो हम बहुत खुश थे. हालांकि इस बात से सोशल मीडिया पर फैन्स काफी नाराज दिखे. उन्होंने शख्स की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े कर दिए, कई लोग इस फैसले की आलोचना करते हुए नजर आए.

चेन्नई की टीम आईपीएल 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी में खेल रही है. अब तक आईपीएल में उसने 5 मैच खेले हैं, जहां 3 में उसे जीत मिली है और 2 में हार. अब चेन्नई का अगला मुकाबला 14 अप्रैल को मुंबई इंडियंस से होगा ।

**गरीबी में आटा गीला...**

## लगातार हार के बीच आरसीबी को लगा तगड़ा झटका

**स्टार ऑलराउंडर मैक्सवेल हुए चोटिल**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए अब तक आईपीएल 2024 बहुत खराब रहा. टीम ने 6 मैच खेल लिए हैं, जिसमें उन्हें सिर्फ 1 में ही जीत नसीब हुई है. बेंगलुरु सीज़न में 1 जीत हासिल करने वाली इकलौती टीम है. 1 जीत के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर मौजूद है. अब इन मुश्किल हालातों के बीच टीम को बड़ा झटका लगा है. टीम का स्टार ऑलराउंडर चोटिल हो गया है. दरअसल आरसीबी के लिए बिग शो कहे जाने वाले स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल को अंगूठे में चोट लग गई है. एक रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में फील्डिंग के दौरान मैक्सवेल को चोट लगी थी. आकाश दीप की बॉलिंग पर ऑन साइड में फील्डिंग करते हुए मैक्सवेल का अंगूठा चोटिल हुआ था. चोट के बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे. बेंगलुरु अपना अगला मैच 15 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलेगी. हैदराबाद के खिलाफ मैक्सवेल बाहर हो सकते हैं.

**खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं मैक्सवेल** – मैक्सवेल ने अब तक इस सीज़न 6 पारियां खेल ली हैं, जिसमे 3 बार वह डक पर आउट हुए. इसके अलावा बाकी तीन पारियों में उन्होंने 03, 28 और 01 रन बनाया है. वहीं बॉलिंग में उन्होंने 4 विकेट झटके हैं.

**कौन हो सकता है मैक्सवेल का रिप्लेसमेंट?** – मुंबई इंडियंस के खिलाफ खेले गए पिछले मैच में बेंगलुरु ने ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन को प्लेइंग इलेवन से बाहर कर दिया था. अब हैदराबाद के खिलाफ खेले जाने वाले मुकाबले में एक बार फिर कैमरून ग्रीन को प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जा सकता है. इस बार ग्रीन को मैक्सवेल की जगह शामिल किया जा सकता है. अब देखना दिलचस्प होगा कि अगले मैच में मैक्सवेल की जगह किसे प्लेइंग इलेवन का हिस्सा बनाया जाता है. टीम 6 में से 5 मैच हार चुकी है ।

**आईपीएल-2024**

## आयुष बडोनी ने आईपीएल में एमएस धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के 17वें सीजन के 26वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया जिसमें ऋषभ पंत की कप्तानी में दिल्ली ने इस मैच को 6 विकेट से अपने नाम किया। इस मुकाबले में लखनऊ की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसमें उन्होंने 41 के स्कोर तक जहां अपने शुरुआती 2 विकेट गंवाए थे तो वहीं 94 के स्कोर तक टीम ने अपने 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से लखनऊ के लिए मैच में लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचना काफी मुश्किल दिख रहा था, लेकिन 24 साल के युवा खिलाड़ी आयुष बडोनी ने अरशद खान के साथ मिलकर स्कोर को 167 के स्कोर तक पहुंचा दिया। आयुष के बल्ले से 35 गेंदों में 55 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली जिसके दम पर उन्होंने आईपीएल में महेंद्र सिंह धोनी के एक खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

**आईपीएल में नंबर-7 की पोजीशन पर आया बडोनी का दूसरा अर्धशतक** – आयुष बडोनी को लखनऊ सुपर जाएंट्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में नंबर 7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करने के लिए मैदान पर भेजा था, जिसके बाद उन्होंने एक छोर से पारी को संभालने के साथ रनों की गति को भी बढ़ाने का काम किया। आयुष ने अरशद खान के साथ मिलकर 42 गेंदों में 73 रनों की साझेदारी। आयुष ने अपनी नाबाद 55 रनों की पारी के दम पर आईपीएल इतिहास में धोनी के खास रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। आईपीएल इतिहास में इस मुकाबले से पहले नंबर-7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए भारतीय खिलाड़ी के तौर पर सिर्फ धोनी ने ही 2 फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी, वहीं बडोनी जो पहले एक बार इस कारनामे को अंजाम दे चुके थे उन्होंने दूसरी बार ऐसा करने के साथ धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। बडोनी ने इससे पहले साल 2023 के आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लखनऊ के मैदान पर खेले गए मुकाबले में नंबर-7 की पोजीशन पर बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 59 रनों की पारी खेली थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दीपिका सिंह के साथ काम करके मुझे बड़ी बहन का प्यार अनुभव हो रहा है : सानिका अमित

**मुंबई, एजेंसी।** पूरे भारत में गृहिणियों का दिल जीतते हुए, कलर्स का 'मंगल लक्ष्मी' कुछ ही समय में घर-घर का पसंदीदा बन गया है। यह शो दो बहनों के सफर को खूबसूरती से दर्शाता है, जहां वे अपने जीवन में आगे बढ़ते हुए एक-दूसरे के परस्पर रिश्तों में उनके लिए सम्मान हासिल करने की कोशिश करती हैं। कहानी के अनुसार, मंगल (दीपिका सिंह द्वारा अभिनीत) को पूरे दिल से अपनी बहन लक्ष्मी (सानिका अमित द्वारा अभिनीत) का समर्थन करते हुए दिखाया गया है। वह लक्ष्मी की देखभाल अपनी बेटी की तरह करती है और उसके लिए ऐसा दूल्हा ढूंढने की कोशिश करती है, जो उसकी देखभाल करे और उसका सम्मान करे, कुछ ऐसा जिसका अनुभव मंगल ने खुद अपनी शादी में नहीं किया था। सानिका ने बताया कि उनके और दीपिका के बीच का रिश्ता मंगल और लक्ष्मी जैसा है। उन्होंने अभिनय में दीपिका के अनुभव से मिली सीख के बारे में बताया और उन उदाहरणों को याद किया जहां दीपिका ने कुछ शूटिंग सीन्स के दौरान उनकी मदद की थी। दीपिका कभी-कभी घर का बना खाना लाती हैं और उन्हें सेट पर घर जैसा महसूस कराती हैं। कलर्स के 'मंगल लक्ष्मी' में लक्ष्मी की भूमिका निभा रहीं सानिका अमित कहती हैं, मैं घर में बड़ी बहन हूं, लेकिन इस शो में मुझे छोटी बहन बनने का मौका मिला है! कलर्स के मंगल लक्ष्मी से, मेरी इच्छा इस तरह से पूरी हो रही है जिसकी मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी। दीपिका सिंह (मेरी मंगल दीदी) के साथ काम करना लाजवाब अनुभव है। साथ ही, कार्तिक, अदित और जिया के साथ शूटिंग करना मज़ेदार है। यह शो मेरे लिए किसी आम मनोरंजन से कहीं बढ़कर है; यह मेरे लिए इमोशन है। न केवल एक बहन जैसा बॉन्ड, बल्कि मेरा जासूसी का पहलू भी, जिसे मैं शो में तलाशती हूं, वह मज़ेदार है! और यह हमारे ऑन-स्क्रीन प्रदर्शन में दिखाई भी देता है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक यूं ही हमें अपना प्यार देते रहेंगे, जैसा कि वे शो को अब तक देते आए हैं।

### गाड़ी की स्पीड मीटर के पास ड्राइवर को लगाना होगा परिवार का फोटो

**लखनऊ, एजेंसी।** तेज रफ्तार में वाहन दौड़ा रहे चालक के सामने अगर उसके परिवार की तस्वीर आ जाए तो वह अधिक संवेदनशील होगा और रफ्तार कम कर लेगा। लगातार हादसों को रोकने के लिए परिवहन विभाग कुछ इसी तरह का प्रयास कर रहा है। दरअसल शासन ने फैसला लिया है कि परिवहन निगम की बसों और व्यावसायिक वाहनों में चालक की सीट के सामने उसके परिवार की फोटो अवश्य रूप से लगाई जाएगी। मकसद यह है कि गलत ड्राइविंग के दौरान परिवार की फोटो पर नजर पड़ते ही उसे अपने घर और बच्चों का ख्याल आ जाए और वह सावधानी से वाहन चलाने लगे। उत्तर प्रदेश में प्रमुख सचिव परिवहन की अध्यक्षता में 16 मार्च को लखनऊ में बैठक हुई। इस दौरान अपर पुलिस महानिदेशक सड़क सुरक्षा एवं यातायात ने आंध्र प्रदेश में किए जा रहे इस नवाचार के बारे में जानकारी दी। तय किया गया कि फोटो वाहन के स्पीड मीटर के पास लगेगी, जिससे कि चालक तेज रफ्तार में वाहन दौड़ाता है तो उसे परिवार का ख्याल आ जाए और रफ्तार कम कर ले।

### कश्मीर में मस्जिद बनाने के लिए बुजुर्ग गरीब ने दान किया अंडा, 2 लाख से अधिक में हुआ नीलाम

**कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के एक गांव में मस्जिद निर्माण के लिए बुजुर्ग गरीब का दान किया एक अंडा दो लाख से अधिक कीमत में नीलाम हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गांव में मस्जिद बनाने के लिए कई लोग सामने आए हैं। इनमें एक गरीब शख्स का दान किया अंडा भी था। यह घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि सोपोर के सेब शहर में ग्रामीणों द्वारा मालपोरा गांव में मस्जिद के लिए दान जुटाना शुरू करने के बाद एक गरीब बुजुर्ग ने मस्जिद के लिए एक अंडा दान किया। मस्जिद समिति ने अंडे को स्वीकार कर लिया और अन्य दान की तरह, इसे भी नीलामी के लिए रख दिया। शख्स द्वारा मस्जिद के लिए दान किया अंडा आकर्षण का केंद्र बन गया था। मस्जिद समिति के सदस्यों ने बताया कि अंडे की कई बार नीलामी की गई। प्रत्येक नीलामी के बाद खरीददान धन जुटाने के लिए इस अंडे को दूसरी नीलामी के लिए वापस मस्जिद समिति को दे दिया कर देते थे।

# दिल्ली में रैलियों की बुकिंग के लिए डीडीए और एमसीडी में कतारें

### किन जगहों पर पीएम की सभाएं?



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली में लोकसभा चुनाव के मतदान 25 मई को होंगे। इससे पहले सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव प्रचार को तेज करने के लिए सामुदायिक भवन, बड़े मैदान, ग्राउंड को बुक करना शुरू कर दिया है। दिल्ली नगर निगम के अधीन आने वाले रामलीला मैदान की मांग काफी ज्यादा है। कई राजनीतिक दलों की तरफ से इस मैदान में रैलियों के आयोजन करने के लिए बुकिंग की जा रही है। इसके अलावा निगम के 300 से अधिक सामुदायिक भवनों को भी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि सभाओं के लिए बुक रहा हैं।

इसके अलावा निगम के पार्कों व 100 से अधिक ग्राउंड व मैदान में भी राजनीतिक दलों की दिलचस्पी खूब है। अधिकारियों के अनुसार अब तक 50 फीसदी तक सामुदायिक भवन, ग्राउंड व पार्कों को बुक कराया गया है। यह आंकड़ा मई तक आते-आते और भी ज्यादा बढ़ जाएगा। द्वारका के आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि नरेश सिंह ने बताया कि शादियों का सीजन भी शुरू हो चुका है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के द्वारका जोन के खुले स्थानों, सामुदायिक भवनों को लोग शादी समारोह के आयोजन के लिए बुक करा रहे हैं। इसके अलावा दिल्ली के अन्य जगहों पर नगर निगम के सामुदायिक भवनों भी लोगों की पहली प्राथमिकता है। इसका कारण है कि बैंकवेट हॉल की तुलना में यह किफायती रेट पर उपलब्ध हैं। डीडीए के कुल 358 खुले स्थानों के लिए लगातार बुकिंग हो रही है। इसमें द्वारका जोन में 82, रोहिणी जोन में 109, नॉर्थ जोन में 55, साउथ जोन में 12, ईस्ट जोन में 100 खुले स्थानों को बुक कराया जा रहा है। इसके अलावा डीडीए के 26 पार्कों में समारोह के आयोजन के लिए भी बुकिंग हो रही है। साथ ही डीडीए के कुल 86 सामुदायिक भवन भी बुक हो रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार इन सभी जगहों की बुकिंग के लिए लगातार सूचना मांगी जा रही है। इन सभी जगहों को राजनीतिक दल बुक कर रहा हैं। साथ ही कई परिवार शादी समारोह के लिए भी बुकिंग कर रहा हैं।

### दिल्ली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर सेठी और जेलदार गैंग के दो शार्प शूटर दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मुठभेड़ के बाद गैंगस्टर नरेश सेठी और अजय जेलदार के दो शार्प शूटर्स को गिरफ्तार किया है। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों में रोहतक निवासी गौरव और पटौदी निवासी लक्ष्य शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक ऑटोमेटिक पिस्टल, दो कारतूस, और बाइक बरामद की है। आरोपी गौरव पर पहले से शराब की तस्करी के दो मामले दर्ज हैं।

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, दोनों आरोपी गैंगस्टर्स के कहने पर नजफगढ़ स्थित प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर फायरिंग कर फरार हुए थे। नजफगढ़ स्थित पवन प्रॉपर्टी के ऑफिस पर 14 अप्रैल को बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग की थी। मौके से नरेश सेठी-अजय जेलदार के नाम से एक पर्ची भी मिली, जिसमें एक करोड़ रुपये की डिमांड की गई थी। तभी से पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। पुलिस ने फायरिंग करने वालों की पहचान गौरव (28) और लक्ष्य (21) के रूप में की थी। दोनों मोटरसाइकिल से मौके पर पहुंचे थे और कथित तौर पर दो राउंड फायरिंग की थी। अपराध शाखा की नई दिल्ली रेंज (एनडीआर) ने दोनों बदमाशों का पता लगाने के लिए इंस्पेक्टर रामपाल के नेतृत्व में और एसीपी उमेश बर्थवाल की निगरानी में एक टीम गठित की थी।

## दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की लिस्ट
## आईजीआई एयरपोर्ट दसवें स्थान पर



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट को लेकर एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2023 के लिए सूची जारी की गई है। इसमें आईजीआई एयरपोर्ट दसवें स्थान पर रहा है। दुनियाभर में विमान से सफर करने वाले यात्रियों की संख्या वर्ष 2023 में 850 करोड़ रही है जो कोरोना से पूर्व होने वाली यात्राओं का 93.8 फीसदी है। रिपोर्ट के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं भी घरेलू विमानों की तरह तेजी से बढ़ी हैं।

एसीआई के निदेशक जनरल लुईस की तरफ से बताया गया है कि दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं तेजी से बढ़ी हैं। बीते कई वर्षों से अमेरिका का अटलांटा एयरपोर्ट लगातार यात्रियों की संख्या में नंबर एक पर बना हुआ है। वर्ष 2023 में यहां से 10.47 करोड़ यात्रियों ने सफर किया है। दूसरे नबंर पर दुबई एयरपोर्ट रहा है जहां से 8.7 करोड़ यात्रियों ने वर्ष 2023 में सफर किया है। वर्ष 2022 में दुबई एयरपोर्ट चौथे स्थान पर था। इस सूची में पांचवे नंबर पर टोक्यो अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट रहा है जो वर्ष 2022 में 16वें पायदान पर था।

दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट ने इस सूची में दसवें पायदान पर जगह पाई हैं। कोरोना से पूर्व वर्ष 2019 में आईजीआई एयरपोर्ट 17वं पायदान पर था। वर्ष 2023 में आईजीआई एयरपोर्ट से 7.22 करोड़ यात्रियों ने सफर किया है। विभिन्न एयरपोर्ट को लेकर यह आंकड़े 180 देशों से उड़ान भरने वाले विमानों एवं यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए जुटाए गये हैं। वर्ष 2022 के मुकाबले वर्ष 2023 में देशभर में यात्रियों की संख्या 27.2 फीसदी बढ़ी है। घरेलू उड़ान के यात्रियों की संख्या जहां वर्ष 2022 के मुकाबले 20.2 फीसदी बढ़ी है तो वहीं इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय उड़ान 36.5 फीसदी बढ़ी है। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशन ने दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में अटलांटा का हर्ट्सफील्ड-जैक्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट टॉप पर रहा है। इस लिस्ट में दुबाई हवाई अड्डे को दूसरा और डलास हवाई अड्डे को लिस्ट में तीसरा स्थान मिला है। इस लिस्ट में टॉप-10 में एक भारतीय एयरपोर्ट को भी जगह मिली है। दिल्ली का इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयपोर्ट को इस लिस्ट में शामिल किया गया है।

## 10 साल में हुई रजिस्ट्रियों की होगी जांच



**लखनऊ, एजेंसी।**
लखनऊ के विभूतिखंड थाने में दर्ज दो मुकदमों की विवेचना में जेसीपी कानून व्यवस्था ने लखनऊ में चल रहे फर्जी रजिस्ट्री का बड़ा फर्जीवाड़ा पकड़ा। खुलासा हुआ है कि रजिस्ट्री दफ्तर में फर्जीवाड़ा करने वाला गिरोह कुछ कर्मचारियों से साठगांठ कर फर्जी रजिस्ट्री कर जमीनों पर कब्जा कर रहा है। कई मामलों में जमीन पर कब्जा करने का प्रयास अभी तक हो रहा है। जेसीपी उपेन्द्र कुमार अग्रवाल ने इस खेल को उजागर करने वाले साक्ष्यों के साथ प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र लिखकर वर्ष 2000 के आस पास 10 साल में हुई रजिस्ट्रियों की जांच कराने को कहा है। इस जांच में और बड़ा खेल सामने आने की बात कही गई है। इस गिरोह में वकीलों के वेष में रहने वाली महिलायें भी शामिल हैं।

विभूतिखंड कोतवाली में 17 फरवरी 2024 को सॉफ्टवेयर इंजीनियर अजय सिंह ने एफआईआर दर्ज कराई थी कि शिवानी सिंह, मुकेश यादव, रणविजय सिंह, विजय कुमार, फैयाज, राम किशोर तिवारी, बबलू गुप्ता, राजीव भटनागर, अमित व वकील के वेश में आये 15-20 लोगों ने उनके प्लाट पर कब्जा करने का प्रयास किया। ये लोग डीवीआर भी लूट ले गए थे। विवेचना में आया कि इस प्लाट की रजिस्ट्री 29 अगस्त 2022 को राजकुमार से कराई गई है। राजकुमार से जब पूछताछ हुई तो उसका कहना था कि 12 अक्तूबर 2001 को ये प्लाट उनको एलडीए से आवंटित हुआ था। तफ्तीश में पता चला कि राजकुमार ने झूठ बोला था। उसकी रजिस्ट्री फर्जी है। सख्ती से पूछताछ में पता चला कि फैयाज नाम के शख्स ने राजकुमार के नाम पर ये फर्जी रजिस्ट्री 2022 में कराई थी। इसमें रजिस्ट्री का वर्ष 2001 लिखाया था। उसे दो लाख रुपये देने का लालच दिया था। उसके नाम पर खाता भी खुलवाया था। इस फर्जी रजिस्ट्री के आधार पर शिवानी के नाम रजिस्ट्री की गई। इस मामले में जांच के दौरान ही एक और जमीन के दस्तावेजों की जांच की गई। इसमें भी ऐसा खेल सामने आया। वर्ष 2001 में 10 दिसम्बर को उपनिबंधक द्वितीय सदर कार्यालय में दो विलेख संदिग्ध पाये गये। दोनों विक्रय विलेख की जांच में आया कि 157 से 170 तक के प्रस्तुतकर्ता का नाम अमीरा पुनवानी व पृष्ठ संख्या 31 से 48 तक लेख प्रस्तुत कर्ता क्रेता का नाम नैन सिंह अंकित है। इसमें भी फर्जी रजिस्ट्री का खेल हुआ।

जेसीपी उपेन्द्र अग्रवाल ने प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र लिखा है कि वर्ष 2000 या इसके आस पास के 10 सालों में हुई रजिस्ट्रियों की जांच करायी जाये। एक पत्र एलडीए को भी भेजा है। इसमें और बड़ा खेल सामने आने की सम्भावना व्यक्त की गई है।



## राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की छोटी बेटी ने बतौर सांसद ली शपथ

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) नेता आसिफा भुट्टो जरदारी ने नेशनल असेंबली में नवनिर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। उन्हें स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने सांसद के रूप में शपथ दिलाई। इसका वीडियो भी सामने आया है। आसिफा भुट्टो जरदारी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की छोटी बेटी हैं। पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की सबसे छोटी बेटी आसिफा जरदारी सिंध प्रांत के शहीद बेनजीराबाद क्षेत्र से नेशनल असेंबली सीट एनए-207 से निर्विरोध संसद सदस्य के रूप में चुनी गई थीं। यह सीट उनके पिता आसिफ अली जरदारी के राष्ट्रपति बनने के बाद खाली हुई थी। हाल ही में आसिफ अली जरदारी ने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली है। आसिफा भुट्टो जरदारी की बात करें तो उन्होंने राजनीति और समाजशास्त्र में स्नातक की डिग्री ली है। इसके अलावा उन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य और विकास में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की है। आसिफा भुट्टो जरदारी साल 2012 में पोलियो उन्मूलन के लिए सद्भावना राजदूत के रूप में कार्य कर चुकी हैं।

## ईरान-इस्राइल संकट को देखते हुए फिलहाल भारत नहीं आएंगे अमेरिकी एनएसए सुलिवन

### नई तारीखों का एलान जल्द करेंगे



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन अगले सप्ताह अब भारत नहीं आएंगे। उन्होंने ईरान-इस्राइल संकट को देखते हुए अपनी यात्रा स्थगित कर दी है। अमेरिका दूतावास के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि एनएसए सुलिवन आईसीईटी वार्षिक समीक्षा जल्द से जल्द आयोजित करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा, वह भारत के साथ गहरी परिणामी और बहुआयामी साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए व्यक्तिगत रूप से प्रतिबद्ध हैं।

**भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करना रहेगा जारी:** प्रवक्ता ने आगे कहा कि इसी तरह राष्ट्रपति बाइडन भी क्वाड नेताओं की अगली बैठक का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय-अमेरिकी लोगों के हित में काम करने के लिए भारत के साथ हमारे प्रयास जारी रहेंगे। साथ ही एक स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करना जारी रखेंगे।

**पहले भी स्थगित कर चुके हैं यात्रा:** इससे पहले बताया जा रहा था जैक सुलिवन 17 अप्रैल को दिल्ली पहुंचेंगे और 18 अप्रैल को उनकी बैठक होगी। हालांकि अब उनकी यात्रा स्थगित कर दी गई है। ऐसा नहीं है कि यह पहली बार है। सुलिवन पहले इस साल फरवरी में भारत आने वाले थे, लेकिन यक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया में उभरे संकट की वजह से वह दौरा स्थगित हो गया था। मई 2022 में पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच आईसीईटी समझौता हुआ था, जिसके तहत दोनों देश उभरती हुई प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग करेंगे।

**अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंध बनाने पर सबसे अधिक गर्व:** वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी से पूछा गया था कि अमेरिका पूर्वी एशिया में संधि सहयोगियों के साथ मजबूत होती सैन्य, रक्षा और सुरक्षा साझेदारी के संदर्भ में भारत के बारे में क्या सोच रहा है और क्या अमेरिका भारत को इस नेटवर्क के हिस्से के रूप में देखता है।

इस पर अधिकारी ने कहा था, मेरा मानना है कि यदि आप राष्ट्रपति से पूछें, तो एक चीज जिस पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह है अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंध बनाने के उनके प्रयास। मेरा मानना है कि हिंद-प्रशांत एवं हिंद महासागर तथा प्रौद्योगिकी जैसे अहम मुद्दों पर अमेरिका और भारत पहले से कहीं अधिक एकसाथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा था, मैं बस इतना कहूंगा कि मुझे लगता है कि अमेरिका-भारत संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं और हर संभव क्षेत्र में जैसे सुरक्षा, खुफिया, प्रौद्योगिकी, लोगों के बीच आपसी भागीदारी का स्तर शानदार रहा है।

## भूस्खलन के बाद इंडोनेशिया में कई लोग और घर मिट्टी में दबे, 33 की मौत; अफ्रीकी देशों में भी हालात खराब

**किन्शासा/तारा तोराजा, एजेंसी।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लेकर कजाखस्तान व रूस तक जारी बारिश-बाढ़ के चलते लाखों को जहां सुरक्षित जगहों पर शरण लेनी पड़ी, वहीं कई जगह भूस्खलन भी हुआ। इसमें कुल 33 लोगों की मौत हुई है। दक्षिण-पश्चिम कांगो में 15 लोग मारे गए व 60 लापता हैं। वहीं, इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर भूस्खलन के बाद बचाव दल ने 18 शव निकाले हैं। दो अब भी लापता हैं। कांगो के इडियोफा शहर के निकट बंदरगाह से कुछ दूरी पर भूस्खलन के बाद सात लोग जीवित मिले हैं। यहां बंदरगाह से आगे एक पहाड़ी की मिट्टी बारिश के कारण खिसकने से हालात बिगड़ गए। लापताओं की सटीक संख्या अफसरों के लिए फिलहाल बता पाना मुश्किल है, क्योंकि यहां लगने वाले बाजार में कई लोग बाहर से भी आए थे। उधर, इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर हुए भूस्खलन में 18 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। बचावकर्मियों ने मकाले गांव से 14 शवों को मलबे से निकाला, जबकि दक्षिण मकाले में चार शव मलबे से बाहर निकाले गए।

## अमेरिका ने ड्रैगन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा- छिपकर यूक्रेनी लोगों के खिलाफ रूस की मदद कर रहा चीन



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच दो साल से अधिक समय से युद्ध जारी है। इस जंग के थमने का आसार दूर-दूर तक नहीं दिख रहा है। इस बीच अमेरिका ने चीन पर आरोप लगाया है कि वह अपने शब्दों के उलट जाकर रूस की मदद कर रहा है। चीन हमेशा ही दावा करता है कि यूक्रेन-रूस युद्ध पर वह हमेशा निष्पक्ष रहा है। हालांकि, इन सबके बावजूद बीजिंग यूक्रेनी लोगों के खिलाफ मॉस्को की मदद कर रहा है। चीन जितनी तेजी से रूस की मदद कर रहा है, उतने ही तत्परता से बयानबाजी भी कर रहा। चीनी विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने पिछले साल दावा किया था कि सेना से जुड़ी चीजों के निर्यात के लिए, चीन ने हमेशा एक विवेकपूर्ण और जिम्मेदार रवैया अपनाया है। हालांकि, इस तरह के बयान सबूतों के सामने हास्यास्पद हैं, जो कुछ और ही बयां करते हैं। मध्य पूर्व में संकट बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने इस्राइल पर हमला कर दिया, जिससे दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के संकेतों के बीच कुछ सलाह दे रहे हैं कि चीन को वहां भी मध्यस्थता करने में मदद करनी चाहिए। वाशिंगटन डीसी स्थित इंटरनेशनल रिपब्लिकन इंस्टीट्यूट में काउंटरिंग फॉरेन ऑथोरिटेरियन इन्फ्लुएंस के वरिष्ठ सलाहकार जे माइकल कोल ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से चीन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के साथ काम नहीं किया है। यहां तक कि उसने उत्तर कोरिया का साथ भी नहीं दिया। दुनिया इस भ्रम में रहना कब बंद करेगी कि बीजिंग शांति के लिए भागीदार होगा वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों ने खुफिया जानकारी का खुलासा करते हुए दावा किया कि चीन रूस की सेना को फिर से खड़े होने में मदद कर रहा है। व्लादिमीर पुतिन द्वारा कीव पर हमले किए जाने के बाद चीन गुप्त रूप से धीरे-धीरे समर्थन बढ़ा रहा है। यह रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के पुनर्निर्माण से कमियों को दूर करने में मदद कर रहा है। समाप्ति के बाद से रूस अब अपने सबसे बड़े सैन्य-औद्योगिक विस्तार को प्राप्त कर रहा है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल क्रिस कैवोली ने हाल ही में गवाही दी थी कि रूस अपनी सेना को आसानी से फिर खड़ा करने में काफी हद तक सफल रहा। वास्तव में इसकी क्षमता काफी हद तक वापस बढ़ी है। बाइडन ने की थी शी जिनपिंग से बात राष्ट्रपति जो बाइडन ने दो अप्रैल को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ फोन पर बात की थी और इस मुद्दे को उठाया था। इस दौरान बाइडन ने रूस के रक्षा औद्योगिक आधार के लिए पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के समर्थन पर चिंता जताई थी। अमेरिकी सरकार के अधिकारियों ने अब एक बार फिर आरोप लगाया है कि रूस के रक्षा उद्योग में बढ़ोत्तरी होने पर चीन काफी हद तक जिम्मेदार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129